रांची, बुधवार | 26 फरवरी 2025 | वर्ष-26, अंक- 27, पृष्ठ-12 | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 13, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

₹3.00

महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्

## एक नजर

### रांची में सुबह-सुबह डोली धरती

**रांची।** रांची में भी मंगलवार की सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र बंगाल की खाड़ी था। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता क्या थी, इसका पता अभी नहीं चल पाया है। जब भूकंप आया तो आधे से ज्यादा लोग सो रहे थे। बता दें कि रांची के अलावा कोलकाता में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, मंगलवार सुबह 6:10 बजे बंगाल की खाड़ी में 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। जिससे पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता की धरती हिली। भूकंप का केंद्र बंगाल की खाड़ी में था और गहराई 91 किलोमीटर थी।

### 15 लाख का इनामी नक्सली आक्रमण गंझू गिरफ्तार

**चतरा।** 15 लाख का इनामी टीएसपीसी कमांडर गिरफ्तार। 05 राज्यों में 60 से ज्यादा हमलों में था शामिल, पुलिस से कई बार की थी मुठभेड़। प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के सेकेंड सुप्रीमों सह हार्डकोर ईनामी नक्सली रविन्द्र गंझू उर्फ आक्रमण गंझू को पुलिस ने किया है गिरफ्तार। प्रतापपुर थाना पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी। आधिकारिक पुष्टि नहीं, सूत्रों के हवाले से बड़ी खबर। कोयलांचल के चर्चित टेरर फंडिंग समेत दर्जनों दुर्दांत मामलों में एनआईए व चतरा समेत झारखंड, बिहार, बंगाल व उड़ीसा राज्य की विभिन्न थानों की पुलिस को थी लंबे समय से आक्रमण की तलाश थी।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

### बाबा धाम से लेकर रांची पहाड़ी मंदिर तक महाशिवरात्रि की धूम

# मुख्यमंत्री देवघर के मुख्य कार्यक्रम में होंगे शामिल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। देवघर के बाबा मंदिर में महाशिवरात्रि पर बुधवार की रात की भव्य शिव बारात में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी भाग लेंगे बुधवार की शाम 4:50 बजे विशेष विमान से देवघर एयरपोर्ट पहुंचेंगे 5:00 बजे कण स्टेडियम में शिव बारात का उद्घाटन होगा उसे मुख्य समारोह में शामिल होंगे उसके बाद रांची लौट आएंगे

वहीं, महाशिवरात्रि का पर्व रांची में खास तरीके से मनाया जा रहा है। राजधानी के सभी शिवालयों को अलग अलग तरीके से सजाया गया है। पहाड़ी मंदिर से अद्भुत और अलग तरीके से शिव बारात निकलेगी। साथ ही तरह तरह कि आकर्षक झाकियां भी निकाली जाएगी। पहाड़ी मंदिर से बुधवार 3 बजे शिव बारात निकाली जाएगी जिसमें देवलोक, देवी देवताओं की जीवंत झाकियां आकर्षण का केंद्र बनेगी। पहाड़ी मंदिर को निचे से लेकर ऊपर शिवालय तक दुल्हन की तरह सजाया गया है। रात के 3.30 बजे से ही भक्तों का पहाड़ी मंदिर में आना शुरू हो जाएगा। पहाड़ी मंदिर से मुख्यमंत्री द्वारा आरती के बाद 3 बजे शिव बारात निकलेगी जो बानो मंजिल रोड होते हुए, अपर बाजार से जेजे रोड होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक जाएगी, जिसके बाद बारात पिस्का मोड के बाबा विश्वनाथ मंदिर जाएगी, जहां शिव-पार्वती का विवाह होगा।

## महाशिवरात्रि पर बाबा के भक्तों पर होगी पुष्प वर्षा





**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति की महत्वपूर्ण बैठक केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी की सहमति से निर्णय लिया गया कि महाशिवरात्रि पर पहाड़ी मंदिर में आए हुए श्रद्धालुओं का सुबह 7:00 बजे से लेकर दोपहर के 12:00 तक पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा। काफी भीड़ होने के कारण महिलाएं बड़ी संख्या में बेहोश होती है वैसे महिलाओं के लिए पानी की बोतल की व्यवस्था की गई है।

### इन जगहों पर होगी **बेरेकेटिंग**

शिव बारात जुलूस निकलने पर कई जगहों पर बेरेकेटिंग की जाएगी- शनि मंदिर से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर, दुर्गा मंदिर से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर, मीनाक्षी गली से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर, सुखदेवनगर जाने वाली गली पर, बालाजी मंदिर के पास, सुलभ शौचालय से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर, गौशाला कटिंग से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर।

## आंखों देखा सदन

# बालू घाटों का मुद्दा सदन में गूंजा, बिहार से आ रहा बालू

- सीपी सिंह ने राज्य सरकार से दो हाइवा बालू मांगा

सुनील बादल

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र का दूसरे दिन सदन में बालू घाट का मुद्दा छाया रहा। बालू घाट की बंदोबस्ती और बालू की किल्लत के बाद ऊंचे दर पर बिक्री को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास किया गया। बीजेपी विधायक नवीन जायसवाल ने प्रश्नकाल के दौरान राज्य में बालू घाटों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में 444 बालू घाटों में से सिर्फ 20 बालू घाटों की बंदोबस्ती हो पाई है। बीजेपी विधायक ने कहा कि राज्य में बालू घाट की किल्लत पर राज्य सरकार क्या पहल कर रही है। नवीन जायसवाल ने सरकार से पूछा कि बालू प्रति हाइवा कितने में मिलेगा और कितने लोगों को राज्य सरकार ने फ्री में बालू दिया है? बीजेपी विधायक ने आरोप लगाया कि झारखंड में 44000 रुपये प्रति हाइवा बालू मिला रहा है। इस मुद्दे पर बीजेपी विधायक सीपी सिंह ने भी कहा की 2013 से बालू की किल्लत है। हेमंत सोरेन सरकार में हमेशा बालू की किल्लत होती है। राज्य सरकार को बताना चाहिए कि कितने अबुआ आवास और पीएम आवास में फ्री बालू दिया गया है। सीपी सिंह सदन में कहा कि मुझे दो हाइवा बालू चाहिए। इसके लिए कितना पैसा देना होगा, कहां देना होगा बताया जाए। बीजेपी विधायक सीपी सिंह ने कहा कि मैं भी बिहार का बालू उपयोग कर रहा हूं। बीजेपी विधायक मनोज यादव ने कहा कि बिहार से बालू आ रहा है। बालू घाट की बंदोबस्ती और बालू की किल्लत पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि राज्य में टैक्स नहीं देने वाले लोगों को फ्री में बालू दी जा रही है। 261 बालू घाटों का एलओआई हो चुका है। बाकी बालू घाटों का मामला प्रक्रियाधीन है।

शेष पेज 11 पर



### सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित

अभिभाषण पर चर्चा के बाद सदन की कार्यवाही गुरुवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और उसके समर्थन में सत्ता पक्ष के विधायकों द्वारा पक्ष रखे जाने पर भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सवाल उठाया।

## जैक पेपर लीक मामला : गिरिडीह के बरगंडा में छापा, 6 लोग गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** जैक पेपर लीक मामले में बड़ा अपडेट है। कोडरमा पुलिस ने गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र से 6 छात्रों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पेपर लीक मामले में कई संदिग्ध लोग गिरिडीह में रह रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने रात लगभग दो बजे गिरिडीह थाना क्षेत्र के न्यू बरगंडा के दो घरों में छापामारी की। इसके सभी को पूछताछ के लिए पहले हिरासत में लिया। गिरफ्तार किए गए 6 में से तीन छात्र जमुआ के रहने वाले हैं। ये सभी गिरिडीह में रहकर पढाई कर रहे थे। पुलिस की गिरफ्त में आए छात्रों में से एक कमलेश ने कई लोगों को दसवीं बोर्ड का प्रश्न पत्र परीक्षा के पूर्व बेचा था और 15 से 20 हजार रुपये की कमाई की थी। सभी 6 छात्रों को कोडरमा पुलिस अपने साथ ले गई है। इस छापामारी का नेतृत्व कोडरमा के एसडीपीओ अनिल सिंह कर रहे थे।

शेष पेज 11 पर



### मामले में मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार : डीजीपी

**रांची।** जैक बोर्ड मैट्रिक परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले में झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि गिरिडीह से प्रश्न पत्र लीक हुआ था। जब सील बंद प्रश्न पत्र ले जाया जा रहा था, तभी गिरिडीह में एक व्यक्ति ने ब्लेड से सील काटकर पेपर निकाल लिया था। इसके बाद उसने प्रश्न पत्र की फोटो कॉपी कराई और उसे वायरल कर दी। डीजीपी ने यह भी बताया कि इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता (किंगपिन) की गिरफ्तारी हो चुकी है और उससे गहन पूछताछ की जा रही है। इस मामले से जुड़े और भी कई अहम खुलासे हो सकते हैं। अनुराग गुप्ता ने बताया कि पुलिस पुलिस की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। अब तक कोडरमा, गिरिडीह, हजारीबाग और गढ़वा जिलों के कई कोचिंग संस्थानों पर छापेमारी की गयी है और करीब 10 लोगों को गिरफ्तारी किया गया है। उन्होंने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

## दिल्ली की अदालत ने सज्जन कुमार को सुनाई उम्र कैद की सजा

**1984 सिख विरोधी दंगा**

एजेंसी । नई दिल्ली



साल 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्र कैद की सजा सुनाई है। यह मामला 1 नवंबर 1984 को दिल्ली के सरस्वती विहार इलाके में दो सिख नागरिक जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह को जिंदा जलाने का है। इस दौरान सिखों का नरसंहार हुआ था और उनके घरों को आग के हवाले कर दिया गया था। अदालत ने गत 12 फरवरी को सज्जन कुमार को दोषी करार दिया था।

इस मामले को लेकर शुरूआत में पंजाबी बाग थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में जस्टिस जी.पी. माथुर कमेटी की सिफारिश पर गठित विशेष जांच दल ने आरोप पत्र दाखिल किया। समिति ने 114 मामलों को फिर से खोलने की सिफारिश की थी, जिनमें यह मामला भी शामिल था। अदालत ने 16 दिसंबर 2021 को सज्जन कुमार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 147, 148 और 149 के तहत दंडनीय अपराधों के साथ-साथ धारा 302, 308, 323, 395, 397, 427, 436 और 440 के साथ धारा 149 के तहत दंडनीय अपराधों के लिए आरोप तय किए।

शेष पेज 11 पर

### लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार को समन 11 मार्च को होना होगा पेश

**पटना।** लैंड फॉर जॉब मामले राजद अध्यक्ष लालू यादव को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव सहित अन्य लोगों को समन जारी किया है। यानी उन्हें अदालत के सामने पेश होना होगा। मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। दरअसल, इस मामले की जांच भारत की केंद्रीय एजेंसी सीबीआई (उइक) कर रही है। भ्रष्टाचार के इस मामले में उइक ने 78 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

**दिल्ली विधानसभा में कैग की रिपोर्ट पेश**

## आप की शराब नीति से 2000 करोड़ का घाटा

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शराब नीति से जुड़ी कैग की रिपोर्ट पेश की। 14 कैग रिपोर्ट में से आज पहली कैग रिपोर्ट विधानसभा में रखी गई है। कैग रिपोर्ट में कई बड़े खुलासे किए गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, आम आदमी पार्टी (आप) की न्यू एक्साइज पॉलिसी से दिल्ली सरकार को लगभग 2,002.68 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। विभिन्न चीजों से अलग-अलग राशियों का नुकसान हुआ, जैसे नॉन कंफर्मिंग वार्ड्स में रिटेल दुकान न खोलना (941.53 करोड़ रुपये), सेरेंडर्ड लाइसेंस का फिर से टेंडर न करना (890 करोड़ रुपये), कोविड-19 का हवाला देते हुए आबकारी विभाग की सलाह के बावजूद जोनल लाइसेंसधारियों को शुल्क छूट देने से (144 करोड़ रुपये) और क्षेत्रीय लाइसेंसधारियों से सही तरीके से जमा राशि एकत्र न करने से (27 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ है। नई शराब नीति में पहले एक व्यक्ति को एक लाइसेंस मिलता था, लेकिन नई नीति में एक शख़्स दो दर्जन से ज्यादा लाइसेंस ले सकता था।

पहले दिल्ली में 60 फीसदी शराब की बिक्री 4 सरकारी कॉर्पोरेशन से होती थी, लेकिन नई शराब नीति में कोई भी निजी कंपनी रिटेल लाइसेंस ले सकती है। शराब बिक्री का कमीशन 5 फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी किया गया।

शेष पेज 11 पर


## इंडिया

# भगदड़ से मिटती जिंदगी और दर्शक देश



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भीड़ में भगदड़ मचने से लोगों के मरने की खबर हमें बहुर परेशान नहीं करती क्योंकि अब इसकी आदत सी हो गई है पर क्या कभी हम इस भीड़ का हिस्सा नहीं बनेंगे ? महाकुंभ स्नान प्रयागराज में भगदड़ से 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। कुछ दिनों बाद ही नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई । ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण व दुःखद घटनाओं में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है पर ऐसा कोई स्थाई तंत्र या व्यवस्था विकसित नहीं हो पाई है जो भगदड़ की स्थिति पर नियंत्रण के लिए प्रशिक्षित हो ।भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। जांच आयोगों पर करोड़ों खर्च हुए पर इस पर काम नहीं हुआ कि अनुभवी लोगों के दल द्वारा इस बात का अध्ययन कर शोध आधारित एक रिपोर्ट बनाए कि किन कारणों से भगदड़ मचती है और कौन से ऐसे उपाय हैं जिन्हें मानक संचालन प्रक्रिया की तरह अपनाकर सरकारें भीड़ और भगदड़ को रोक सकती है या नियंत्रित कर सकती है । भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के अनुसार 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटना को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। विशेष रूप से हर राज्य के धार्मिक या सामाजिक आयोजनों में जहां लाखों या कुंभ की तरह करोड़ों की भीड़ होती है।भगदड़ बहुत ही खतरनाक और घातक स्थिति होती जब भीड़ क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है। भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में किसी



तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। अनियंत्रित भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना या बैरिकेड़ जैसी रोक को तोड़कर भागने लोग एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। बहुत भीड़-भाड़ वाली किसी लाइन में पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है ।27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी।

30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी ।14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी ।13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे के समापन के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी ।रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटना हो चुकी है ।पिछली दुर्घटनाओं से सीख लेकर जागरूकता भी फैलाई जानी चाहिए।

### सारंडा के जंगलों में चलाया जा रहा अभियान

## भारी मात्रा में नक्सलियों के हथियार और कारतूस बरामद



बरामद हथियार और कारतूस

नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा ।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जिला पुलिस बल को लगातार सफलता भी मिल रही है। इस बीच सारंडा वन क्षेत्र स्थित 197 सीआरपीएफ बटालियन के द्वारा गुआ थाना क्षेत्र के रोवांम के तुंबाका के घने जंगलों में सर्च अभियान चलाया गया।

इस दौरान नक्सलियों का सामान बरामद किया गया है। बरामद नक्सली सामानों में बंदूक, गोली, ग्रेनेड, गैस सिलेंडर, खाने-पीने का सामान, गोला बारूद व अन्य चीजें शामिल हैं।

**इससे पहले भी कई नक्सली हथियार हुए बरामद :** गुआ थाना प्रभारी नीतीश कुमार एवं सीआरपीएफ सेकेंड इन कमांड अरविंद ठाकुर के दिशा निदेर्शानुसार सर्च अभियान की शुरूआत की गई, जिसमें सीआरपीएफ के जवान व बटालियन शामिल थे। सारंडा वन क्षेत्र में मिली इस सफलता से जवानों में खासा उत्साह है। गुआ थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

शेष पेज 11 पर

# पेपर लीक मामले पर विपक्ष का विधानसभा में जमकर हंगामा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन विपक्ष ने जमकर हंगामा किया और सदन के अंदर और बाहर भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी की। झारखंड में चल रही मैट्रिक की परीक्षा के पेपर लीक के मामले में सरकार को विपक्ष ने घेरा। इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष विधानसभा में उलझते रहे जबकि विपक्ष ने गेट पर खड़े होकर नारेबाजी की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में विधानसभा के बाहर तख्तियां लेकर विधायकों ने नारेबाजी की। बाबूलाल मरांडी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पेपर लीक की घटना बिना सरकार की रजामंदी के नहीं हो सकती है। सरकार के लोग इस काम में शामिल हैं। ऐसे लोगों की पहचान कर जेल भेजा जाना चाहिए। भाजपा ने तत्काल सीबीआइ जांच की मांग की। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास ने मुखर होकर मुद्दे को उठाया और कहा कि सरकार ने महिलाओं और युवाओं को भ्रमित कर चुनाव जीतने की कोशिश की है। मैट्रिक परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जेएलकेएम के विधायक जयराम महतो भी मुखर थे उन्होंने कहा कि लगातार प्रश्न पत्र लीक की घटना सामने आ रही है। इस तरह की घटना तब तक होगी, जब तक सरकार कमजोर रहेगी और अफसरशाही हावी रहेगी। इस दौरान सत्ता पक्ष सदन के भीतर बचाव की स्थिति में नजर आयी। मैट्रिक परीक्षा के मुद्दे पर भाजपा विधायक सदन की कार्यवाही शुरू होते ही वेल में आकर हंगामा करने लगे। सरकार पर सवाल उठाते हुए विधायकों ने नारेबाजी की तो सरकार के पक्ष में विधायकों ने बचाव का काम किया। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और चमरा लिंडा ने कहा कि सरकार पूरे मामले की जांच कर रही है। धैर्य रखना चाहिए, विपक्ष को राजनीति करने से बाज आना चाहिए और जांच में सहयोग करना चाहिए। निरेल पूर्ति के सवाल पर रामदास सोरेन ने दिया जवाब, कई और सवाल उठे।




## घंटी आधारित शिक्षकों का मामला उठा

### कई मुद्दों पर नोंक झोंक

सदन की कार्यवाही के दौरान स्कूलों में घंटी आधारित शिक्षकों को केंद्र के अनुरूप मानदेय की मांग विधायक निरेल पूर्ती ने की। इस पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि नियमावली गठित करने की प्रक्रिया चल रही है। भाजपा विधायक नीराज यादव और राज सिन्हा ने सदन में मैट्रिक परीक्षा प्रश्न पत्र लीक के मामले में सीबीआइ की जांच की मांग की। बाद में विपक्ष ने हंगामा किया तो दोपहर दो बजे तक भोजनावकाश के लिए सदन की कार्यवाही को स्थगित किया गया। इस दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में झारखंड देश का अग्रणी राज्य है। इस दौरान प्रदीप यादव ने कहा कि मंईया सम्मान योजना की पूरे देश में चर्चा हो रही है। बिजली बिल माफ, अबुआ आवास योजना ने लोगों के दिलों पर राज कर लिया है। सभी राज्य अब मंईया योजना को लागू कर रहे हैं। दो बार किसानों का कर्ज राज्य सरकार ने माफ किया है। 2024-2025 में 7625 आवेदन को मंजूरी दी गयी और 738 करोड़ रुपये सब्सिडी लोन दिया गया है ताकि किसानी बेहतर हो सके। इस दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई, जिस पर भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सवाल उठाया और कहा कि राज्यपाल से झूठ पढ़ाया गया। शतरंज में वजीर और मनुष्य में यदि जमीर मर गया तो सब कुछ खत्म हो जाता है। सरकार को कम से कम असत्य का पुलिंदा राजयपाल से नहीं पढ़वाना चाहिए था। इस पर हंगामा खड़ा हो गया। झामुमो विधायक उमाकांत रजक और सीपी सिंह में बहस भी हुई। सीपी सिंह ने कहा कि टिकट नहीं मिला तो हाथी उड़ाने की बात बोल रहे है, झामुमो की बोली बोल रहे हैं। इसके बाद सदन की कार्यवाही को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## एनके एरिया में है ब्लास्टिंग से घर क्षतिग्रस्त

झारखंड में कोयला कंपनियों के द्वारा नियम के विरुद्ध विस्फोट के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने भी साथ दिया। नियम विरुद्ध विस्फोट के सवाल पर विधानसभा की समिति बनाने की मांग की। कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा ने खलारी में नियम के विरुद्ध विस्फोट का मुद्दा उठाया। एनके एरिया में नियम के विरुद्ध विस्फोट होने और आवास में दरार आने की का मुद्दा उठाया। कई आवास क्षतिग्रस्त हुए हैं और इसका मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने भी कहा कि इसका आकलन सरकार को कराना चाहिए। बीजेपी विधायक राज सिन्हा ने कहा कि कोयला खनन करने में मनमानी हो रही है। कोयला निकालने के लिए कोयला कंपनी किसी हद तक जाने को तैयार है। इस मामले में विधायकों की एक समिति बना दिया जाए। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि दीजीएमएस के मानक के अनुसार खनन और विस्फोट होता है। विस्फोट से आवास क्षतिग्रस्त होने की राज्य सरकार के पास कोई शिकायत नहीं है। अगर ऐसा है तो सरकार मुआवजा दिलाने का काम करेगी। मंत्री ने कहा कि इसकी जांच कराई जाएगी।

# जेएलकेएम नेता देवेंद्रनाथ ने राज्यपाल से की मुलाकात



- *प्रश्न पत्र लीक मामले में सीबीआई जांच कराने की मांग*
- *जैक 10वीं व 12वीं प्रश्न पत्र लिक आउट होने का सौंपा सबूत*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य में प्रश्न पत्र लिक आउट होने का मामला बेहद ही गंभीर होते जा रहा है। इससे राज्य के छात्रों में भारी नाराजगी चल रही है। झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा संचालित 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक आउट के मामले में जेएलकेएम के उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर मांग पत्र और पेपर लीक का ठोस सबूत पेन ड्राइव में सौंपा। देवेन्द्र नाथ महतो ने राज्यपाल से पेपर लीक प्रकरण का सीबीआई जांच करने, मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर त्वरित कड़ी कार्रवाई करने, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को पेपर लीक मामले पर श्वेत पत्र जारी करने का निर्देश देने और पूर्व विवादित वर्तमान जैक अध्यक्ष और सचिव को अयोग्य घोषित करते हुए निलंबित करने के मांग के साथ तत्काल जेपीएससी अध्यक्ष पद नियुक्त करने और जेपीएससी-1 और जेपीएससी-2 में घोटाले में चार्जशीट हुए पदाधिकारियों को तत्काल पद से निलंबित कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कि मांग की है।

मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने मीडिया को बताया कि राज्यपाल को अवगत कराया गया कि झारखंड राज्य पेपर लीक की परंपरा बन गई है, झारखंड सरकार के अधिकारियों के सहयोग से पेपर लीक गिरोह द्वारा झारखंड में मेधावी छात्रों की प्रतिभा का निरंतर कत्ल कर जघन्य अपराध किया जा रहा है, पेपर लीक से झारखंड राज्य कलंकित हो रहा है लेकिन फिर भी राज्य सरकार पेपर लीक प्रकरण पर उच्च स्तरीय जांच और न ही दोषियों को कड़ी कार्रवाई के प्रति गंभीर है। राज्यपाल से मुलाकात के लिए गए छात्र मंडली में देवेंद्रनाथ महतो, चंदन कुमार रजक, सुहानी कुमारी, खगेंद्रनाथ महतो, प्रदीप कुमार शामिल थे।

## राज्यपाल से मिले पूर्व सांसद



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को पूर्व लोकसभा सांसद पीएन सिंह ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल को उन्होंने धनबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में आमंत्रित किया।

## ओबीसी सर्वेक्षण व सदानों के मुद्दों को लेकर राजेंद्र प्रसाद के. राजू से मिले

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** ओबीसी का फर्जीवाड़ा सर्वे और मूलवासी सदानों के विभिन्न मांगों को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मंगलवार को झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू से मुलाकात की। राजेन्द्र प्रसाद ने कांग्रेस प्रभारी के. राजू को बताया कि राज्य में मूलवासी सदानों की आबादी 65 प्रतिशत है। जिसमें ओबीसी की जनसंख्या 55 प्रतिशत है। प्रसाद ने ट्रिपल टेस्ट के नाम पर ओबीसी सर्वेक्षण आंकड़ा संग्रहित करने में हो रहे फर्जीवाड़े की जानकारी कांग्रेस प्रभारी को दी। राजेन्द्र प्रसाद ने प्रभारी को जानकारी दी कि ओबीसी को झारखंड में 27प्रतिशत आरक्षण मिलता था उसे घटाकर 14 कर दिया गया। वहीं 112 प्रखंडों के तमाम पंचायत को आरक्षित कर दिया गया है, जिसमें ऐसे पंचायत भी हैं जहां जनजातियों की एक भी जनसंख्या नहीं है। मूलवासी सदानों कि हो रहे घोर उपेक्षा की पूरी जानकारी दी। प्रसाद ने प्रभारी से आग्रह किया कि झारखंड सरकार ओबीसी का सर्वेक्षण ईमानदारी से करे। कांग्रेस प्रभारी के.राजू ने राजेन्द्र प्रसाद से एक बार फिर से झारखंड की वास्तविकता पर लंबी बात करने की इच्छा जताते हुए दोबारा मिलने को कहा है। कांग्रेस प्रभारी और राजेन्द्र प्रसाद के बीच वार्ता के समय झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो, और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय भी उपस्थित थे।

### राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में चर्चा, हुआ हंगामा

# सभा का संचालन नियम के तहत हो : स्पीकर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन दूसरी पाली में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई। इस दौरान प्रश्नकाल और शून्यकाल भी आयोजित किए गए। हालांकि चर्चा के दौरान कई बार हंगामा भी हुआ।

स्पीकर ने कहा कि सभा का संचालन नियम के तहत ही हो रहा है। उन्होंने बताया कि सत्ता पक्ष के मुख्य दल द्वारा पक्ष रखे जाने के बाद भाजपा की बारी आएगी।



**राज्यपाल के अभिभाषण पर भाजपा का हमला :** भाजपा विधायक सीपी सिंह ने झारखंड विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अभी तो नई-नई सरकार बनी है, अभी किसी को कुछ नहीं कहेंगे।

**निश्चय पत्र में किए गए वादे :** सीपी सिंह ने निश्चय पत्र को दिखाते हुए कहा कि सरकार बनने के दो साल के भीतर नियुक्ति की जाएगी, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना का भी जिक्र किया, जिसमें कहा गया है कि प्रत्येक माह महिलाओं को 1000 रुपए दिया जाएगा, लेकिन जनवरी और फरवरी की राशि अभी तक नहीं मिली है।

**अतिक्रमण हटाओ अभियान और अपराधियों को संरक्षण :** सीपी सिंह ने रांची में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान का भी जिक्र किया और कहा कि इसका सीधा असर गरीबों पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है, खनिज लूट रही है और बालू लूट रही है। राज्य में छिनतई और हत्या की घटनाएं रोजाना हो रही हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**राज्यपाल के अभिभाषण को असत्य का पुलिंदा बताया :** सीपी सिंह ने राज्यपाल के अभिभाषण को असत्य का पुलिंदा बताया और कहा कि सरकार ने अपने वादों को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि रांची में पुलिस के संरक्षण में नशाखोरी हो रही है और अभ्यर्थी जेपीएससी कार्यालय के सामने पिंडदान कर रहे हैं। कहा कि 75 प्रतिशत निजी क्षेत्र में रोजगार मिल रहा है, लेकिन यह वादा पूरा नहीं हुआ है। पांच वर्षों तक उपयोग में नहीं लाई गई अधिग्रहित भूमि रैयतों को लौटाई जाएगी, लेकिन यह वादा भी पूरा नहीं हुआ है। गरीब महिलाओं को 2000 रुपये प्रति माह चूल्हा खर्च का वादा किया गया था, लेकिन यह वादा भी पूरा नहीं हुआ है।

**सरकार में बैठे लोगों में वफा ढूंढना बेकार :** भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सरकार में बैठे लोगों में वफा ढूंढना बेकार है, क्योंकि वे जहर की शीशी में दवा ढूंढ रहे हैं। राज्यपाल के अभिभाषण पर सवाल उठाए और कहा कि इसमें असत्य बातें कही गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को कम से कम ऐसे असत्य का पुलिंदा महामहिम राज्यपाल से नहीं पढ़वाना चाहिए। संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण ने सीपी सिंह के आरोपों का जवाब दिया और कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण को असत्य का पुलिंदा कहना सही नहीं है।

**माफियाओं की जेब में है लॉ एंड ऑर्डर :** रैयतों पर जुल्म ढाया जा रहा है और माफियाओं की जेब में है झारखंड का लॉ एंड ऑर्डर। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में संज्ञान नहीं लिया गया तो बाघमारा जैसी घटना मांडू में भी हो सकती है।

## मंईयां सम्मान योजना की पूरे देश में हो रही है चर्चा : प्रदीप



विधायक प्रदीप यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण के पक्ष में बोलते हुए कहा कि मंईयां सम्मान योजना की पूरे देश में चर्चा हो रही है और इसके साथ ही बिजली बिल माफी और अबुआ आवास योजना ने भी धूम मचा रखी है। यह योजना महिलाओं के सशक्तीकरण और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। झारखंड सरकार ने दो बार किसानों का कर्ज माफ किया है। पहली बार 50,000 रुपये तक का कर्ज माफ हुआ था, जबकि इस बार 2 लाख रुपये तक का कृषि ऋण माफ हो रहा है। 2024-25 में 7625 आवेदन स्वीकृत हुए, और 738 करोड़ रुपये सब्सिडी ऋण दिया गया है।

## कोयलांचल में रैयतों पर हो रहा जुल्म : जयराम महतो



जेएलकेएम विधायक जयराम कुमार महतो ने सदन में कहा कि कोयलांचल में रैयतों पर जुल्म हो रहा है। उनका आरोप है कि मांडू के कई गांवों में दो कंपनियां खनन करने वाली हैं, जिससे रैयतों को परेशानी हो रही है।

**महिलाएं धरना पर बैठीं :** इस मामले में पांच सौ से ज्यादा महिलाएं धरना पर बैठी हैं। उनकी मांग है कि उनकी बात सुनी जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए। विधायक जयराम कुमार महतो ने कहा है कि लगता है इस राज्य में ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन चल रहा है।

## ट्यूशन टीचर अमरेंद्र सिंह को नहीं मिली बेल जेल में ही रहना होगा

**रांची।** नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत करने के आरोप में जेल में बंद कोकर के हैदरअली रोड निवासी ट्यूशन टीचर अमरेंद्र कुमार उर्फ अमरेंद्र सिंह को अदालत ने राहत देने से इनकार किया है। पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। आरोपी को सदर पुलिस ने 28 जनवरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह जेल में है। आरोपी ने जमानत की गुहार लगाते हुए 11 फरवरी को याचिका दाखिल की थी। घटना को लेकर पीड़िता ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार सातवीं की छात्रा का कहना है कि वह शिक्षक अमरेंद्र सिंह के घर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। उसके साथ अन्य विद्यार्थी भी वहां पढ़ने जाते हैं। 27 जनवरी की रात सभी विद्यार्थी को भेजकर अमरेंद्र सिंह ने मुझे गणित पढ़ाने के नाम पर रुकने को कहा। इसके बाद अश्लील हरकत करने लगे, मुझे गलत नीयत से अपनी ओर खींच लिया और लाइट बुझा दिया। जब मैंने विरोध किया, तो कहा कि यह सब सामान्य बात है। किसी तरह वहां से भाग निकली। शिक्षक की गलत मंशा को देखते हुए मैं किसी प्रकार उससे खुद को छुड़ा कर भाग कर घर पहुंची।

### भाजपा ने सीएम आवास को ढाहने के मामले पर बोला हमला, उठाए सवाल

# क्या दिल्ली की तर्ज पर झारखंड भी शीश महल बनाने जा रहा है : प्रतुल शाहदेव

- *परिसर में बने हनुमान मंदिर की भव्यता पर आंच ना आए*

नवीन मेल संवाददाता





**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि झारखंड सरकार पूर्व के अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार से बहुत ज्यादा प्रेरित रहती है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संबंध भी अति मधुर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में अपने लिए शीश महल बनाना शुरू किया था। अब सूचनाओं आ रही है कि झारखंड में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसी का अनुसरण करने जा रहे हैं। आधिकारिक मुख्यमंत्री आवास जिसमें पिछले ढाई दशकों में अनेक मुख्यमंत्री ने निवास किया,उसको भवन निर्माण प्रमंडल - 1 ने टेंडर निकालकर जमींदोज कर दिया। पूरे तरीके से भवन को ढाहने का काम जारी है। प्रतुल ने कहा अब विभाग की लगातार उच्च स्तरीय बैठकें हो रही है ताकि नए भवन का डीपीआर बन सके। जो जानकारियां मिल रही है उस के अनुसार दिल्ली के शीश महल के तर्ज पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए एक सभी आधुनिक सुख सुविधा से लैस शीश महल बनाने पर चर्चा चल रही है। प्रतुल ने कहा कि दिल्ली की तर्ज में अनेक भवनों को हेमंत सोरेन ने मिलकर मुख्यमंत्री आवास बना दिया है। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के परिसर में स्थित हनुमान मंदिर के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं होगा।

## हजारीबाग में बन रहा है 500 बेड का अस्पताल : स्वास्थ्य मंत्री

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को ध्यानाकर्षण के तहत विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग सदर अस्पताल का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वहां ऑफलाइन पर्ची कटाने की भी व्यवस्था होनी चाहिए। ऑक्सीजन प्लांट और मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल मशीन भी बंद है। डॉक्टरों की कमी है। इंमरजेंसी दवाएं भी नहीं हैं। इस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि हजारीबाग में शेख भिखारी हॉस्पिटल 500 बेड का बन रहा है। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद सदर अस्पताल का लोड कम हो जायेगा। 25 मई तक भवन तैयार हो जाएगा। रिक्त पदों पर नियुक्ति की जा रही है। विधायक मथुरा प्रसाद महतो की ओर से पूछे गये डीएमएफटी के सवाल पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियमावली राज्य हित में नहीं है। इसमें संशोधन होना चाहिए। जितने भी खनिज हैं, सभी से रॉयल्टी आता है। वहीं, कोडरमा में करियावां मौजा को विस्थापित गांव की सूची में शामिल नहीं करने के सवाल पर भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि इसकी जांच कर विस्थापित गांव की सूची में शामिल किया जायेगा।

## आवास बोर्ड की 77वीं बैठक हुई



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान की अध्यक्षता में आवास बोर्ड 77वीं बोर्ड बैठक हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चचाएं हुई। इसमें बोर्ड की 76वीं बैठक 20 दिसंबर 2024 के कार्यवाही की सम्पुष्टि हुई। राज्य सरकार के कर्मियों को देय महंगाई भत्ता की दरों के अनुरूप झारखंड राज्य आवास बोर्ड के कर्मियों को देय महंगाई भत्ता की दर 50 प्रतिशत की विद्यमान दर से 3 प्रतिशत बढ़ाकर 53 प्रतिशत की दर से अभिवृद्धि की धतणोत्तर स्वीकृति दिया गया। इसके अलावा कई मांगों पर सहमति बनी। बैठक में आवास बोर्ड के मनोनीत सदस्य अभिलाष साहू, नितिन अग्रवाल, गुलाम अहमद गोकुल,प्रबंध निदेशक अमित कुमार, सचिव विनय मनीष लकड़ा, आदि उपस्थित थे।

# एनसीसी व एनएसएस की भूमिका अहम : राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि एनसीसी और एनएसएस की भूमिका राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ये संगठन युवाओं को सामाजिक सेवा, राष्ट्रभक्ति और अनुशासन की दिशा में प्रेरित करते हैं। रक्तदान, साक्षरता अभियान, पौधरोपण, स्वच्छ भारत मिशन, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में इनकी सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही है। राज्यपाल मंगलवार को राजभवन में आयोजित एट होम कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों को गणतंत्र दिवस शिविर-2025 में झारखंड राज्य का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व करने के लिए बधाई देते हुए बोल रहे थे। उन्होंने एनसीसी से अपने जुड़ाव का स्मरण करते हुए कहा कि छात्र जीवन में उनका भी एनसीसी से गहरा नाता रहा है और सैन्य सेवा की ओर उनका झुकाव था। हालांकि आपातकाल के दौरान जेल जाने के बाद उनका जीवन एक नया मोड़ ले लिया और वे राजनीति में सक्रिय हो गए। बरेली की जनता के स्नेह से वे आठ बार लोकसभा सांसद चुने गए और अब झारखंड राज्य के राज्यपाल के रूप में अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

**राजभवन में आयोजित एट होम कार्यक्रम**




राज्यपाल ने महिला सशक्तिकरण की चर्चा करते हुए एनसीसी और एनएसएस में बेटियों की बढ़-चढ़कर भागीदारी को एक उज्ज्वल उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां आज अपने साहस और नेतृत्व क्षमता से देश और समाज को नई दिशा दे रही हैं, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के 'युवा शक्ति, विकसित भारत' के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करने में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने कहा कि एनसीसी और एनएसएस देश की विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जहां भारत के विभिन्न राज्यों के छात्र-छात्राएं एकजुट होकर अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व की भावना का विकास करते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, एनसीसी के एडीजी, बिहार-झारखंड मेजर जनरल एएस बजाज, एनसीसी के वरीय पदाधिकारी, एनएसएस के समन्वयक, एनसीसी के कैडेट्स एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली ने चलाया सदस्यता अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में दुर्गा सोरेन चौक पर सदस्यता अभियान चलाया गया। इसमें मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, बीरू तिर्की, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा, झब्बूलाल महतो एवं बीरू साहू, कलाम आजाद, अफरोज आलम, मंटू लाला, विलयम रिचर्ड लकड़ा, आदिल इमाम, शांति तिर्की, सज्जाद अंसारी, अंशु लकड़ा, सीमा लकड़ा, अनिमा एक्का, सुनीता लिंडा, राजेश सिंह, सोहेल खान, नीतू लिंडा, संजय ठाकुर, विजय रविदास, लाडले खान, गोपाल पांडेय, मो गुड्डू, राजकुमारी टोपनो, अरविन्द ठाकुर, लक्ष्मण राम, कुलदीपक कुमार, हरीश महतो, राकेश, मो कलाम, मंजीत कुमार एवं अन्य महानगर के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

सदस्यता अभियान के दौरान झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख, सदस्यों और रांची जिला व महानगर के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी लोगों को पार्टी के विचारधारा से अवगत कराया गया।

# इलाज कराने गए थे दिल्ली, 32 लाख नगदी के साथ जेवरात की चोरी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजधानी के सदर थाना क्षेत्र के एक घर से 32 लाख रुपए गायब कर दिए गए। पीड़ित का आरोप है कि उनके मकान मालिक के द्वारा ही पैसे और गहने गायब किए गए हैं। मामले की जानकारी मिलने के बाद सदर पुलिस जांच में जुटी हुई है। दरअसल, रांची के सदर थाना क्षेत्र के इलाही बक्श कॉलोनी के रहने वाले मोहमद वसीम जावेद इलाज करवाने के लिए दिल्ली गए हुए थे। इसी दौरान वसीम के घर में रखे स्कूटी के डिक्की से अज्ञात चोरों के द्वारा 32 लाख 50 हजार रुपए चोरी कर लिए गए। जानकारी के अनुसार मो वसीम ने जमीन खरीदने के लिए 32 लाख 50 हजार रुपए जमा किए थे। वसीम ने बताया कि सुरक्षित रहने की नीयत से अपने स्कूटी के डिक्की में रखे थे। इसी बीच 10 फरवरी को उन्हें अपने इलाज के सिलसिले में दिल्ली जाना पड़ा, मंगलवार को जब वे दिल्ली से लौटे तो उनके घर का ताला बंद था। लेकिन घर में चोरी की गई थी।

### मकान मालिक पर लगाया चोरी का आरोप

मोहम्मद वसीम जावेद ने अपने माकन मालिक पर ही चोरी का आरोप लगाया है। वसीम का आरोप है कि पैसे के बारे में उनके मकान मालिक को जानकारी थी। वसीम ने बताया कि उनके घर का न ताला टूटा है और ना ही दरवाजा, स्कूटी की चाभी घर के अंदर ही थी, जिसे लेकर स्कूटी खोलकर उसमें से पैसे गायब किए गए हैं। वसीम ने बताया कि पैसे के साथ-साथ लगभग तीन लाख रुपए के गहने भी गायब किए गए हैं। वसीम कपड़ा के व्यापारी हैं।

### बिना ताला तोड़े चोरों ने उडा लिए 32 लाख रुपए

मामले की जानकारी मिलने पर सदर थाना प्रभारी वसीम के घर पहुंच कर जांच की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि न घर का ताला टूटा है और न ही दरवाजा तोड़ा गया है। चोरी की वारदात को कैसे अंजाम दिया गया, यह अपने आप में सवाल है जिस पर जांच की जा रही है। मोहम्मद वसीम इतनी बड़ी रकम स्कूटी के डिक्की में क्यों रख कर गए थे, यह भी सवाल है। पूरे मामले को लेकर जांच की जा रही है। मोहम्मद वसीम के द्वारा अपने माकन मालिक पर आरोप लगाया गया है इस मुद्दें पर भी जांच कि जा रही है।

# हैंडलूम सेक्टर में काम करने वालों के सहयोग के लिए सरकार है तैयार : अरवा राजकमल

- स्टेट हैंडलूम एक्सपो 2024- 25 का उद्योग सचिव ने किया उद्घाटन
- मोरहाबादी मैदान में 25 फरवरी से 10 मार्च तक चलेगा एक्सपो
- निशुल्क होगी एंट्री, सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा एक्सपो
- एक्सपो में हुनरमंदों को मिलेगा मंच और बाजार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार इस तरह का स्टेट हैंडलूम एक्सपो ऑगेनाईज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक्सपो एक ऐसा प्लेटफार्म है जो न केवल झारखंड के हैंडलूम सेक्टर में काम करने वाले बुनकरों को प्रोत्साहित कर रहा है बल्कि पूरे देश के अन्य राज्यों को भी मंच दे रहा है। वह आज मोराहबादी मैदान में स्टेट हैंडलूम एक्सपो के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड एक विकसित होता हुआ राज्य है, यहां के लोग काफी कला प्रेमी हैं। यहां की संस्कृति में जो कला है, उसका स्वरूप यहां की कलाकृतियों में दिखाई देती है। हैंडलूम एक्सपो हर साल यहां ऑगेनाईज करने के लिए हम लोग एक संकल्प लेंगे और जो बुनकर समिति हैं उन्हें शेड बनाने से लेकर, उनके मशीन लगाने तक कई सारे सब्सिडीज सरकार के द्वारा दिया जाएगा।

प्रति साल सैकड़ो की संख्या में इस तरह का सहयोगी समितियां को भी हम लोग राशि प्रदान करने का काम किया करते हैं। इस साल भी मैं आपको उम्मीद दिलाता हूं कि बजट के अनुरूप ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को चयनित करके हम लोग इस योजना का लाभ उनको देंगे।



### एक्सपो क्रय-विक्रय के समन्वय का एक बेहतरीन मंच: कीर्ति श्री

झारक्राफ्ट की एमडी कीर्ति श्री ने कहा कि झारक्राफ्ट के द्वारा पहली बार स्टेट हैंडलूम एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 80 से अधिक स्टॉल हैं। देश के विभिन्न कोने से हमारी बुनकर कम्युनिटीज ने अपना स्टॉल लगाया है। यह एक्सपो बॉयर और सेलर के बीच में एक समन्वय स्थापित करने के लिए और बुनकर कम्युनिटीज को एक विश्व एवं राज्य स्तर पर एक पहचान दिलाने के लिए मंच है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां वे अपने सारे प्रोडक्ट्स को गुणवत्ता के साथ खरीद और बेच सकते हैं। ये हम सौभाग्य समझते हैं कि यह हैंडलूम एक्सपो ऑगेनाईज करने का हमें मौका मिला है।

### दस मार्च तक चलेगा स्टेट हैंडलूम एक्सपो

25 फरवरी से 10 मार्च तक स्टेट हैंडलूम एक्सपो चलेगा। एक्सपो में बंगाल, बिहार, ओडिसा,छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में आए बुनकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा झारखंड के बुनकर केंद्र के 80 स्टॉल भी लगाए गए हैं।

### लाभुकों को लूम, वर्कशेड और ट्रेनिंग हेतु स्वीकृति पत्र का वितरण

कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान उद्योग सचिव श्री अरवा राजकमल के हाथों बुनकर से जुड़े लाभुकों के बीच लूम वितरण, वर्क शेड स्वीकृति पत्र, और ट्रेनिंग हेतु पत्र का वितरण किया गया। स्टेट हैंडलूम एक्सपो उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से निदेशक उद्योग श्री सुशांत गौरव, एमडी जिडको श्रीमती आकांक्षा रंजन, सीईओ मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड श्री हिमांशु मोहन, एमडी श्रीमती प्रेरणा दीक्षित सीईओ खादी बोर्ड श्रीमती सुमन पाठक, जीएम झारक्राफ्ट पंकज कुमार साव सहित राज्य और अन्य प्रदेशों से आए बुनकर मौजूद थे।

क्षमता आवश्यकता मूल्यांकन, कार्यशाला

# झारखंड में महिला किसानों और वैज्ञानिकों को मजबूती मिलेगी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (आईएसएआरसी) ने भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के साथ साझेदारी में बायोटेक किसान हब के तहत बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में क्षमता आवश्यकता मूल्यांकन (सीएनए) पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह पहल, आईआरआरआई-डीबीटी सहयोगी परियोजना खाद्य सुरक्षा और आय में वृद्धि के लिए कृषि में तकनीकी नवाचार का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य महिला किसानों और वैज्ञानिकों को चावल आधारित कृषि-खाद्य प्रणालियों को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है।

यह परियोजना झारखंड सहित भारत के सात प्रमुख चावल उत्पादक राज्यों में फैली हुई है। कार्यशाला का उद्देश्य कृषि में महिलाओं के लिए प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन करना, चावल आधारित कृषि प्रणालियों, मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण में तकनीकी प्रगति और उद्यमशीलता के अवसरों को बढ़ावा देना था।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन बीएयू कुलपति डॉ एससी दुबे ने किया, जिन्होंने लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से महिला किसानों को सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि आगामी प्रशिक्षण में बीज चयन, कृषि तकनीक, मिट्टी और पोषक तत्व प्रबंधन, कटाई, कटाई के बाद प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से बाजार संपर्क विकास सहित आवश्यक कृषि पद्धतियों को शामिल किया जाएगा।

कार्यशाला में दुमका, धनबाद, कांके और जामताड़ा की 20 महिला किसानों और केवीके प्रमुखों ने समूह चर्चा, एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण, क्षमता आवश्यकताओं का आकलन और प्रशिक्षण आवश्यकताओं की सहभागितापूर्ण प्राथमिकता सहित संवादात्मक गतिविधियों में भाग लिया।

## डोरंडा कॉलेज के टेंडर में पारदर्शिता लाने समेत 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**रांची।** डोरंडा कॉलेज की समस्याओं के समाधान और टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग करते हुए अबुआ अधिकार मंच का प्रतिनिधिमंडल अमित तिर्की के नेतृत्व में मंगलवार को कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा से मिला। इस बीच 12 सूत्री मांगपत्र भी सौंपा गया। कहा कि कॉलेज टेंडर प्रक्रिया को विज्ञापन और प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रकाशित कराकर पारदर्शी तरीके से पूरी करानी चाहिए। तिर्की ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए यहां कैंटीन नहीं है। कंप्यूटर लैब में प्रैक्टिकल की कक्षाएं नहीं चलती और लैब का सॉफ्टवेयर भी अपडेट नहीं है। मांग की कि कॉलेज के डॉ राधाकृष्णन सभागार के मुख्य द्वार पर उनकी प्रतिमा लगाई जाए। तिर्की ने कहा कि वोकेशनल कोर्स में टूर के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर भी ले जाने समेत कई और मांगों को रखा। प्राचार्य ने मांगों पर समाधान का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में पीयूष गुप्ता, राहुल कुमार, विशाल गुप्ता, ओम, दीपक मुंडा, सकेश उरांव आदि शामिल थे।



## एनएसएस का विशेष शिविर आयोजित



**रांची।** संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी यूनिट 3 डॉ पम्पा सेन विश्वास के तत्वाधान में एनएसएस का विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम का समापन तीन मार्च को होगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार, प्रोफेसर इंचार्ज डॉ बोनिता दिवाकर, डॉ सुखदेव साहु, ब्लू बर्ड स्कूल की प्राचार्य बर्मा के दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुआ। एनएसएस के विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि सभी व्यक्ति को एनएसएस का प्रतिनिधि बनना चाहिए। इससे जीवन का विकास सुचारू रूप से होता है। डॉ पम्पा सेन विश्वास ने कहा कि 7 दिवसीय कार्यक्रम में पंडरा गांव में भ्रमण कर स्वस्थ संबंधित, कार्यक्रम, पौधरोपण, महिला सशक्तीकरण, नशा मुक्ति, शिक्षा संस्कृति, नुक्कड़ नाटक, रैली पोस्टर के साथ इत्यादि विषयों पर पर सर्वे होगा।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर रात 10 बजे से रोक

**रांची।** एसएसपी चंदन सिन्हा ने महाशिवरात्रि के मौके पर डीजे बजाने को लेकर आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार रात के दस बजे से सुबह के छह बजे तक लाउड स्पीकर, डीजे और अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पर रोक लगाया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 की धारा-2 के आलोक में हाइकोर्ट द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया गया है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का दिए गए प्रतिबंधित अवधि के दौरान प्रयोग किये जाने की सूचना रांची पुलिस के कंट्रोल रूम के फोन नंबर- 9798300836 और 898779664 पर अथवा डायल-112 पर दी जा सकती है।

## मारपीट मामले में 14 दोषियों को चेतावनी देकर कोर्ट ने किया रिहा



**रांची।** एससी/एसटी अधिनियम मामले के विशेष न्यायाधीश मनीष रंजन की अदालत ने मंगलवार को 8 साल पुराने अत्याचार निवारण अधिनियम के साथ भादवि की कई धाराओं के तहत ट्रायल फेस कर रहीं तीन महिला समेत 14 आरोपियों को दोषी ठहराया है। साथ ही अदालत ने सभी आरोपियों को उचित चेतावनी के बाद रिहा कर दिया। आगे शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया है। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अमरेंद्र कुमार ओझा ने पक्ष रखा था। मामले में प्रतिमा देवी, धनेश्वरी देवी, चमेली देवी, मुकेश कुमार साहू, परमेश्वर हजाम, उज्जवल पोद्दार, उमेश प्रसाद गुप्ता, बीरेंद्र कुमार साहू, चंडी चरण पोद्दार, कंचन दुबे, रॉबिन प्रमाणिक, अमर पोद्दार, राम सुंदर साहू एवं धनश्याम रविदास को अदालत ने चेतावनी देकर रिहा किया। यह प्राथमिकी सिल्ली थाना क्षेत्र के पतराहातू पंचायत के मुखिया रास बिहारी बड़ाइक ने सिल्ली थाना में 15 फरवरी 2017 को दर्ज कराई थी। घटना के पीछे कारण यह बताया गया कि मुखिया कार्यालय में बैठक कर रहे थे, तभी मुकेश कुमार साहू आरोपियों के साथ पहुंचे और राशन कार्ड रद्द करने को लेकर हंगामा किया और मारपीट कर जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया था।

आज / कल




# राज्यपाल को तसर उद्योग की दी गई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर सीएसबी-केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक डा एनबी चौधरी ने तसर रेशम उद्योग की जानकारी दी। वहीं राज्यपाल के तसर रेशम उद्योग के प्रति गहरी रुचि और समय-समय पर दिए गए मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

राज्यपाल से मुलाकात के दौरान निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने संस्थान द्वारा तकनीकी हस्तांतरण, अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों का जिक्र किया। वहीं अवगत कराया कि विभिन्न प्रकार की नई तकनीकी प्रक्षेत्र में अपनाया जा रहा है। जिसके माध्यम से इसे आगे बढ़ाने एवं प्रभावी क्रियान्वयन साथ ही साथ अनुसंधान को कृषकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

तसर कृषकों की आय बढ़ाने में एकीकृत कृषि प्रणाली को अपनाने की नई तकनीक अपनाकर तसर रेशम का उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में चर्चा किया। सीएसबी-केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के वैज्ञानिक डा. जयप्रकाश पाण्डेय चर्चा के दौरान उपस्थित थे। निदेशक डॉ. एन.बी. चौधरी ने बताया कि वैज्ञानिक, शिक्षाविद, सहयोगी, प्रगतिशील किसान, उद्योग साझेदार, गैर-सरकारी संगठन एवं तसर रेशम उद्योग से जुड़े अन्य सहयोगी के साथ सामूहिक मंथन के द्वारा समन्वित प्रयास चल रहा है । सीएसबी-सीटीआरटीआई, रांची को हाल के वर्षों में नवाचारों व अनुसंधान कार्यों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के प्रयास की चर्चा किया एवं तसर उद्योग से जुड़े लगभग 3.5 लाख परिवारों व विशेष रूप से महिलाओं, जनजातीय ग्रामीणों को आजीविका प्रदान करने में संस्थान के समर्पित कार्य की चर्चा किया ।

# 15 देशों की चयनित 56 फिल्मों से सजेगा छठा जिफ्फा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कला-संस्कृति मंत्रालय एवं झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कार्पोरेशन के सहयोग से छठे झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन 1 और 2 मार्च को झारक्राफ्ट के संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी मैदान में किया जा रहा है। पिछले 5 वर्षों से झारखंड फिल्म नीति के अंतर्गत आयोजित होते आ रहे झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव(जिफ्फा) में झारखंड की कला-संस्कृति एवं फिल्म उद्योग के साथ-साथ परंपरागत कलाकृतियां, पारंपरिक भोजन, हैंडीक्राफ्ट एवं पेंटिंग्स के विकास के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ।


- **कई स्कूलों में किया जाएगा मोटिवेशनल फिल्मों प्रदर्शन**

इस बार आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन 1 मार्च को झारखंड के कला और संस्कृति मंत्री सुदीव्य कुमार करेंगे। मौके पर पूरे प्रदेश के 200 क्षेत्रीय कलाकारों के प्रशस्तिपत्र दे कर सम्मानित किया जाएगा। उसके बाद वैश्विक स्तर पर आई 16 देशों की 232 फिल्मों में से चयनित 56 लघु फिल्मों, फीचर फिल्मों व डॉक्युमेंट्री आदि का निःशुल्क प्रदर्शन किया जाएगा, साथ ही फिल्म महोत्सव निदेशालय भारत सरकार द्वारा प्रदत्त 'में हूं कलाम','भाग मिल्खा भाग' और मेरीकॉम जैसी प्रेरक बाल उपयोगी फिल्मों का भी प्रदर्शन रांची के विभिन्न स्कूलों के छात्रों के समक्ष किया जाएगा।

साथ ही केरल से दो मोटिवेशनल फिल्में भी इस फिल्म महोत्सव में चयनित की गई है, जिसका प्रदर्शन झारखंड मलयालम एसोसिएशन के बैनर तले कैराली स्कूल में 1 मार्च को किया जाएगा झारक्राफ्ट द्वारा 25 फरवरी से 10 मार्च तक आयोजित पूरे झारखंड से चयनित कुटीर उद्योगों, हैंडीक्राफ्ट शिल्प मेले में आयोजित दो दिवसीय जीफा के माध्यम से झारक्राफ्ट के हस्तशिल्प उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने का यह अद्भुत प्रयास राज्य के कुटीर उद्योगीकरण को विकसित करेगा।

- **प्रतिभाशाली फिल्मकारों और कलाकरों को किया जाएगा सम्मानित**

2 मार्च को अवार्ड संध्या का आयोजन होगा जिसका उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, झारखंड राज्य के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी, संजय प्रसाद यादव, विधायक उदयशंकर सिंह, भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे आमंत्रित किया जाएगा। झारखंड के प्रतिभाशाली फिल्मकारों, कलाकारों एवं फिल्म उद्योग से जुड़े अन्य कर्मियों को बॉलीवुड एवं हॉलीवुड की प्रसिद्ध हस्तियों के द्वारा अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। ज्ञात हो कि इस अवसर पर देश की प्रसिद्ध गायिका उषा मंगेशकर, राकेश रोशन निर्देशक अनिल शर्मा, एक्टर सुनील शेट्ठी, एक्ट्रेस सुमबुल तौकीर ,अक्षरा सिंह, विवेक ओबेरॉय,उत्कर्ष शर्मा एवं म्यूजिक कंपोजर मोंटी शर्मा जैसी फिल्मी हस्तियां उपस्थिति रहेगी। ऑनलाइन स्क्रीन पर दुनियाभर की फिल्मी हस्तियां झारखंड की कला -संस्कृति, सिनेमा शिल्प एवं हैंडीक्राफ्ट से रूबरू होंगीं। पोलैंड से पधारी अभिनेत्री नटालिया जानोसजेक एवं शिवानी शर्मा के स्टेज परफार्मेंस के अलावा झारखंड के लोकनृत्यों का प्रदर्शन हजारों की संख्या में उपस्थित युवाओ को उत्साहित करेगा।

## एक नजर

### यूजीसी नेट परीक्षा में अपूर्वा को मिला आल इंडिया में पांचवां स्थान

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया के पूर्व महाप्रबंधक केके मिश्रा की पुत्री अपूर्वा मिश्रा ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा में देश में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। दिसंबर 2024 साइकिल में वह यूजीसी नेट परीक्षा दी थी जिसका रिजल्ट 22 फरवरी को निकला है। अपूर्वा की माता उषा मिश्रा गृहणी हैं। अपूर्वा ने उक्त परीक्षा में 99.916 परसेंटाइल स्कोर हासिल किया है। उसने एसओए यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर से कंप्यूटर साइंस से बी टेक करने के बाद बीआईटी मेसरा, रांची से एमबीए पास किया है। अपूर्वा जूनियर रिसर्च फेलोसिप व असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए चुनी गई है। अपूर्वा के इस सफलता पर पूरा सीसीएल परिवार गौरवान्वित है।

टीटू टाइप मैदान पर होली व सरस्वती पूजा का होता है आयोजन

## ग्रामीणों ने अविलंब विवाह भवन निर्माण कराने को लेकर सीओ को सौंपा मांग पत्र



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
टीटू टाइप कालोनी खलारी के लोगों ने टीटू टाइप मैदान में अविलंब विवाह भवन का निर्माण आरंभ कराने की मांग करते हुए खलारी सीओ के नाम एक ज्ञापन दिया है। पत्र में कहा गया है कि जिस जमीन पर विवाह भवन का निर्माण के लिए साफ सफाई शुरू किया गया थ, वह सरकारी जमीन है। ग्राम सभा से इस जमीन पर विवाह भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव भी पारित किया गया है। कुछ लोग जानबूझ कर खलारी में विवाह भवन निर्माण में अवरोध पैदा कर रहे हैं। कहा गया है कि एसीसी फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों का परिवार उक्त जमीन पर वर्ष 1947 से होली, सरस्वती पूजा का आयोजन कंपनी के सहयोग से होता आ रहा है। अनेक बच्चे इस मैदान में खेलकूद कर जवान हुए हैं। उस दावे का खंडन किया गया जिसमें कुछ लोगों द्वारा कहा गया है कि इस मैदान में एसीसी के जमाने से ईद मिलाद उन नबी का कार्यक्रम होता आ रहा है। पत्र में कहा गया कि वे लोग किसी मजहबी कार्यक्रम का विरोध नहीं करते हैं परंतु विवाह भवन निर्माण में हर रूकावट व विरोध की निंदा करते हैं। कहा गया कि मजहबी कार्यक्रम टीटू मैदान में कुछ वर्षों से ही किया जा रहा है, जिसकी शुरूआत टीटू टाइप निवासी एक सम्मानित व्यक्ति के बगान से हुई थी। अंचल अधिकारी खलारी से आग्रह किया गया कि सभी असंवैधानिक विरोधों को दूर कर विवाह मंडप का कार्य अविलंब आरंभ कराएं। ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वालो में रवीन्द्रनाथ चौधरी, अशोककुमार शुक्ला, कौशल्या देवी, सरोज चौधरी,रत्नेशप्रसाद श्रीवास्तव, गजाधर भगत, राजा गुप्ता, अजय वर्मा, चंदन साव, सत्येन्द्र खरवार, रंगी राम सहित दर्जनों लोग आदि शामिल हैं।

## मानदेय को लेकर संघ ने रक्षा राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। पिठोरिया**
लैंपस और पैक्स कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मिलकर लैम्पस और पैक्स कर्मचारियों का मानदेय भुगतान, कार्यशील पूंजी आदि विषयों पर ध्यान कराते हुए मांग पत्र सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल में लैंपस और पैक्स कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार दत्ता, रांची जिला अध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, उरुगुटू लैंपस के प्रबंधक आबिद अली अनवर, अरसण्डे कांके के प्रबंधक रणधीर केशरी और कोकदोरो लैम्पस के अध्यक्ष रघु पहान शामिल थे।

### आर एंड डी सेल यूनिट 2 विकेट से जीता

**रांची।** ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट मेकॉन ग्राउंड में यूनाइट सीसी व आर एंड डी सेल के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूनाइट सीसी की टीम ने 40 ओवर में नौ विकेट पर 215 रन बनाया। सिकंदर ने 83, महताब ने 33, मुदस्सर ने 26, रितिक ने 28 रन बनाया। वहीं ईशान ने 3 विकेट लेकर 25, पंकज यादव ने 3 विकेट लेकर 32 व मोहित ने 2 विकेट लेकर 36 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी आर एंड डी सेल ने 38 ओवर में आठ विकेट पर 216 रन बनाया। श्रेष्ठ ने 94, साहिल ने 33, मोहित ने 21 व सुधांशु ने 16 रन बनाया। सिकंदर ने 2 विकेट लेकर 50 व मोहित ने 2 विकेट लेकर 32 रन बनाया। आर एंड डी सेल यूनिट 2 विकेट से जीती।


## न्यूज | बॉक्स

### जिला स्तरीय खेलकूद व परिभ्रमण कार्यक्रम का आयोजन



**रांची/चान्हो।** विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का जिला स्तरीय परिभ्रमण एवं खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को राजकीय कृत मध्य विद्यालय ओरमांझी के चकला में किया गया। इसमे रांची जिला के सभी प्रखंड के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने भाग लिया। चान्हो प्रखंड संसाधन केंद्र के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में करकट विद्यालय के अंकित उरांव ने थ्रो बॉल में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा लक्ष्मी उरांव ने एप्पल रेस में द्वितीय स्थान लाकर प्रखण्ड का नाम रौशन किया। झारखण्ड शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, रिसोर्स शिक्षिका पद्मा कुमारी समेत सभी प्रखण्ड के आर टी मौजूद थे। इस तरह के खेल कूद का आयोजन होने बच्चों में निखार आती है और शारिरीक रूप से चुस्त व दुरुस्त दिखाई देते हैं।

### महाशिवरात्रि की तैयारी जोरों पर, शाम 3 बजे से रात 11 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश बंद



**सिल्ली।** सिल्ली थाना परिसर एवं मुरी जीआरपी स्थित शिव मंदिर में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। आयोजन को लेकर एक समिति का गठन किया गया है जिसमें स्थानीय जन प्रतिनिधि, प्रशासनिक, पदाधिकारी एवं शांति समिति के लोग शामिल हैं। भव्य आयोजन के तैयारी के लिए समिति के संरक्षक प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, बीडीओ अनिल कुमार, सीओ अरुणिमा एक्का, अध्यक्ष नरोत्तम गोराई, थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर समेत सभी सदस्य जुटे हुए हैं। परिसर को नये कलेवर में सजाकर मंदिर परिसर की भव्यता को अंतिम रूप दिया गया है। समिति के ओर से जानकारी दी गई है कि बुधवार को महाशिवरात्रि के दिन मंदिर में रुद्राभिषेक, शिव बारात की स्वागत, शिव पार्वती विवाह, भंडारा एवं देर शाम जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें रांची के कलाकार भजन की प्रस्तुति देंगे। महाशिवरात्रि के दिन सिल्ली के विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक के लिए सिल्ली बजार के मुख्य सड़क पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए थाना प्रभारी ने निर्देश जारी किया कि शाम 3 बजे रात 11 बजे तक सिल्ली बजार में भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।

### मेडिकल कैंप के साथ-साथ किसानों को बताया गया वैज्ञानिक खेती करने के तरीके



**बेड़ो।** बारीडीह के पाड़हा भवन सभागार में रामकृष्ण मिशन आश्रम एवं इफ्को कंपनी के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर तथा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर के दौरान 100 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई वहीं उन्हें दवा भी वितरित की गई। इसी कार्यक्रम के दौरान इफको कंपनी के डाक्टर शशी भूषण एवं चंदन कुमार ने किसान भाइयों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी खाद के उपयोग एवं आधुनिक तरीके से खेती करने के संदर्भ में सभी आवश्यक जानकारी दी गई। इस मौके पर अनुराग खाद बीज भंडार के प्रोपराइटर एवं समाजसेवी मुकेश कुमार राय ने कहा कि किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती करने के लिए उन्हें जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण मिशन आश्रम और इफको कंपनी के द्वारा एक साथ कार्यक्रम करना भी सुखद संयोग रहा। इस कार्यक्रम के दौरान 80 वृद्ध वृद्धाओं के बीच निःशुल्क कंबल का भी वितरण किया गया।

### झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू से राजनसिंह राजा ने मिलकर संगठन मजबूती का किया आग्रह



**खलारी।** झारखंड कांग्रेस लेबर सेल के प्रदेश महासचिव सह लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के खरसावां विधानसभा के प्रभारी राजनसिंह राजा ने झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी सह लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर के.राजू से रांची सर्किट हाउस में मुलाकात किया। राजन सिंह ने बताया कि उन्होंने पूरे प्रदेश में बूथ एवं मोहल्ला टोला स्तर पर संगठन मजबूती के लिए कार्य करने का आग्रह किया व सुझाव दिया। प्रभारी के.राजू बहुत ही गंभीरतापूर्वक सुझावों को सुने तथा भविष्य में निष्पादन हेतू आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशवमहतो कमलेश व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय मौजूद थे।

### सामाजिक संगठनों ने किया खलारी थाना प्रभारी का स्वागत



**खलारी।** खलारी के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने खलारी के नए थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो से अलग अलग मुलाकत कर उनका स्वागत किया। लोगों ने थाना प्रभारी को बुके दिया व माला पहनाकर सम्मानित किया। थाना प्रभारी ने आपसी सहयोग से मिल जुलकर सभी समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। स्वागत करने वालों में शहीद शेख भिखारी मेमोरियल सोसायटी खलारी पिपरवार के इकबाल हुसैन, तोहिद अंसारी, जफरुद्दीन अंसारी, सलामत अंसारी, कलीम रिजवी, जैनुलाबुद्दीन, इस्लाम अंसारी, फारूक नवाज, बादशाह, राजा, रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता, जगरनाथ महतो, जालिम सिंह, विनय खलखो, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, शिवनारायण लोहरा, सुनील यादव, इसराइल अंसारी, खेरामांझी, पिपरवार क्षेत्र के अध्यक्ष पूर्व सरपंच उरांव, सचिव रतनलाल व काउंसिल के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन शामिल थे।

### महाशिवरात्रि को लेकर बाबा मनकामेश्वर मंदिर में होगी विशेष पूजा



**चान्हो।** महाशिवरात्रि को लेकर बाबा मनकामेश्वर संकट मोचन धाम रघुनाथपुर सज धज कर तैयार है। सुबह 4 बजे मंदिर का पट विधिवत पूजा के साथ खोल दिया जाएगा। साथ ही शाम भव्य श्रृंगार सह प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी सतीश प्रसाद, मां शारदे क्लब के पूर्व अध्यक्ष अनिल ठाकुर, समिति के अध्यक्ष मुकेश बैठा, संरक्षक मिथलेश सिंह एवं रघुनाथपुर कोको ग्रामवासी लगे हुए हैं।

### उप प्रमुख ने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को सौंपा मांगपत्र



**इटकी।** मांडर विधायक सह कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को उप प्रमुख परवेज राजा ने प्रखंड की समस्याओं को लेकर मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में प्रखंड ने अन्य पदाधिकारियों का पद स्वीकृति, खेल अकादमी की स्थापना एवं खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, संसाधन युक्त सब्जी बाजार एवं कोल्ड स्टोरेज की स्थापना, प्रखंड के आंदोलन कारियों को सम्मान, युवाओं को सराहनीय कार्य हेतु युवा पुरस्कार, थाना क्षेत्र के मोरो, कुल्ली एवं कुर्गी में टीओपी की स्थापना, पीएचसी में एक महिला डॉक्टर का पदस्थापन की मांग की गई। उप प्रमुख ने मंत्री से यथाशीघ्र समस्याओं के समाधान का अनुरोध किया।

### परिशोधन पोर्टल पर लंबित 150 मामलों को किया गया निष्पादिता

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर 25 फरवरी 2025 को रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी अंचलों में परिशोधन पोर्टल पर लंबित मामलों एवं दाखिल खारिज के आवेदनों निष्पादन को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के सफल आयोजन के लिए जिला स्तर से वरीय पदाधिकारियों को अंचलवार प्रतिनियुक्त किया गया था जिनके द्वारा शिविर का अनुश्रवण किया गया। शिविर के तहत पतरातू अंचल के लिए अपर समाहर्ता रामगढ़ कुमारी गीतांजलि, निशा कुमारी सिंह, भूमि सुधार उप समाहर्ता रामगढ़ प्रियंका दीप्ति कुजूर को प्रतिनियुक्त किया गया था जिनके द्वारा शिविरों का निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया गया। वहीं,उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में विभिन्न कार्य संपादित किए गए।

कैंसर मरीजों के लिए रांची कैंसर अस्पताल में मनशक्ति कार्यशाला का आयोजन

## कैंसर छुआछूत की बीमारी नहीं मरीजों से नहीं हो भेदभाव : वंदना

*किसी भी संदेह की स्थिति में तुरंत स्क्रीनिंग करानी चाहिए, जिससे समय पर इलाज संभव हो सके*



**नवीन मेल संवाददाता। कांके**
रांची के सुकुरहुटू स्थित रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में मंगलवार को मनशक्ति कार्यशाला आयोजित हुई। टाटा ट्रस्ट के अधिकारियों की मौजूदगी में वी केयर फाउंडेशन और फाइजर द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में सैकड़ों कैंसर मरीज शामिल हुए। संस्था की फाउंडर और निदेशक के साथ कैंसर सर्वाइवर वंदना ने मरीजों को सकारात्मक सोच के साथ इस बीमारी से लड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कैंसर छुआछूत की बीमारी नहीं है, इसलिए मरीजों के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए।

अस्पताल के निदेशक डॉ. मदन मोहन पांडेय ने बताया कि देश में हर साल करीब 14 लाख नए कैंसर मरीज सामने आते हैं, जिनमें से 4.7 लाख की मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि कैंसर अब लाइलाज नहीं है, बशर्ते इसके लक्षणों को नजरअंदाज न किया जाए। किसी भी संदेह की स्थिति में तुरंत स्क्रीनिंग करानी चाहिए, जिससे समय पर इलाज संभव हो सके। अस्पताल की आहार विशेषज्ञ मुस्कान कुमारी ने मरीजों को संतुलित आहार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैंसर मरीजों के लिए प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट, वसा, विटामिन, खनिज और पानी जरूरी है। मिश्रित और मोटे अनाज का सेवन फायदेमंद बताया। कार्यशाला में कैंसर से जूझ रहे मरीजों ने अपने अनुभव साझा किए। कैंसर सर्वाइवर डॉ. सुष्मिता ने कहा कि इलाज के दौरान डॉक्टर उनके लिए भगवान समान थे। ब्रेस्ट कैंसर सर्वाइवर रेनू गिरि ने मजबूत इच्छाशक्ति से इस बीमारी से लड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि रांची कैंसर अस्पताल झारखंड के मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहां के डॉक्टर, नर्स और अन्य कर्मचारी मरीजों के प्रति संवेदनशील हैं। इस मौके पर अस्पताल के निदेशक डॉ. मदन मोहन पांडेय, वंदना, प्रियदर्शिनी, नीलेश, मुकुल कुमार, सौरभ कुमार, शुभम, महिमा, एंजेला समेत अस्पताल के चिकित्सक और प्रशासनिक विभाग के लोग मौजूद थे।

होमगार्ड का एक और जवान फर्जीवाड़ा में पकड़ाया

### उम्र सीमा समाप्ति के बाद भी था कार्यरत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
होमगार्ड का एक और जवान फर्जीवाड़ा में पकड़ा गया। होमगार्ड जवान का नाम रमन महतो (सैन्य संख्या 14745) है । इनकी निर्धारित 60 वर्ष की उम्र सीमा 1 वर्ष पूर्व ही समाप्त हो चुकी थी। इसके बावजूद यह कार्मिक विभाग में ड्यूटी कर रहे हैं। वहीं गोपाल साहू के नाम की भी चर्चा है जो खाद्य एवं आपूत्ति विभाग प्रोजेक्ट भवन में कार्यरत है। होमगार्ड कार्यालय के द्वारा इनको हटाने को लेकर पत्र भी जारी किया गया है इसके बावजूद भी यह ड्यूटी में बने हुए हैं । इसी तरह का एक मामला गृह विभाग झारखंड सरकार में भी पकड़ा गया था । जहां 60 वर्ष की निर्धारित उम्र सीमा समाप्त होने के बावजूद रघुराम ड्यूटी कर रहे थे । इस मामले पर विभाग के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर होमगार्ड डिजी को पत्र भेजा गया था । होमगार्ड कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि वैसे सभी होमगार्ड के जवान जिनकी निर्धारित 60 वर्ष की उम्र सीमा समाप्त हो गई है और वह अगर ड्यूटी करते हैं तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अमृत स्नान के लिए महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**जीटी रोड पर वाहनों की लगी लंबी कतार**

**बरकट्ठा।** महाशिवरात्रि में अमृत स्नान को लेकर महाकुंभ, प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की जीटी रोड पर भीड़ उमड़ पड़ी। चार पहिया वाहनों समेत बंगाल से जा रही बसों की लंबी कतार के कारण जीटी रोड गोरहर में जाम की स्थिति बन गई। वाहनों की लंबी कतारें देखी गई। वहीं प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक पर्यटक स्थल सूर्यकुंडधाम में मंगलवार को उमड़ पड़ी। सूर्यकुंडधाम में पश्चिम बंगाल, झारखंड के विभिन्न जिलों के श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालु सूर्यकुंड पहुंचकर स्नान किया। साथ ही वहां भोजन बनाकर दोपहर का खाना खाया। इस बाबत डाकबंगला के संचालक वासुदेव मोदी ने कहा कि प्रयागराज जाने और आने वाले श्रद्धालुओं का जत्था सूर्यकुंडधाम आते हैं। डाकबंगला में भोजन बनाकर और खा कर आराम करते हैं। साथ ही गर्मजल में स्नान कर प्राचीन मंदिर समेत अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना करते हैं।

चकला मध्य विद्यालय में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

## पांच प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

*9 प्रखंड संसाधन केंद्र के लगभग 200 दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने भाग लिया पांच प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया*




**नवीन मेल संवाददाता। ओरमांझी**
जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी के प्रांगण में मंगलवार को झारखंड शिक्षा परियोजना रांची के द्वारा समग्र शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत समावेशी शिक्षा विभाग के द्वारा दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय खेलकूद एवं शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 19 प्रखंड संसाधन केंद्र के लगभग 200 दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने भाग लिया पांच प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया वर्ग 1 से 5 के लिए अलग एवं वर्ग 6 से 8 के लिए अलग समूह बनाकर पेंटिंग एप्पल रेस, बॉल थ्रो, म्यूजिकल चेयर इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 50 दिव्यांग बच्चों के अभिभावक भी सम्मिलित हुए। उन्होंने ऐसे कार्यक्रम की सराहना की। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची बादल राज, ओरमांझी प्रखंड के उप प्रमुख मोहम्मद रिजवान अंसारी, विधायक खिजरी के शिक्षा प्रतिनिधि तोहिद आलम एवं प्रखंड के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सीमा कुमारी, प्रखंड के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी नसीम अहमद, मोहम्मद रिजवान समेत अन्य शिक्षकों ने भी कार्यक्रम के संचालन में सहयोग किया। कार्यक्रम के संचालन में झारखंड शिक्षा परियोजना जिला कार्यालय से प्रभाग प्रभारी बिंदु झा, प्रभा सहाय एवं अखिलेश कुमार ने कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रीना कुमारी एवं लेखपाल ज्योति कुमारी का सराहनीय योगदान रहा एवं सभी प्रखंडों के दिव्यांग बच्चों के लिए कार्यरत रिसोर्स शिक्षक एवं थैरेपिस्ट ने सराहनीय योगदान दिया। जिला स्तर पर ऐसे आयोजन से दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में आसानी से समाहित किया जा सकेगा। जिला स्तरीय खेलकूद के पश्चात सभी बच्चे और अभिभावक ने भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण किया। सभी प्रखंड के बच्चे एवं उनके अभिभावक जैविक उद्यान का भ्रमण कर बहुत खुश थे उनके लिए पहला मौका था जब जैविक उद्यान के अंदर विभिन्न प्रकार के जीव जंतुओं को देख रहे थे उनके बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे थे तथा इलेक्ट्रिक वाहनों का आनंद लिया। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया साथ ही सभी उपस्थित लगभग 200 बच्चों को विशेष पुरस्कार के रूप में पेंटिंग किट प्रदान किया गया।

### प्रेम प्रसंग के मामले को तूल दे रहे हैं सांसद : अनवर

**रामगढ़।** कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को शहर के होटल ला मेरिटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया । प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी के पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि चितरपुर में एक मुस्लिम लड़के और एक हिन्दू लड़की के बीच प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सोमवार को चितरपुर में जुलूस का आयोजन किया और नारेबाजी की। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि यदि मामले में यदि युवक दोषी है तो पुलिस एवं प्रशासन उसे जेल भेजे और लड़की को उसके परिजनों का सौंप दे। शहजादा अनवर ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी को पराजय का सामना करना पड़ा था। जिसकी बौखलाहट में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी मामले को जातीय रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर पुलिस की टीम केरेला गई थी। साथ में युवती के परिजन भी थे। साथ ही युवती ने सोशल मीडिया पर वीडियो क्लीप पोस्ट कर अपना पक्ष रखने का प्रयास किया है। इसलिए मामले को जातीय रंग देने का प्रयास नही किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं चितरपुर वासियों को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मामले में सौहार्द्र कायम रखा।

## पुलिस पर मानसिक रूप से विक्षिप्त को पीटने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
गिरिडीह जिले के लोकायनयनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मनसाडीह ओपी पुलिस पर एक व्यक्ति को मारने - पीटने का आरोप लगा है। उक्त व्यक्ति मनसाडीह गांव के रहने वाले धनेश्वर यादव का पुत्र बीरेंद्र यादव है, जो मानसिक रूप से हल्का विक्षिप्त बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बीरेंद्र यादव मंगलवार को कैरेमबोर्ड खेलने ओपी परिसर गया था। इसी दौरान पुलिसकर्मियों और युवक के बीच हुए विवाद के कारण उसकी पिटाई की गई। बीरेंद्र यादव के शरीर पर इसके निशान भी पड़ गए हैं। इसको लेकर मंगलवार की शाम ओपी के बाहर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर मनसाडीह के मुखिया प्रतिनिधि लखीराम हेमब्रम भी पहुंचे। जहाँ लोगों ने उन्हें मामले से अवगत कराया। मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि पुलिस से इस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा नहीं करते हैं। इनके रहने से ही हमसब सुरक्षित हैं लेकिन इस प्रकार का व्यवहार कहीं से भी उचित नहीं है। वहीं इस बाबत पुलिसकर्मियों का कहना है कि उक्त व्यक्ति ने गालियां दी थी। इस मामले में खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है लेकिन लिखित शिकायत नहीं मिली है। आवेदन मिलने पर जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### महाकाल शिवयोगी की पूजा आज, लोग लेंगे आशीर्वाद



**रामगढ़।** शहर के गांधी घाट स्थित महाकाल शिवयोगी पवित्र दामोदर नद के तट पर अपने विशाल स्वरूप में विराजमान हैं। उनकी कृपा हर पल हर क्षण सभी भक्तों पर बरस रही है। उनकी स्थापना से निश्चित रूप से सबके दिलों में शिवत्व की उपलब्धि हुई है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पावन पर्व है पर बड़ी संख्या में महाकाल शिवयोगी की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लेंगे । यह जानकारी 25 फरवरी को मुक्तिधाम संस्था के प्रबंधक कमल बगड़िया ने दी।

### आश्रितों को समय पर करें मुआवजा भुगतान : उपायुक्त

**रामगढ़।** आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन और विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### उपायुक्त के निर्देश पर सभी अंचलों मे विशेष शिविर आयोजित

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर 25 फरवरी को रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी अंचलों में दाखिल खारिज और परिशोधन पोर्टल पर लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के सफल आयोजन के लिए जिला स्तर से वरीय पदाधिकारियों अंचलवार प्रतिनियुक्त किया गया है। जो शिविर का अनुश्रवण किया गया। शिविर के तहत पतरातू अंचल के लिए अपर समाहर्ता रामगढ़ कुमारी गीतांजलि, मांडू अंचल के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, चितरपुर अंचल के लिए जिला भू अर्जन पदाधिकारी विजेंद्र कुमार, रामगढ़ अंचल के लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह, दुलमी अंचल के लिए अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी और गोला अंचल के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता रामगढ़ प्रियंका दीप्ति कुजूर को प्रतिनियुक्त किया गया था।

राष्ट्रीय फ्लोरोसिस के रोकथाम को लेकर शिविर का आयोजन

## 155 की हुई जांच, 25 बच्चों में पाए गए लक्षण

> फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती हैं। साथ ही साथ सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत 25 फरवरी को सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी एनपीपीसीएफ के नेतृत्व में उत्कमित उच्च विद्यालय दोहाकातु रामगढ़ में एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जॉच की गयी। कुल मिलाकर 155 बच्चे की जांच डॉ पल्लवी कौशल, जिला कंसलटेंट एवं सीएचओ एनिमा किस्पोट्टा के द्वारा की गई। कुल 25 बच्चों में जांच उपरान्त लक्षण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर लैब टेक्नीशियन जीतेन्द्र कुमार द्वारा जांच उपरान्त 10 बच्चों में इस बिमारी कि पुष्टि हुई। शिविर में जांच के साथ-साथ फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित जानकारी भी बच्चों व स्कूल के स्टाफ को दी गई। डॉ पल्लवी कौशल के द्वारा बताया गया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती हैं। साथ ही साथ सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जीयां, खटटे फल जैसें-संतरा, निबू, आवला एवं दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी, जिससे की शरीर में फ्लोराइड इक्टठा नहीं होता हैं। यह भी बताया कि सदर अस्पताल, रामगढ़ में निःशुल्क कोई भी अपने पीने के पानी एवं पेशाब में फ्लोरोसिस बीमारी की जांच करवा सकता हैं। इस शिविर को सफल बनाने हेतु उस क्षेत्र की सी०एच०ओ०, ड्रेसर, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

गर्भवती महिला की मदद के लिए आगे आईं जिप सदस्या

## सदर अस्पताल कराया भर्ती



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झींगीबराई की एक गरीब गर्भवती महिला यशोदा देवी, पति प्रभू रविदास इलाज के लिए परेशान थी। जिसकी जानकारी जिप सदस्या कुमकुम देवी को दी गई। वहीं पीड़िता यशोदा ने कहा कि मेरे घर पर कोई नहीं है, पति मुंबई में रहकर मजदूरी करते हैं। मैं डिलीवरी के लिए सदर अस्पताल आ रही हूं। आपसे मदद की जरूरत है। जिसके बाद कुमकुम देवी ने खुद पहुंचकर गर्भवती महिला को सदर अस्पताल हजारीबाग में भर्ती कराया। गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया।तत्पश्चात गर्भवती महिला को अपने रिस्क पर कुमकुम रिम्स रांची लेकर पहूंची।वहीं रात्रि दो बजे यशोदा ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। पत्रकारों को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि डॉक्टर द्वारा छूट्टी देने के बाद यशोदा को अपने साथ लाऊंगी। इस कार्य के लिए क्षेत्र के लोगों ने कुमकुम के प्रति आभार प्रकट किया।

## न्यूज बॉक्स

### भय और कर्ज से परेशान किसान को है विभाग से राहत की उम्मीद



**गोला।** जंगली हाथियों के कारण गोला प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों किसान खेती-बारी छोड़ने को विवश हो गए हैं। इसमें हेसापोड़, रकुवा, सुतरी, उपरबरगा, चोकाद, बेटुलकलां, सरगडीह, पुरबडीह, साड़म, हुप्पू, बंदा पंचायत क्षेत्र के लगभग 60 गांव के किसान शामिल हैं। यहां के किसान इन दिनों हाथियों के भय के साए में जीने को मजबूर हैं। जंगली हाथियों का झुंड अक्सर रात के वक्त आबादी वाले इलाके में घूस कर खेतों में लगी फसलों को बर्बाद कर सुबह के समय जंगल की ओर प्रस्थान कर जाते हैं। इसके कारण प्रभावित गांव के लोग रात होते ही भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं हाथी गांव में भी घुसकर घरों को ध्वस्त कर अनाज चट कर जाते हैं। हाथियों के झुंड को भगाने को लेकर लोगों ने कई बार आंदोलन किया, लेकिन आज तक इस दिशा में न सरकार और न ही वन विभाग की ओर से कोई ठोस पहल की जा रही है। वन विभाग हाथी भगाओ दल के जरिए हाथियों को अपने वन क्षेत्र से खदेड़ कर सीमा क्षेत्र से बाहर कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। यहीं काम दूसरे वन क्षेत्र के लोग करते हैं। विभागीय स्तर से हो रहे इस खेल से यहां के किसान पिस रहे हैं।

### विधि व्यवस्था को लेकर उपायुक्त एसपी ने किया विभिन्न क्षेत्रों का फ्लैग मार्च



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखंड में दो गुटों के बीच झड़प की संभावना के मद्देनजर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार के साथ चितरपुर प्रखंड अंतर्गत मेन रोड चितरपुर, बाजार टांड, रेलवे ओवरब्रिज चितरपुर, नया मोड़, रजरप्पा मोड़, काली चौक सहित अन्य क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उपायुक्त ने दुकानदारों व जिले वासियों से किसी भी प्रकार की अफवाह से सावधान रहने रहने की अपील की। मौके पर उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने एवं किसी भी अप्रिय घटना पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, जिला स्तरीय अधिकारियों, पुलिस बल के जवानों सहित अन्य उपस्थित थे।

### कुरकुट्टा के ग्रामीणों ने की हाई टेंशन बिजली लाइन की दिशा बदलने की मांग

**गिद्दी।** कुरकुट्टा गांव के ग्रामीणों ने मांडू विधायक से गांव से गुजरने वाली झारखंड विद्युत विभाग के हाई टेंशन लाइन के दिशा बदलने की मांग की है। कुरकुट्टा गांव के ग्रामीणों ने मांडू विधायक निर्मल महतो को दिए पत्र में कहा है कि कुरकुट्टा गांव में लगभग 35 सौ आदिवासी निवास करते हैं। सभी ग्रामीण खेती करके जीविका चलाते हैं। झारखंड विद्युत विभाग की पतरातू से कोडरमा जाने वाली हाई टेंशन लाइन उनके खेती वाले जमीन से गुजारा जा रहा है। इससे अत्यधिक पावर के बिजली प्रवाहित होने से खेती करने के दौरान गांव के किसानों के लिए खतरनाक साबित होगी और वे चपेट में आ सकते हैं। इसके पहले भी हाई टेंशन के विद्युत तार के चपेट में उनके मवेशी आ चुके हैं। पत्र में कहा है कि जहां से हाई टेंशन की लाइन गुजर रहा है उससे 100 मीटर बगल में वन विभाग की जमीन है। इसलिए उक्त लाइन को वन विभाग की जमीन से गुजारा जाए। ताकि भविष्य में गांव के ग्रामीण खतरा से बच सकें।

नल जल योजना बनी शोभा की वस्तु, लोगों को नहीं मिल पा रहा पानी

## धरातल पर नहीं सिर्फ कागजों पर ही सिमट कर रह गई योजना: मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना से लोगों को बहुत उम्मीद थी कि खोलेंगे नल और मिलेगा जल। परन्तु लोगों को आशा के विपरित परिणाम मिला है। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में यह योजना शोभा की वस्तु बन कर रह गई है। गौरतलब हो कि केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना धरातल पर नहीं, सिर्फ कागजों पर ही सिमट कर रह गई।तात्कालिक मामला तुईयो पंचायत से जुड़ा है। जहां ठिकेदार के द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया। साथ ही झारखंड सरकार के बेवसाइट पर कंप्लीट दिखाई दे रही है। जबकि धरातल पर सच्चाई कुछ और है। वैसे तो प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में यह कार्य पूरा नहीं हुआ है। तुइयो में दर्जनों जगह पानी का टावर बना दिया गया है। लेकिन उस पानी का टावर में पानी का टंकी नहीं चढ़ाया गया है। सिर्फ विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से राशि की बंदर बांट की गई है। इस बाबत मुखिया शंकर रविदास और उप प्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो ने कहा कि नल से जल मिलेगा, योजना में ठेकेदार द्वारा मनमानी कार्य किया गया है। लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। सारा पैसा विभाग के द्वारा बंदर बांट कर लिया गया है। उन्होंने उपायुक्त से जांच की मांग की है।

शेख भिखारी अस्पताल की दुर्व्यवस्था पर विधायक ने सदन में उठाई आवाज

## ऑक्सीजन प्लांट बंद, मशीनें खराब सरकार से की त्वरित समाधान की मांग

> *शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वार्ड बॉय की भारी कमी है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल की दुर्दशा पर गंभीर चिंता व्यक्त की और इसे एक बड़ी जनसमस्या करार दिया। उन्होंने सरकार से अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग करते हुए कहा कि यह अस्पताल केवल नाम का मेडिकल कॉलेज बनकर रह गया है, जबकि इसकी बुनियादी सुविधाएं बेहद दयनीय स्थिति में हैं। विधायक ने कहा कि अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों को ऑनलाइन पर्चा कटाने की अनिवार्यता के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के पास स्मार्टफोन नहीं होते हैं, जिससे वे अपना इलाज समय पर शुरू नहीं करवा पाते। उन्होंने सरकार से यह मांग की ऑनलाइन पर्चा प्रणाली को समाप्त कर एक आसान और सुलभ प्रक्रिया लागू की जाए, ताकि कोई भी मरीज बिना किसी रुकावट के इलाज करा सके। विधायक ने सदन में कहा कि शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वार्ड बॉय की भारी कमी है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मरीजों के परिजनों को स्वयं स्ट्रेचर खींचकर वार्ड तक ले जाना पड़ता है, जो कि एक बड़ी लापरवाही को दशार्ता है। अस्पताल में मरीजों की देखभाल के लिए स्टाफ की संख्या बेहद सीमित है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट निष्क्रिय पड़ा है, जिससे मरीजों को जरूरी ऑक्सीजन सपोर्ट नहीं मिल पा रहा है।

झारखंड सरकार का प्रतिबंध फेल

## खुलेआम बिक रहा गुटखा बढ़े दामों में हो रही तस्करी




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखंड सरकार द्वारा गुटखा और तंबाकू उत्पादों पर सख्त प्रतिबंध लगाने के बावजूद हजारीबाग जिले में इनकी बिक्री धड़ल्ले से जारी है। बाजार में यह न केवल उपलब्ध है, बल्कि अब तस्करी के जरिए महंगे दामों पर बेचा जा रहा है। प्रशासन की नाक के नीचे इस अवैध कारोबार का फलना-फूलना यह साबित करता है कि या तो संबंधित अधिकारी इस पर गंभीर नहीं हैं जिससे इसपर कार्रवाई नहीं हो रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गुटखा और तंबाकू की बिक्री अब चोरी-छिपे हो रही है। कई दुकानें दिन में बंद रहती हैं, लेकिन रात होते ही इनके पीछे से अवैध व्यापार शुरू हो जाता है। पान दुकानदार और थोक विक्रेताओं ने स्टॉक छिपा लिया है और अब मनमाने दाम वसूल रहे हैं। 5 रुपये में मिलने वाला गुटखा 15 से 20 रुपये में बिक रहा है। सवाल यह है कि जब सरकार ने प्रतिबंध लगाया है, तो फिर यह माल कहां से आ रहा है? आखिर तस्करी पर लगाम क्यों नहीं लग रही? स्थानीय निवासियों में इस मुद्दे को लेकर भारी आक्रोश है।


### मां विंध्यवासिनी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में किया गया पौधरोपण



**पद्मा/ हजारीबाग।** प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में संस्थाध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार मेहता द्वारा महाशिवरात्रि के पूर्व संध्या पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो पूरे सप्ताह चलता रहेगा। वृक्षारोपण श्रृंखला में फलदार, छायादार तथा औषधीय गुणों वाले पौधों का रोपण प्रारंभ किया गया। पूरा महाविद्यालय परिवार इसमें सम्मिलित रहा जिसमें शिक्षकेत्तर कर्मचारी की विशेष भूमिका रही। डॉ. अनूप कुमार मेहता ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विशिष्ट दिवसों पर इस प्रकार की गतिविधियों का होना चाहिए जो न केवल महाविद्यालय परिसर की सुंदरता को बढ़ाता है, बल्कि पूरे पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

झारखंड आंदोलनकारी करेंगे 24 मार्च को विधानसभा का घेराव

## हमारे जनप्रतिनिधि झारखंड की चिंता करें ना कि पूंजीपतियों के दलाल बनें : पुष्कर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा हजारीबाग जिला में जिला सम्मेलन हुआ। जिसमे सभा की अध्यक्षता प्रवीण मेहता एवं संचालन गणेश कुमार सीटू ने किया। सभी एक स्वर मे आंदोलनकारियों एवं विस्थापितों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा को लिए एकजुट होकर 24 मार्च को विधान सभा का घेराव करने का निर्णय लिए। इस मौके पर प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि जनप्रतिनिधि झारखंड की चिंता करें ना कि पूंजीपतियों के लिए दलाल जैसा बने। सम्मेलन में झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान अलग पहचान रोजी रोजगार एवं नियोजन की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए समान रूप से सभी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 रु.हजार देने की मांग सरकार से की गई। साथ ही झारखंड आंदोलनकारी कल्याण बोर्ड एवं झारखंड राज्य विस्थापन आयोग का गठन करने पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम से मांग पत्र सौंपा गया। आंदोलनकारियों ने दिशुम गुरु शिबू सोरेन को झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित कर सरकार राजकीय मान- सम्मान, अलग पहचान समारोह पूर्वक सम्मान देने की मांग सरकार से मांग की गई। 24 मार्च 2025 को अपनी मांगों को लेकर विधानसभा के बजट सत्र के दौरान 50 हजार से 1 लाख झारखंड आंदोलनकारी एवं विस्थापित धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया । सम्मेलन में सर्व सम्मति से सुखदेव यादव को केंद्रीय सचिव, प्रवीण प्रसाद मेहता को उतरी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रभारी व अध्यक्ष, नंदलाल साहू, रामेश्वर राम कुशवाहा, मो खलील अंसारी, अजय साहू, शेर मोहम्मद खान -उपाध्यक्ष, गणेश कुमार सीटू -महासचिव, रवि कुमार सिंह व दुलार चंद्र प्रसाद -सचिव, जासो देवी, अनिरुद्ध प्रसाद और बालेश्वर प्रसाद प्रवक्ता, दिनेश महतो कोषाध्यक्ष, अर्जुन राम, कमल प्रसाद मेहता चुने गए।

विधायक ने डिग्री कॉलेज की मांग को विस में उठाया सवाल

## डिग्री कॉलेज नहीं होने की वजह से छात्र-छात्राओं को हो रही है परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंड विधानसभा के सत्र के दौरान रामगढ़ की विधायक ममता देवी ने दुलमी प्रखंड में छात्रावास युक्त डिग्री कॉलेज के निर्माण की मांग को जोरदार तरीके से सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि दुलमी प्रखंड में उच्च शिक्षा के लिए कोई डिग्री कॉलेज उपलब्ध नहीं है, जिससे छात्रों को दूर-दराज के इलाकों में जाना पड़ता है। खासकर, गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। छात्रावास की सुविधा के बिना कई छात्र अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। ममता देवी ने सरकार से मांग की कि इस शिक्षा संकट को दूर करने के लिए दुलमी प्रखंड में जल्द से जल्द एक पूर्ण सुविधा युक्त डिग्री कॉलेज स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विकास से ही समाज और राज्य की प्रगति संभव है, और सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस मांग को गंभीरता से लेकर जल्द निर्णय लेगी ताकि दुलमी प्रखंड के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उनके अपने क्षेत्र में ही प्राप्त हो सके। जिसकी जानकारी दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने दी।

श्री श्याम फाल्गुन निशान पूजा का भव्य व दिव्य आयोजन

## सुप्रसिद्ध भजन गायक ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से भक्तों को किया मंत्रमुग्ध

> *इस अवसर पर टाटानगर के सुप्रसिद्ध भजन गायक अनुभव अग्रवाल ने अपनी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति में डुबो दिया*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार, हजारीबाग द्वारा आयोजित श्री श्याम फाल्गुन निशान पूजा का दिव्य एवं भव्य आयोजन मुनका बगीचा प्रांगण में अपार श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्याम भक्तों ने सम्मिलित होकर बाबा श्याम के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की एवं भक्ति रस में सराबोर हुए। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभु श्री श्याम की भव्य ज्योत प्रज्ज्वलित से हुई, जिसके पश्चात अखंड कीर्तन, फूलों की होली, भव्य श्रृंगार एवं इत्र वर्षा जैसे अद्भुत आध्यात्मिक आयोजनों ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिरस से ओतप्रोत कर दिया। इस अवसर पर टाटानगर के सुप्रसिद्ध भजन गायक अनुभव अग्रवाल ने अपनी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति में डुबो दिया। उनकी भक्तिमय स्वर लहरियों पर श्रद्धालु झूम उठे और संपूर्ण प्रांगण श्याम नाम के जयकारों से गूंज उठा। आयोजकों द्वारा अनुभव अग्रवाल का प्रभु श्री श्याम की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार की नौ सदस्यीय टीम ने अथक परिश्रम एवं समर्पण भाव से कार्य किया। इसके साथ ही, इस आयोजन में श्री श्याम परिवार तुलसी धाम, कोलकाता का विशेष सहयोग एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ, जिससे कार्यक्रम दिव्यता एवं भव्यता के साथ संपन्न हो सका। फाल्गुन मास में आयोजित इस महापर्व में भक्तों ने बाबा श्याम के प्रति अपनी अपार श्रद्धा प्रकट की और उनकी कृपा प्राप्त करने का सौभाग्य पाया। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में भी ऐसे भव्य और दिव्य आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने का संकल्प लिया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए करें समुचित प्रयास : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिला में सड़क हादसों को नियंत्रित करने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः अनुपालन कराने के साथ ही विगत दिनों में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु उपायुक्त द्वारा कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्य करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। जिसका अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। राष्ट्रीय उच्च पथ- 143 पर फ्लेंक करने, झाड़ियों की कटाई-छटाई करने एवं ब्रेकर बनाने का निर्देश दिया गया था। राष्ट्रीय उच्च पथ विभाग के अधिकारी ने बताया कि ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत संभावित दुर्घटना क्षेत्र अर्जुन डोढ़ा के आसपास झाड़ियां की कटाई-कराई जा रही है। साथ ही समय पर संभावित दुर्घटना क्षेत्र पर ब्रेकर बनाने का अवशोषण दिया है। उपायुक्त ने राष्ट्रीय उच्च पथ में कोलेबिरा घाटी गाड़ा नाला के पास फ्लेंक करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ -143 दोनों तरफ अतिक्रमण को लगातार हटवाते रहनें का निर्देश दिया। वहीं खराब पड़े शौचालय जो सदर अस्पताल गेट पास है उसे भी यथाशीघ्र हटाने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रबंधन नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी को समन्वय स्थापित करते हुए शहरी क्षेत्र अंतर्गत अन युज विद्युत एवं बीएसएनएल पोल को एक सप्ताह के अंदर हटवाने का निर्देश दिया। इसके अलावे वेंडिंग जॉन का निर्धारण करते हुए ठेले पर बिक्री करने वाली दुकानदारों को निर्धारित स्थानों पर दुकान लगवाने का निर्देश दिया। उपायुक्त महोदय ने थाना प्रभारी, सिमडेगा को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय उच्च पथ के दोनों तरफ हटाए गए दुकान दोबारा ना लगे इसे सुनिश्चित करें।इसके पश्चात उपायुक्त द्वारा हिट एंड रन मामलों की समीक्षा की। जिस पर जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024 में 16 मामले का निष्पादन किया जा चुका है। वहीं चार मामले प्रक्रियाधीन है। तथा 08 मामले पर विभिन्न दस्तावेज के अधूरे होने के कारण लंबित है। साथ ही उन्होंने बताया कि जनवरी माह 2025 में कुल 794 वाहनों की जांच की गई जिसमें बिना हेलमेट के 293, बिना चालक का अनुज्ञप्ति के 176, टेंपो 158 एवं अन्य व्यावसायिक वाहन 167 की जांच की गई। जिसके अंतर्गत जनवरी माह 2025 में वाहन जांच से कुल 1084916/- दंड राशि की वसूली की गई है।हिट एंड रन से संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना में मृत के परिजनों से लगातार संपर्क बनाते हुए यथाशीघ्र लंबित सभी मामले का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिले में लगातार हेलमेट जांच अभियान चलते रहने का निर्देश दिया।

स्वास्थ विभाग अंतर्गत संचालित एंबुलेंस व्यवस्था की समीक्षा की गई। जिस पर सिविल सर्जन ने बताया कि एंबुलेंस की संचालन हेतु अभी नई एजेंसी का चयन किया गया है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि गोल्डन आवर पर मरीज को रांची एवं राउरकेला रेफर करने हेतु एक बेहतर एंबुलेंस की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके अलावे बैठक में कई अन्य महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।बैठक में डीएसपी, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि, सिमडेगा थाना प्रभारी, सिमडेगा, नगर परिषद् सिटी मैनेजर, सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## सिमडेगा उपायुक्त ने नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन कमिटि से की बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन समिति की बैठक की गई। जिसमें जिले में नशे के कारोबार को रोकने की रणनीति बनाई गई। बैठक में उपायुक्त ने मादक व नशीले पदार्थों के प्रयोग पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही मादक पदार्थ से होने वाली हानि को लेकर लोगों को जागरूक करने को कहा। उन्होंने नशे के विरुद्ध विद्यालय और कॉलेजों में विशेष अभियान चलाया हेतु शिक्षा विभाग को निर्देश दिया। अगर किसी भी विद्यालय या कॉलेजों के सामने तंबाकू या नशीले पदार्थ की दुकानें संचालित हो रही हैं तो उस पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर रोक लगाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही समाज कल्याण पदाधिकारी को भी शहरी क्षेत्र एवं प्रखंड मुख्यालय में नशा मुक्ति अभियान चलाते हुए नुक्कड़ नाटक, कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने ड्रग्स, गंज सहित आदि नशीली दवाइयां पर रोक लगाने हेतु सघन रूप से छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया।बैठक में सिविल सर्जन, डीएसपी, जिला परिवहन पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## डाक बंगला बानो में आदिवासी लोहरा समाज की हुई बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** डाक बंगला बानो में आदिवासी लोहरा समाज की बैठक जनक इंदवार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समाज के लोगों का जाति प्रमाण पत्र बनाने पर देरी होने पर चर्चा की गई। सोय मुखिया सोमारी कैथवार ने कहा आज जाति प्रमाण पत्र बनाने में लोगों को लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है।समय पर जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । इसके समाधान के लिए समाज के जनप्रतिनिधियों को आगे आना होगा। आज समाज के कई लोग अपनी जीविका चलाने के लिए लोहरा समाज अपनी पुश्तैनी पेशा छोड़ कर अन्य कार्य करने लगे हैं। जनप्रतिनिधियों से अपील है कि आगे आकर समाज का सहयोग करें। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष सेल्सियन बागे,विकास मघइया,बुदु लोहरा, संजय इंदवार, सावना, लोहरा आदि लोग उपस्थित थे।

## उत्पाद विभाग ने जब्त की एक ट्रक अवैध अंग्रेजी शराब, दो लोग हिरासत में

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा उत्पाद विभाग पुलिस ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर शहर के झूलन सिंह चौक के पास से एक ट्रक शराब जब्त किया। बताया गया कि गोवा से एक ट्रक में एक हजार पेटी से अधिक अंग्रेजी शराब लादे महाराष्ट्र निवासी बाबू राव और नीलेश गायकवाड़ नामक व्यक्ति सिमडेगा के रास्ते नेपाल जा जा रहे थे। इसकी सूचना सिमडेगा उत्पाद विभाग को मिली। सूचना के आलोक में उत्पाद अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार और इंस्पेक्टर राजीव नयन की अगुवाई में झूलन सिंह चौक से नेपाल जा रही ट्रक (एमएच 14 के ए 7786) को रोक कर जांच की गई। इस ट्रक में एक हजार पेटी से अधिक अंग्रेजी शराब मिली। एक्साइज विभाग ने ट्रक को जब्त करते हुए ट्रक लेकर जा रहे बाबू राव और नीलेश को हिरासत में ले कर पूछताछ कर रही है। साथ हीं शराब लेकर जा रहे लोगों ने एक परमिट भी दिखाई, उसकी भी जांच की जा रही है। एक्साइज सुप्रिटेंडेंट ने बताया कि दिखाए गए परमिट से अधिक शराब का परिवहन किया जा रहा है। इसके अलावा परमिट में जिस शराब का जिक्र है उसके विपरीत दूसरी शराब ट्रक में है जिसको लेकर उसे विधिवत जप्त की गई ।उत्पाद अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में आगे की कार्रवाई छानबीन के आधार पर की जाएगी फिलहाल ट्रक को जप्त करते हुए अवैध अंग्रेजी शराब को भी पुलिस कब्जे में रखी है ।

## न्यूज बॉक्स

### बैन के बाद पान मसाला का भाव बढ़ा, 10 में बिक रहा है एक कमला पसंद, प्रशासन बेखबर

**जलडेगा।** राज्य सरकार ने गुटखा-पान मसाला की बिक्री, सेवन और भंडारण पर एक वर्ष के लिए राज्य में पूरी तरह से रोक लगा दी है। इस निर्णय के बाद दुकानदारों पर गुटखा पान मसाला की बिक्री और भंडारण करने पर उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसे खरीदकर इसका सेवन करने वालों पर भी कार्रवाई होगी। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के जारी आदेश के बाद जलडेगा थाना और ओड़गा ओपी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में पान दुकान, जनरल स्टोर, चाय दुकान सहित अन्य दुकानों पर खुलेआम गुटखा-पान मसाला बिक रहा है। दुकानदारों ने बैन को अवसर बनाकर ग्राहकों से एमआरपी से भी ज्यादा कीमत वसूल रहे हैं। वहीं दुकानदार आदेश के बाद थोड़े भयभीत होकर बिक्री कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि दुकानदार ग्राहकों को पहचान - पहचान कर ही पान मसाला बेच रहे हैं। जो पान मसाला कल तक पांच रूपया में बिकता था उसका कीमत आज दस रुपया कर दिया गया है। फिर भी स्थानीय प्रशासन इन पर ध्यान नहीं दे रही है।

### विधायक ने बजट सत्र के दौरान लाह किट उपलब्ध कराने को लेकर उठाई मांग

**कोलेबिरा।** विधानसभा क्षेत्र से विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान रैयतो द्वारा लगाए गए पेड़ों के काटने एवं लाह किट पर सदन में आवाज उठाया है।उन्होंने कहा कोलेबिरा विधानसभा सहित सम्पूर्ण सिमडेगा जिला जो वनोत्पाद पर आधारित है। यहां के वासियों मुख्यतः जीवन यापन वन से उत्पादित महुआ, डोरी,चीरौंजी,लाह आदि के ऊपज पर निर्भर करता है। यहां लाह की खेती के लिए अपार संभावनाएं हैं। किन्तु लाह कीट को लेकर किसान खेती नहीं कर पा रहे हैं।इन संभावनाओं को देखते हुए सरकार से लाह कीट उपलब्ध कराने की मांग की।साथ ही विधायक कोलेबिरा ने अपने विधानसभा क्षेत्र में अवस्थित रैयतों के जमीन में लगे पेड़ों को काटने के लिए वन विभाग और अन्य विभागों में चक्कर काटना पड़ता है, किन्तु समय पर रैयत को अनुमति नहीं मिल पा रहा है। जिससे रैयत चाहकर भी अपने नीजि पेड़ को नहीं काट या बेच पा रहे हैं।

### पबुड़ा में महिला के सिर में पेड़ की डाली गिरी घायल,बानो अस्पताल में भर्ती

**बानो।** बानो प्रखंड क्षेत्र के पबुड़ा में एक महिला के सिर में पेड़ की डाली गिरने से महिला घायल हो गयी।मिली जानकारी के अनुसार पबुड़ा निवासी फुलमैइत देवी पेड़ के नीचे कुछ कर रही थी।इसी क्रम में पेड़ की डाली उसके सिर के ऊपर गिर गई,जिससे वो घायल हो गई।घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने बानो सामुदयिक स्वास्थय केंद्र में भर्ती कराया।जहां स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार ने घायल महिला इलाज किया गया।डॉ मनोरंजन कुमार ने बताया कि पेड़ की डाली गिरने से महिला के सिर में चोट लग गई है।घायल महिला का प्राथमिक इलाज कर दिया गया है। फिलहाल वो खतरे से बाहर है।

### रेलवे स्टेशन किनारे घायल मिले व्यक्ति की अब तक नहीं हो सके पहचान

**बानो।** महाबुआंग थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी ने ग्रामीणों से घायल को पहचानने का आग्रह किया। मालूम हो कि रेलवे स्टेशन कुरकुरा के समीप एक अज्ञात व्यक्ति जिसकी उम्र करीब 35 वर्ष है,अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गया।घायल व्यक्ति को ट्रेन से हटिया रेलवे स्टेशन भेज गया जहां उसका इलाज हटिया रेलवे अस्पताल में किया गया तत्पश्चात बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया जहां वो फिलहाल इलाजरत हैं।कोई भी सज्जन घायल व्यक्ति को पहचानते हो तो महाबुआंग थाना अथवा रेलवे पुलिस को सूचित करें।

### जलच्छाजन को लेकर निकाला गया मोटरसाईकिल जागरूकता रैली

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय में जलच्छाजन को लेकर निकाला गया मोटरसाईकिल जागरूकता रैली। इस मौक़े पर आयोजन कर्ता पास्कल डूंग डूंग ने बताया कि मोटरसाईकिल रैली के माध्यम से लोगो को जागरूक करते हुए बताया जा रहा है कि जल,जंगल, जमीन को किस तरह बचाया जा सके। बताया गया कि जलच्छाजन यात्रा के माध्यम से वर्षा के जल को संरक्षण करना मुख्य उदेश्य है। यह कार्यक्रम कादोपानी एवं समसेरा पंचायत के गांवो में चलाया जा रहा है,मुखिया शशिकला तिर्की ने बताया कि जल छाजन एवं नई तकनीक को अपनाएंगे, मेड में पेड़ लगाएंगे, पानी बचाएंगे जिसमें सबका विकास होगा। इस मौक़े पर ग्रामीण विकास विभाग के पदाधिकारी, पासकल डूंग डूंग, शशिकला. तिर्की, शैल मर्फी तिर्की एवं भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### बच्चों के प्रतिभा में निखार लाती है खेल कूद : अजय एक्का

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल कोनमेंजरा में ऊमाईजा फातिमा फाउंडेशन के सहयोग से वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों के लिए बिस्कुट रेस, दौड़ प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता सहित कई खेलकूद का आयोजन किया गया। बच्चों ने भी कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल कूद जीवन में बहुत आवश्यक है इस तरह के आयोजन से शरीर और मन को तंदुरुस्ती तो मिलती ही है बच्चों को इस तरह का आयोजन से अपने प्रतिभा को भी निखारने का मौका मिलता है। मौके पर ठेठईटांगर थाना प्रभारी मुर्तजा अंसारी, ऊमाईजा फातिमा फाउंडेशन के प्रतिनिधि मो. ईमरान, केंद्रीय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य अजीत केरकेट्टा, सि. शीला सहित स्कूल के शिक्षक - शिक्षिकाएं बच्चों के अभिभावकगण मौजूद रहे।

## गांव में चल रहे पुलिया निर्माण कार्य में मजदूरों को मिल रही है कम मजदूरी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** मंगलवार को सिमडेगा जिला आरानी धरनाटुकु गांव में बना रहे पुलिया निर्माण कार्य का मजदूर नेता राजेश सिंह के द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी दर नहीं दी जा रही है पूछताछ करने पर महिला एवं पुरुष मजदूरों ने बताया कि महिला को 300 एवं कुली को 350 के दर से दिया जा रहा है। सरकारी दर पर मजदूरी भुगतान नहीं किया जा रहा है मजदूरों ने कहा कि विभागीय काम हो रहा है जहां पर ठेकेदार श्रम अधीक्षक मिली भगत से मजदूरों का खून चूसा जा रहा है। मजदूरों के समस्या को लेकर मजदूर नेता राजेश सिंह ने कहा कि जिला के उपायुक्त को एवं श्रम अधीक्षक को लिखित शिकायत दिया जाएगा ठेकेदार वीरेंद्र जागेश साहू के खिलाफ शिकायत की जाएगी श्री सिंह ने कहा कि सिमडेगा जिला में जितने भी सरकारी भवन स्कूल, पुलिया चेक डैम सरना बाउंड्री धुनकुरिया बनाया जा रहा है वहां पर मजदूरों को कम मजदूरी दिया जा रहा है ।श्री सिंह ने कहा कि मजदूरों की समस्या को लेकर जिला के उपायुक्त को अवगत कराया था लेकिन आज तक किसी प्रकार का मजदूर के प्रति अंकुश नहीं लगा ।श्री सिंह ने कहा कि मजदूरों को सुनने वाला कोई भी जनप्रतिनिधि या सांसद नही है। श्री सिंह ने कहा कि सिमडेगा जिला के समस्या को लेकर झारखंड सरकार के मुख्य सचिव विभागीय सचिव को लिखित शिकायत दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कि हम लोगों को सुनने वाला कोई नहीं है की अगर एक सप्ताह के अंदर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुआ तो जिला में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।मौके पर संदीप डांग, सुधीर जोजो, नीरज जोजो, सुसान संमद, राजेश कीड़ों,सुप्रिया, इतवारी हेमरोम, आनंदी हेमरोम, सुषमा हेंब्रम, मालती देवी, सुनीतादेवी, टेरेसा हेंब्रम, तनीषा टोपनो आदि उपस्थित थे।

## केतुंगाधाम में तीन दिवसीय हरि कीर्तन के कार्यक्रम, कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड के केतुंगाधाम में केतुंगा न्यास समिति व पूजा समिति के तत्वाधान में महाशिवरात्रि के अवसर पर तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह अष्टप्रहरी कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा में 501 महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से आरंभ होकर विभिन्न मार्ग होते हुए देवनदी पहुंची।जहां पंडित मनोज गोस्वामी व पवन शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना किया।विधि विधान से कलश में जल भरा गया।इसके बाद कलश यात्रा पुनः यज्ञ स्थल पहुंची जहां पर कलश स्थापना किया गया।25 फरवरी को नामकरण व अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा 27 फरवरी को पूर्णाहूती,नगर भ्रमण और भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।पुरोहित प्रदीप गोस्वामी व पवन शर्मा और यजमान की भूमिका में राधेश्याम सोनार व पत्नी सरस्वती देवी और ऊमेश साहु व पत्नी अंजनी देवी शामिल रही। आयोजन को सफल बनाने में ,केतुंगा धाम न्यास समिति के अध्यक्ष सुकरा केरकेट्टा, उपाध्यक्ष कृष्णा सिंह,सचिव ओमप्रकाश साहू,महासचिव मनोज गोस्वामी,संरक्षक सह मुख्य पुजारी प्रदीप गोस्वामी, रोहित साहू,दीलिप पंडा,सखिंदर ओहदार, राधेश्याम,श्याम सोनी,बंधनु केरकेट्टा,प्रमोद सोनी,रोहित सिंह,कृष्णा सिंह के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## महाबुआंग में अधूरे कागजात रहने पर दो वाहन चालकों का चालान काटा गया



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** महाबुआंग थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के समीप थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया।अधूरे कागजात रहने पर दो वाहन चालकों का चालान काटा गया।महाबुआंग थाना प्रभारी के नेतृत्व में मंगलवार को रेलवे स्टेशन के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया इस दौरान दोपहिया,तीन पहिया व चार पहिया वाहन के कागजात डिक्की हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी।सड़क पर लोगों को वाहन पार्किंग करने पर फटकार लगाई गयी।टेंपो में चालकों को अगले सीट पर महिलाओं को नही बैठाने हिदायत दी गयी।पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी।थाना प्रभारी ने बताया कि हेलमेट और बिना लाइसेंस के दो वाहन चालकों का चालान काटा गया।अभियान को सफल बनाने में पुलिस बल के जवानों ने भी सहयोग किया।

## साइबर क्राइम और छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** साईबर क्राइम और छेड़खानी के आरोपी को कोलेबिरा थाना की पुलिस ने किया गिरफ्तार।ज्ञात हो की विगत दो वर्ष पूर्व कोलेबिरा थाना क्षेत्र के एक युवती ने कोलेबिरा थाना में पता-खपिया,थाना-सिमरिया जिला चतरा निवासी मो॰आसिफ अंसारी पिता-बदरूद्दीन अंसारी के विरुद्ध छेड़खानी और साइबर क्राइम का मामला दर्ज कराया था।अभियुक्त फरार चल रहा था जिसे बीती रात कोलेबिरा थाना की पुलिस ने चतरा से पकड़कर कोलेबिरा थाना लाया और 25 फरवरी को कोलेबिरा थाना कांड संख्या 030/2023 दिनांक 18-05-2023,धारा 354(I)504 भा॰द॰वि॰ एवं 67 आई॰टी॰ एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त मो॰ असिफ अंसारी को छेड़खानी के आरोप में गिरफ्तार कर सिमडेगा न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया।आरोपी को गिरफ्तार करने में कोलेबिरा थाना के पु.अ.नि अरविंद कुमार,पु.अ.नि बनबिहारी कुमार और थाना के जवानों ने सहयोग किया।

## गिरदा ओ.पी. परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** गिरदा ओ.पी.परिसर में मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी बानो रवि भूषण प्रसाद,ओपी प्रभारी हर्ष कुमार साह और राजस्व निरीक्षक मिथिलेश कुमार गुप्ता उपस्थित थे।उन्होंने लोगों की जमीन संबंधित विवादों को सुनते हुए उन्हें आपसी समझौते के आधार पर सुलझाने का प्रयास किया। मौके पर पुलिस अधिकारी और अंचल कर्मी भी उपस्थित थे।थाना दिवस के अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा जमीन विवाद से संबंधित कुल छः आवेदन मिला जिसपर सुनवाई की गई एवं 01 मामले का निष्पादन किया गया।इस अवसर पर सीओ रवि भूषण प्रसाद और गिरदा ओपी प्रभारी हर्ष कुमार साह ने जानकारी देते हुए कहा कि उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना में थाना दिवस मनाया जाना है।

## गरिमा केंद्र में घरेलू हिंसा व मानव तस्करी पर हुई समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा स्थित गरिमा केंद्र में थाना के एस आई बनबिहारी कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कई विषय पर समीक्षा बैठक हुई।बैठक में घरेलु हिंसा,मानव तस्करी,डायन कुप्रथा,बाल यौन हिंसा,साइबर क्राइम,बाल विवाह आदि विषयों पर चर्चा किया गया तत्पश्चात रजिस्टर में लिखित केस को जीआरसीजीजेसी एप्प में अपलोड किया गया।थाना के एस आई बनबिहारी कुमार ने गरिमा केंद्र में जितने भी केस आए उनके बारे में जायजा लिया, गरिमा केंद्र की सखी दीदीयों ने विस्तार पूर्वक केस से संबंधित जानकारी मुहैया कराई।साथ ही उन्होंने गरीमा केन्द्र की सखी दीदीयों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन आपके सहयोग के लिए सदैव आपके साथ है।आपकी जो भी समस्या हो तुरंत थाना को सूचित करें थाना हर संभव आपका सहयोग करेगा।

# शिवालयों में तैयारियां पूरी, महाशिवरात्रि आज



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी** प्रखंड के विभिन्न स्थानों में अवस्थित शिवालयों में महाशिवरात्रि की तैयारी अंतिम चरण में है। बुधवार को होने वाली शिवरात्रि महोत्सव को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में अवस्थित शिव मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर की साफ सफाई एवं रंग रोगन किया गया है, साथ ही साउंड व साज सज्जा के लिए ऑडर दे दिया गया है। वनांचल चौक समीप स्थित बाबा तारकेश्वर नाथ शिवालय,जमुनिया नदी स्थित यमुना सागर धाम शिवालय, जामतारा शिव मंदिर, कोनार शिवालय, डुमरी शिवालय, वन विभाग शिवालय, कुलगो शिवालय, इसरी शिवालय, खैरागढ़हा शिवालय, अतकी शिवालय, चैनपुर शिवालय, लालजी भगत शिवालय इसरी बाजार आदि विभिन्न क्षेत्रों में अवस्थित शिवालयों में महाशिवरात्रि की तैयारी पूरे जोरशोर से किया जा रहा है। बतां दें कि महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालुओं की भीड़ अहले सुबह से ही शिवालयों में शिव पार्वती की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर अपने व अपने परिवार की समृद्धि व खुशहाली की कामना करते हैं। श्रद्धालु क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में शिवलिंग पर जलाभिषेक करके बेलपत्र, धतुरा,भांग आदि का अर्पण करते हैं। इस अवसर पर शिव मंदिरों में बजने वाले धार्मिक गीतों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो जाता है। शिव बारात में शामिल लोगों में खासा उत्साह देखा जाता है।सभी शिवालयों में भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## बेड़ोकला में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर बैठक



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बेड़ोकला में डॉ.भीमराव अम्बेडकर क्लब के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दामोदर दास ने किया।इस निमित सर्वसम्मति से आगामी डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं जयंती समारोह में झारखंड के स्टार खोरठा गायक सतीश दास और उनकी टीम का कार्यक्रम आयोजित करने पर विचार किया गया। बैठक में तुलसी दास, कार्तिक दास, दामोदर दास, सूरज दास, लालजीत दास, दिलीप दास, चंदन दास, सिकेन्द्र दास, राहुल दास, रंजीत दास, जितेंद्र दास, तपेश दास, अनिल दास, संतोष दास, आशीष दास, अशोक दास समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

श्री श्री नीलकंठेश्वर धाम मंदिर में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन

## प्रभु की अराधना करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और खुशहाली आती है : मनोज महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** कांकेबार स्थित श्री श्री नीलकंठेश्वर धाम मंदिर की 17वीं वर्षगाठ के शुभ अवसर पर 24 घटे के अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है। जिसका विधिवत उदघाटन मंगलवार को मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो द्वारा किया गया । इस मौके पर मनोज कुमार महतो ने कहा कि प्रभु की अराधना से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और खुशहाली आती है। उन्होने लोगों से आहवान किया की अपने व्यस्त जीवन में प्रभु की अराधना के लिए भी थोड़ा समय निकालें। कहा कि प्रभु की अराधना करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और खुशहाली आती है। साथ ही प्रभु की अराधना से हम सभी को अलौकिक उर्जा का आभास होता है इसलिए नियमित रूप से प्रभु की अराधना करनी चाहिए। कार्यक्रम में मुकेश महतो, सुरेश महतो, जेठू महतो, सुरेंद्र महतो, शहजनाथ महतो, चुन्नीलाल महतो, शीतल प्रसाद, नुनुलाल महतो, अशोक महतो, प्रमिला देवी, वर्षा कुमारी, किरण देवी आदि भाग ले रहे हैं।

महाशिवरात्रि को लेकर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त

## शांति और सौहार्द से मनाएं महाशिवरात्रि : सीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बुधवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में महाशिवरात्रि का त्यौहार मनाया जाना है. इस अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रखंड के 7 विभिन्न शिवालयों के पास दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए है. जो विधि व्यवस्था देखने का काम करेंगे. उक्त जानकारी सीओ अमित किस्कू ने दी. उन्होंने कहा दंडाधिकारी प्रतिनियुक्ति को लेकर एसडीओ को सूची भेजी का चुकी है. सूची के अनुसार राजस्व कर्मचारी सह प्रभारी सीआई रीतलाल रजक को प्रखंड परिसर स्थित शिवालय, 15वीं वित के कनीय अभियंता मो आसिफ को गया रोड पुराना शिव मंदिर, एनएच डाक बंगला परिसर स्थित शिवालय के पास मनरेगा के कनीय अभियंता आदर्श कुमार, करियातपुर स्थित शिवालय के लिए मो रागिब कनीय अभियंता मनरेगा, शिव मंदिर गौरिया करमा के लिए मनरेगा की कनीय अभियंता रूपम राज, दुलमहा शिवालय के लिए मनरेगा के कनीय अभियंता टिंकू कुमार और शिव मंदिर बरसोत के लिए 15वीं वित्त के कनीय अभियंता बिरेंद्र कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है. सीओ ने सभी शिव भक्तों से शांति और सौहार्द से महाशिवरात्रि मनाने की अपील किया है.

## झारोटेप ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारोटेप झारखंड प्रदेश के बैनर तले 25 फरवरी को मांडू प्रखंड में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया. जिसमें प्रदेश उप महासचिव डॉ सुनील कुमार कश्यप, लोकेश कुमार, संयुक्त महासचिव,विनीता सिंह, सीनियर शिक्षक अवधेश प्रसाद,अशोक कुमार साहू, निरंजन प्रसाद, ललन कुमार, शिव कुमार सिंह,शिव चंदन मिश्रा, मुन्ना यादव, जयकरण महतो,संजीव कुमार,श्वेता कुमारी, विमल बेदिया, माधवी कुमारी, शालिनी श्रीवास्तव, दिव्या,प्रेरणा, पूनम बेंगरा,जनार्दन प्रसाद गोप, तीतर तुरी, अजीत मिश्रा, विजय झा,अजय कुमार सिंह, आशा देवी, वीरेंद्र कुमार सिंह,आनंद राम,विकास कुमार, मोहम्मद वकील,सुनील कुमार यादव, कृष्ण राम बेदिया,संगीता कुमारी,अनुज कुमार मुंडा, शमशाद आलम,अमित कुमार, निरंजन करमाली,नवीन कुमार, नेहा कुमारी, नील कमल द्विवेदी, बैजनाथ कुमार, सुमित कुमार, शशि किरण, चाँदनी कुमारी, श्याम सागर बेदिया, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, किस्तो महतो, मांडू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय और अंचल अधिकारी कार्यालय के सभी के कर्मचारियों ने पूरी मनोयोग से सहयोग किया. यह बात डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कही.

दो महीने बाद खुला सील किया गया गोल्डन फ्यूचर पब्लिक स्कूल

## शराब बनाने की सूचना पर हुई छापेमारी विद्यालय में ढ़िबरा मिलने पर हुआ था सील



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** अवैध स्प्रिट खोजने के दौरान गोल्ड़न फ्यूचर पब्लिक स्कूल परिसर में मिले ढ़िबरा मामले में प्रशासन द्वारा सील किए गए विद्यालय को पुनः खोल दिया गया। मंगलवार को तिसरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार, अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद, प्रभारी वनपाल अभिमित राज पुलिस बल के साथ खिजुरी के कसियाटांड स्थित गोल्ड़न फ्यूचर पब्लिक स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने विद्यालय के संचालक कारू बर्णवाल के समक्ष विडियोग्राफी करते हुए उक्त विद्यालय का सील खोला। साथ ही विद्यालय परिसर स्थित एक भवन में रखे गए अवैध ढ़िबरा को वन विभाग ने अपने कब्जे में लेकर बिट कार्यालय ले गई। बताया गया कि विद्यालय परिसर में रखे गए अवैध माइका को बिट कार्यालय ले जाने के बाद उस भवन के दरवाजे को ईंट जोड़कर बंद कर दिया जायेगा। इसके अलावे विद्यालय संचालक से शपथ पत्र भरवाया जायेगा कि आगे से उक्त विद्यालय परिसर में कुछ भी गैरकानूनी कार्य होगा तो उसकी पूरी जिम्मेवारी संचालक की होगी। मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय सील होने के बाद संचालक कारू लाल बर्णवाल ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से विद्यालय पुनः खोलने का अनुरोध किया था। इसको लेकर वरिय पदाधिकारियों से बातचीत भी की गई थी। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि खोरीमहुआ एसडीएम के आदेश पर चार सदस्यीय टीम बनाकर उक्त विद्यालय में लगा सील खोलने का आदेश मिला है। हालांकि उन्होंने कैमरे के सामने बोलने से इंकार कर दिया।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के जामतारा के पास बुधवार को एक ट्रक द्वारा एक बाइक में धक्का मार देने से बाइक चालक जोभी निवासी बाबूचन किस्कू (21) गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजन घायल को सीधे धनबाद ले गए।बताया जाता है कि बाइक चालक बाबूचन अपने पिता चुड़का किस्कू एवं पत्नी के साथ बाइक से डुमरी से वापस घर जोभी जा रहा था कि जामतारा ओवरब्रिज के पास किसी का फोन आ जाने से सड़क किनारे खड़ा हो कर बात कर रहा था वहीं उसके पिता एवं पत्नी दूर खड़े थे।इसी दौरान गिरिडीह की ओर से आ रही एक ट्रक अनियंत्रित होकर युवक को धक्का मार दिया।

### ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी



**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के बाराडीह पंचायत में पिछले दो साल से बंद पड़ी बाराडीह पेयजलापूर्ति योजना को लेकर ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इस धरने का नेतृत्व समाजसेवी बबलू यादव कर रहे हैं। मंगलवार को आजसू पार्टी ने इस आंदोलन का समर्थन किया। आजसू नेता प्रखंड उपाध्यक्ष अमित गुप्ता और प्रखंड सचिव राजेंद्र कुमार यादव धरना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की समस्या को लेकर वे लंबे समय से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। धरना स्थल पर पहुंचे आजसू नेताओं प्रखंड उपाध्यक्ष अमित गुप्ता और प्रखंड सचिव राजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीणों की यह समस्या बेहद गंभीर है, और प्रशासन की उदासीनता चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि बाराडीह पंचायत में दो साल से पेयजल आपूर्ति ठप है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ट्रैफिक पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान,50 मोटरसाइकिलों का 75000 का कटा चालान



**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के जुठाहआम के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस वाहन चेकिंग अभियान में ट्रैफिक इंस्पेक्टर दुग्गन टोपनो खुद मौजूद थे। इस अभियान में लगभग पचास मोटरसाइकिलों पर कारवाही किया गया है। जिसमें लगभग 75000 रुपए का चलाना काटा गया और मोटरसाइकिल पर कारवाही हुई है। बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, ट्रिपल लोड अन्य चीज को जाँच करते हुए।कमी देखा गया।उन मोटरसाइकिलों पर कार्रवाई की गई। इस वाहन चेकिंग अभियान में भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार,एएसआई जितेंद्र कुमार समेत अन्य पुलिस जवानों शामिल हुए। ट्रैफिक इंस्पेक्टर दुग्गन टोपनो ने कहा कि यातायात नियमों का पालन सभी के लिए अनिवार्य है। बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और ट्रिपल राइडिंग जैसी लापरवाहियों से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की और कहा कि आगे भी ऐसे चेकिंग अभियान जारी रहेंगे।उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### परमेश्वर राम डीलर के दुकान में प्रारंभ हुई सोना सोबरन योजना

**बरही ।** बरही पश्चिमी पंचायत अंतर्गत गया रोड स्थित परमेश्वर राम डीलर के दुकान पर स्थानीय मुखिया शमशेर आलम ने सोना सोबरन योजना को शुरूआत किया. मुखिया ने उपस्थित कार्डधारियों के बीच साड़ी धोती और लुंगी बांटकर योजना का शुभारंभ किया. उन्होंने कहा कि यह वितरण राज्य सरकार की कल्याणकारी योजना के तहत किया जा रहा है. जिसमे लाभुको को अनुदानित मूल्य पर मात्र 10 रुपए में साड़ी धोती और लुंगी उपलब्ध करवाए जा रहें हैं. उन्होंने कहा कि राज्य में गरीबों के लिए रोटी कपड़ा और मकान का सरकार ने पूरी व्यवस्था कर रखी है. इसी सिस्टम को दुरुस्त रखने के लिए हम सबों को जागरूक होना होगा, ताकि बिचौलिए हावी नहीं हो. जिससे सरकार के निर्धारित नियमानुसार लाभुको को लाभ मिल सके. उन्होंने डीलर सहित वार्ड सदस्यों को अपने क्षेत्र के योग्य व जरूरत मंद लोगो के बीच समर्पित होकर वस्त्र वितरण करने की अपील किया. इस अवसर पर डीलर सहित असलम ऊर्फ टिंकू आलम, महेंद्र केसरी, मुकेश राम, राजू निषाद आदि सहित कार्डधारी और लाभुक मौजुद थे.

## मिल्क ऑटो व बाइक में जोरदार टक्कर, बाइक सवार की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय, गिरिडीह** घटना गिरिडीह-टुंडी मुख्य मार्ग के ताराटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडरी गांव के समीप मुख्य मार्ग पर मिल्क ओटो भैन व बाईक में जोरदार टक्कर हुई जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और बाईक व मिल्क ओटो वैन क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पाकर ताराटांड़ थाने की पुलिस घटनास्थल पहुंची व गंभीर रूप से घायल युवक को ग्रामीणों व राहगीरों की मदद से सदर अस्पताल गिरिडीह भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार कर उसे धनबाद रेफर कर दिया गया। आनन फानन में गंभीर रूप से घायल युवक को धनबाद ले जाने के क्रम में रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। मृतक युवक धनबाद जिला अंतर्गत पांडरकनाली दक्षिण गभुर्डीह के निवासी समरेश महतो के पुत्र 40 वर्षीय शंकर महतो के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मिल्क ऑटो धनबाद की ओर से आ रही थी और बाइक सवार युवक गिरिडीह की ओर से जा रही थी। इस घटना से पुरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

शिक्षा व्यवस्था की बदहाली पर भाजपा विधायक का धरना

## छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करे सरकार : विधायक




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा के बाहर धरना देकर राज्य सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है और मैट्रिक जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा को भी सुचारू रूप से आयोजित करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उनके साथ उनके साथ भारतीय जनता पार्टी से जुड़े सभी विधायक भी धरना में मौजूद रहे.

**शिक्षा में अनियमितताओं पर विधायक का प्रहार :** विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैट्रिक परीक्षा के दौरान कई जगहों पर अव्यवस्था की शिकायतें सामने आई हैं। परीक्षा केंद्रों में उचित प्रबंधन का अभाव, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता भंग होने की खबरें और प्रशासनिक लापरवाही के कारण विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की उदासीनता से लाखों छात्रों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा।

**सरकार को चेतावनी, नहीं रुकी लापरवाही तो होगा बड़ा आंदोलन :** धरने के दौरान विधायक ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर परीक्षा प्रणाली में सुधार नहीं किया गया और छात्रों के हितों की अनदेखी जारी रही, तो भाजपा मजबूर होकर बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए, दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो और भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं।


**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,Ranchi**

**CORRIGENDUM**

**e-Procurement Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Div, BCD, Ranchi-42/2024-25 Date:-08.01.25, PR No- 343893 Building (24-25). D** Construction of Boundary Wall (750'0") with Camp Office at Proposed New Jharkhand Bhawan Site, Navi Mumbai, Maharashtra कार्य के लिए वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि, बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं निविदा खोलने की तिथि में कतिपय कारणों से संशोधन किया जा रहा है जिसका विवरणी निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | मद | तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 16.01.2025 | 27.02.2025 |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि | 30.01.2025 | 11.03.2025 |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | 31.01.2025 | 12.03.2025 |

शेष सभी शर्ते यथावत रहेंगी।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Special Works Division
Building Construction Department,Ranchi .

PR 347206 Building(24-25).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय जल पथ प्रमंडल सं0–2 हजारीबाग।**
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 14/2024–2025**
**(मद–अनाबद्ध मद)**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बरही प्रखंड में रंजीत केषरी के घर ये तिलक साव के घर के निकट मंदिर तक पक्का नाला ढक्कन सहित निर्माण कार्य | 24,89,910.00 | 50000.00 | 5000.00 | 60 Days |
| 2 | सदर प्रखंड अन्तर्गत डिपूगढ़ा के मरियम टोली में अजीत हेम्ब्रम के घर से दिलीप बाखला केघर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 7,59,900.00 | 15,200.00 | 1250.00 | 60 days |

1. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। तिथि एवं समय दिनांक 06.03.2025 पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 2:00 बजे तक।
2. निविदा प्राप्ति की स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 07.03.2025 पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 2:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की स्थान तिथि एवं समय : दिनांक 07.03.2025 को अपराहण 2:30 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।
4. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं दूरभाष सं0– : कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। 7903709450
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है ।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।

PR 347267 Water Resource(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़।**

**अतिअल्पकालीन र्निविदा आंमत्रण सूचना सं0–27/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय : दिनांक 05/03/2025 को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 06/03/2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 06/03/2025 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कण्डिका 5, में वर्णित (2)
7. कार्यों का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Estimate for Renovation of Drain & other Works In D- Type Qtr, Ramgarh | 2,48,800.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 2 | Estimate For Emergent Repair Work of Store Room In Campus of Dc Residence At Ramgarh | 2,49,000.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 3 | Estimate For Repair Work of Residential building Of P.O Qtr ( B-1 , Rajesh Sharma ) | 1,98,200.00 | 4000/- | 500/- | 10 दिन |
| 4 | Estimate For Change In Sanitary Fitting & Repair In Dc Residence, Ramgarh | 2,34,410.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 5 | Estimate For Emergent Repair & Painting of Dc Residence Ramgarh | 2,49,600.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 6 | Estimate For The Repair And Painting of B- Type And C Type Judiciary Quarter Ramgarh. | 2,46,500.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 7 | Estimate For Emergent Repair Work i n D-Type Quarter (1st Block ), Ramgarh. | 2,48,000.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 8 | Construction of Car Shed In S.D.M. Residence, Ramgarh. | 2,48,350.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 9 | Raising of Boundary Wall By Providing G.C.I Sheet Shed In S.D.M. Residence, Ramgarh. | 2,48,650.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 10 | Renovation of Registrar Quarter Of Civil Court,Ramgarh. | 2,47,600.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 11 | Renovation of D.D.C. Quarter, Ramgarh. | 2,48,750.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 12 | Providing & Fixing False Ceiling In S.P. Residence, Ramgarh. | 2,48,150.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 13 | Estimate For Emergent Repair Works In D -Type Quarter(D-1) And Electrical & Plumbing Repairs With Seepage Corrections In Judge Residences At Ramgarh. | 2,48,410.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 14 | Estimate For Change of Submersible Pump Set And Renovation of D-4 & D-6 Quarter of Judiciary Block -D , Ramgarh | 2,48,600.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 15 | Estimate For Repair of Strong Room of Treasury , Ramgarh | 2,49,300.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 16 | Estimate For Emergent Repair of Sanitary Fittings At Collectoriate Toilets & Other Works, Ramgarh | 2,49,260.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 17 | Estimate For Emergent Repair Work At Civil Court, Ramgarh. | 2,49,300.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 18 | Renovation of Pdj Chamber In Civil Court, Ramgarh. | 2,48,900.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 19 | Extension of Pdj Office In Civil Court, Ramgarh. | 2,48,700.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 20 | Renovation Of Civil Court's Registrar Office And Change Of Submersible Pump Set In Suchna Bhawan, Ramgarh. | 2,47,600.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 21 | Flushing Of Old Bore And Change Of Submersible Pump Set With All Fittings In Evm Warehouse, Ramgarh. | 2,48,400.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 22 | Renovation Work Including Replacement Of Submersible Pump Set(2no.) At Civil Court Campus, Ramgarh. | 2,49,950.00 | 5000/- | 500/- | 10 दिन |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल ,रामगढ़।

PR 347218 (Building) 24-25 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

गर्व अंधा करने वाला है, यह महान आत्माओं की विशालता की दृष्टि से हमें वंचित रखता है। विनम्रता वह खुला द्वार है जिससे होकर ईश्वर की दया एवं शक्ति की दिव्य बाढ़, ग्रहणशील आत्माओं में प्रेमपूर्वक प्रवाहित होती है। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री पर देश की नजर

रेखा गुप्ता के रूप में भाजपा ने एक ऐसे चेहरे को आगे बढ़ाया है जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। लोगों को विश्वास है कि निश्चित ही अन्य राज्यों की भांति दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता भी नया इतिहास का सृजन करते हुए विकास की नई गाथा लिखेंगी। दिल्ली से पहले भाजपा की 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में सरकार थी लेकिन कोई भी महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। दिल्ली में चौथी मुख्यमंत्री के रूप में भले ही रेखा गुप्ता का नाम राजनीति गलियारों में व्यापक चर्चा का विषय बन रहा हो, लेकिन राजनीति में महिलाओं के वर्चस्व को बढ़ाने की यह कार्य सराहनीय है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर चौंकाया था। लेकिन यह संदेश भी दिया था कि पार्टी में बड़ा चेहरा होना सब कुछ नहीं है। जनता के साथ भाजपा और देश की निगाहें उनपर लगी रहेंगी । दिल्ली की जनता से मोदी ने जो वायदे किये हैं, उनको पूरा करने के लिये वे स्वयं दिल्ली पर निगरानी रखेंगे। मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का सफर चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि उन्हें उन सारी घोषणाओं और वादों को पूरा करना है, जो चुनाव के दौरान बार-बार दोहराया गया था। इनमें यमुना की सफाई, स्वच्छ पेयजल, साफ प्रदूषण रहित हवा दिल्ली को देना, प्रति वर्ष 50 हजार नई नौकरियों का सृजन, महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देना, वृद्धों को पेंशन, मुफ्त बस यात्रा, नालों गलियों सीवर की सफाई, सड़कों की मरम्मत, ट्रैफिक जाम से निजात समेत आप सरकार की मुफ्त बिजली पानी जैसी लोकलुभावन योजनाओं को जारी रखना शामिल होगा। खासकर 15 साल तक मुख्यमंत्री रहीं और दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के कामकाज से रेखा सरकार के कामकाज की तुलना होगी। इसके साथ ही रेखा गुप्ता को उपराज्यपाल और केंद्र सरकार के साथ तालमेल बिठाते हुए भी ये संदेश भी देना होगा कि वे कठपुतली मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसके लिए उन्हें शीला और सुषमा का उदाहरण सामने रखकर नयी रेखाएं खिंचनी होगी। असली परीक्षा अब होगी और वह परीक्षा है उनका काम करने का तरीका एवं दिल्ली को दुनिया की अग्रणी राजधानी बनाने का । सामने आम आदमी पार्टी के आक्रामक विरोध से निपटने की भी चुनौती होगी। 22 विधायक और 43 फीसदी मत प्रतिशत वाली आप विधानसभा के भीतर बाहर सरकार के विरोध में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इन बाहरी चुनौतियों के साथ ही पार्टी के भीतर वो नेता जिनकी नजर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर थी, उनके भीतरघात से भी सजग रहने व निपटने की चुनौती होगी। हालांकि, मौजूदा भाजपा नेतृत्व के दौर में भीतरघात बहुत असरदार नहीं बचा है, लेकिन इसके बावजूद कुछ भाजपा नेता उन्हें विफल होते भी देखना चाहते होंगे । सबसे बड़ी चुनौती नौकरशाही पर सार्थक नियंत्रण और उसे जनोन्मुखी बनाने की होगी। साथ ही दिल्ली के सभी वर्गों समूहों और क्षेत्रों में संतुलन साधते हुए विकास करने की होगी। दिल्ली देश की राजधानी और केंद्र के सीधे नियंत्रण में है, इसलिए उनके हर काम पर देश एवं दुनिया के मीडिया के साथ-साथ केन्द्र की नजर रहेगी, इसलिए उन्हें फूंक फूंक कर कदम रखने होंगे।

*दिल्ली की जनता से मोदी ने जो वायदे किये हैं, उनको पूरा करने के लिये वे स्वयं दिल्ली पर निगरानी रखेंगे।*

# यह वही झारखंड है जहाँ विध्वंस के बाद भी शिव को मिटाया न जा सका

पाशुपत्य विद्यालय और अष्टशंभु महादेव की परिकल्पना के साकार स्वरूप का दर्शन करना हो तो झारखंड से अच्छा उदाहरण शायद ही कहीं देखने को मिले। पाशुपत्य संप्रदाय को शैव धर्म का सबसे प्राचीन संप्रदाय माना जाता है। इस संप्रदाय की स्थापना की कोई तारीख निश्चित नहीं है परन्तु महाभारत तक में इसका जिक्र मिलता है। विभिन्न कारणों से झारखंड का इस संप्रदाय से गहरा नाता रहा है और यहाँ के किसी एक भाग से यह बंधा हुआ भी नहीं है। इस माटी में बैजनाथ धाम की गरिमामय उपस्थिति जरूर है परन्तु दिलचस्प तौर पर शैव मत के प्रति इसके समर्पण को किसी भी ज्योतिर्लिंग या किसी मठ मंदिर के साथ बांधकर नहीं देखा जा सकता।

संथाल परगना से लेकर झारखंड के सुदूरवर्ती गुमला सिमडेगा के सीमांत तक यह प्रदेश खुद में शिव के प्रति समर्पण का एक नायाब गवाह रहा है। इस गवाही का अनुभव करने के लिए महाभारत काल के ब्रात्य प्रदेश, कीकट प्रदेश, पुंड्र, पौन्ड्र आदि अनेक नामों का अवलोकन किया जा सकता है। इतिहासकारों की मानें तो समय समय पर उपरोक्त सभी नामों का उपयोग आज के झारखंड के लिए किया गया है। संदर्भवश यह वही प्रदेश है जिसके परित्याग की गाथा कुंती के साथ जुड़ी हुई है। मान्यताओं के अनुसार अपने पुत्रों के साथ इस प्रदेश में बिताए गए वनवास काल के दौरान काम वेदना से ग्रसित कुंती ने अपने इष्ट महादेव से प्राप्त संकेतों के बाद तत्काल इस क्षेत्र का परित्याग कर दिया था। इस कथा का एक पक्ष यह भी है कि जरासंध के साम्राज्य वाले इस भूमि को लौह तत्व के अस्त्र शस्त्र बनाने में महारत हासिल थी। असुरों के आराध्य देव को लेकर कोई संशय नहीं है क्योंकि महादेव के बगैर इनके अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। समय में बदलाव आया तो अस्त्र शस्त्र की परिभाषाएं बदली और लौह अयस्क के परिशोधन की तकनीक भी बदल गई। इन सबके बावजूद एक तथ्य नहीं बदला और इसे हम आज भी गुमला के टांगीनाथ में अनुभव कर सकते हैं। इस धाम को लेकर कई कथाओं के बीच तमाम धारणाएं प्रचलित हैं परन्तु यह तथ्य निर्विवाद रूप से कायम है कि यहाँ के लौह विग्रहों में कभी जंग नहीं लगा। आज भी जंगरहित यह विग्रह शिव के प्रति स्थानीय आग्रह का एक बड़ा केन्द्र बना हुआ है।

इसी तरह गुमला जिले के दूसरे छोर पर अवस्थित महादेव कोना भी कोई कम दमदार दावे के साथ इस समर्पण की पुष्टि नहीं करता। इतिहास की मानें तो बौद्ध धर्म अपनाने के बाद अशोक ने बड़ी संख्या में शिवालयों के विध्वंस का रास्ता अपनाया। मगध से कलिंग के रास्ते का अवलोकन करें तो सिमडेगा व गुमला में हुए इस विध्वंस की पुष्टि की जा सकती है। इस रास्ते में पड़ने वाले बसिया के महादेव कोना मंदिर के मलवे को आज भी इसका गवाह माना जाता है। इसी तरह सिमडेगा स्थित केतुंगाधाम के बौद्ध स्तुप, टांगीनाथ स्थित बौद्ध के संभावित विग्रह और महादेव कोना में असंख्य शिवलिंगों के बीच बौद्ध प्रतिमा की उपस्थिति को कतई नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

इन जगहों पर विध्वंसक कार्यवाही के अन्य कारण हो सकते हैं परन्तु लोकमान्यताओं के अनुसार यह जगह पाशुपत्य विद्यालय के अष्टशंभु केन्द्रों में से एक रहा है। वस्तुतः कलिंग प्रदेश के भुवनेश्वर को पाशुपत्य विद्यालय का एक प्रमुख केन्द्र माना जाता है। इस केंद्र के अंतर्गत आठ अष्टशंभु विद्यालयों की बातें भी की जाती हैं और मगध-कलिंग की भौगोलिक स्थिति के बीच इस विद्यालय की तत्संबंधी उपस्थिति को एकबारगी खारिज भी नहीं किया जा सकता। यहाँ इस मान्यता का निष्कर्ष यह भी निकाला जाता है कि महादेव कोना स्वयं पाशुपत्य विद्यालय का एक बड़ा केंद्र रहा है और इसी महत्व के कारण इसे सम्राट अशोक के तथाकथित विध्वंस का कोपभाजन बनना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि महादेव को देवों का देव माना जाता है। इस मान्यता का सर्वांग स्वरूप देखना हो तो झारखंड से उम्दा उदाहरण शायद ही कहीं देखने को मिले। वस्तुतः यहाँ उपरोक्त एक दो उदाहरणों से इस संदर्भ के प्रति न्याय नहीं किया जा सकता। इसके लिए महादेव के संपूर्ण कैनवास पर एक बड़े कार्ययोजना की आवश्यकता है क्योंकि यह एक ऐसा भूखंड रहा है जहाँ तमाम विध्वंसकारी कार्यवाईयों और राजसत्ता के कोप के बावजूद शंभू के प्रति आस्था को लेकर कभी संशय या सवाल खड़ा नहीं किया जा सका।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**







आज की बात



**केदारनाथ दास**

## बजट बढ़ा विकास नहीं

एक बार फिर हर साल की भांति राज्य सरकार बजट पेश करने की तैयारी कर रही है। 2001 में पहला बजट का आकार करीब 5200 करोड़ का था। बढ़ते बढ़ते पिछले साल करीब 125000 लाख करोड़ का हो गया। इन 25 सालों में सभी पार्टियों को यह अवसर मिला है, लेकिन फिर भी क्यों नहीं हुआ राज्य का विकास? ऊंची पढ़ाई के लिए बच्चों को दूसरे राज्य में जाना पड़ता है,क्यों ? वहां पढ़ाई तो कर लेते हैं, लेकिन फिर वापस नहीं आते ,क्यों ? इसलिए कि झारखंड में उनके लिए कोई रोजगार का साधन नहीं है ।बाहर के उद्योगपति झारखंड में फैक्ट्री नहीं लगाते हैं,क्यों? झारखंड में पर्यटक नहीं आते हैं,क्यों? कोई आईटी कंपनी झारखंड में नहींआती है ,क्यों? जब झारखंड बना था तो यह उम्मीद जगी थी कि चूंकि यहां प्रचुर मात्रा में खनिज रूपी प्राकृतिक धन यहां की धरती में छिपा है, लोग मेहनती हैं प्राकृतिक सुंदरता भरपूर है, पूरे भारत ही नहीं दुनिया के लोग भी यहां व्यापार उद्योग,पर्यटन के लिए आएंगे और हमारे यहां के बच्चों को रोजगार का अवसर मिलेगा। वे अपने परिवार के साथ रह पाएंगे। श्रमिकों को भी यही रोजगार मिलेगा और रोज ये खबरें पढ़ने को नहीं मिलेंगी कि हमारे आदिवासी भाई-बहन देश के विभिन्न राज्यों में सिर्फ मजदूरी करने के लिए जाते हैं और उनमें से बहुत लोग वहां फंस जाते हैं, उनको वापस लाने के लिए व्यवस्था करनी पड़ती है। बजट बनाते वक्त इन बातों पर विचार करना चाहिए। आज इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी का जमाना है। झारखंड के लाखों युवा आज इस पढ़ाई को पढ़कर बड़े-बड़े शहरों में जाकर बस गए हैं ,उनके मां-बाप यहां अकेले रह गए हैं । एमबीए की पढ़ाई करके भी आज झारखंड में युवाओं को 20000 की नौकरी भी उपलब्ध नहीं है,जब कि बड़े शहरों में उसे 80 हजार से लेकर 100000 तक तुरंत मिल जाती है। स्वाभाविक तौर पर वे बड़े शहरों में ही रह जाते हैं ,अपने घर और मां-बाप से दूर ,इन सब बातों पर बजट बनाते समय ध्यान देना चाहिए।दूसरी बात बजट का एक-एक पैसा ईमानदारी से खर्च होना चाहिए और इसके लिए जरूरी है , पारदर्शिता। हर महीने किस मद में कितना खर्च हुआ? यह सार्वजनिक होना चाहिए। एक बार सरकार आईटी के अनुसार कुछ भवन बना दे और आईटी कंपनियों को न्योता दे कि आपके लिए यहां सुविधा मुफ्त में तैयार है ,आप यहां आए और अपने सेंटर खोले ।इसका एक सुखद परिणाम यह आएगा कि यहां के पढ़े-लिखे बच्चे यहीं पर काम करेंगे और अपने परिवार के साथ रह पाएंगे कोई भी सरकार बहुत बड़ी संख्या में रोजगार नहीं दे सकती है, इसलिए स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, स्वरोजगारियों को ससम्मान जीने का,रोजी रोटी का संवैधानिक अधिकार का पालन होना चाहिए।

अलग बात



**संतोष अग्रवाल**
मोराबादी, रांची।

महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर

# "युवा शिव के शिवत्व को समझें"

महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे भगवान शिव की आराधना के लिए समर्पित किया गया है। यह दिन आत्मचिंतन, भक्ति और शिव तत्व के साथ एकात्मकता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। "ओम नमः शिवाय" मंत्र का जाप इस दिन विशेष रूप से प्रभावी माना जाता है, क्योंकि यह शिव के पंचाक्षरी मंत्र के रूप में जाना जाता है, जो आत्मा की शुद्धि और आंतरिक शक्ति को जागृत करता है। "ओम नमः शिवाय" मंत्र के लाभ से मानसिक शांति एवं ध्यान में वृद्धि होती है। यह मंत्र मन को शुद्ध करता है और ध्यान की गहराई को बढ़ाता है। नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति दिलाता है। यह नकारात्मक विचारों को हटाकर सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है। आध्यात्मिक उन्नति होती है। यह आत्मज्ञान की ओर ले जाता है और शिवत्व के साथ जुड़ने का माध्यम बनता है। स्वास्थ्य लाभ में वृद्धि होती है। वैज्ञानिक दृष्टि में, इस मंत्र के उच्चारण से शरीर में कंपन उत्पन्न होते हैं, जो मानसिक तनाव को कम करने और हृदय को स्वस्थ रखने में सहायक होते हैं। संतुलन एवं स्थिरता प्राप्त होती है। यह मंत्र व्यक्ति के भीतर संतुलन बनाए रखने में मदद करता है, जिससे मनुष्य अपने जीवन के निर्णयों को सही दिशा में ले जा सकता है। सत्यम शिवम सुंदरम इन तीन शब्दों को समझना युवाओं के लिए नितांत आवश्यक है। सत्यम (सत्य) – सत्य का पालन एवं चरित्र निर्माण। युवाओं के लिए सत्यनिष्ठा एक महत्वपूर्ण गुण है। शिव सत्य के प्रतीक हैं, वे किसी भी स्थिति में सत्य का समर्थन करते हैं। जब युवा सत्य के मार्ग पर चलते हैं, तो वे समाज में सम्मान प्राप्त करते हैं और जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। शिवम (कल्याण) -सेवा और त्याग की भावना। शिव केवल संहारक नहीं बल्कि पालनकर्ता भी हैं। उनका त्याग और भक्ति समाज कल्याण के लिए प्रेरित करती है। युवा यदि शिव के इस गुण को अपनाते हैं, तो वे समाज के लिए उपयोगी और प्रेरणादायक बन सकते हैं। सुंदरम (सौंदर्य) – आंतरिक सौंदर्य और आत्म-विकास। अर्थात शिव का सौंदर्य बाहरी रूप से नहीं बल्कि उनके आचरण और चरित्र में निहित है। युवाओं को इस बात को समझना चाहिए कि असली सुंदरता बाहरी नहीं बल्कि आंतरिक गुणों में होती है, जैसे करुणा, दया और प्रेम।

प्रश्न यहीं समाप्त नहीं होता आखिर युवाओं को शिव से क्या सीखना चाहिए? तो विचार आता है धैर्य और संतुलनः शिव ध्यान एवं समाधि में लीन रहते हैं, जिससे युवाओं को धैर्य और मानसिक स्थिरता का पाठ मिलता है। निडरताः शिव भयमुक्त और निर्भीक हैं, जिससे युवा भी अपने जीवन में किसी भी कठिनाई का सामना दृढ़ता से कर सकते हैं। समानता और समरसताः शिव समाज में ऊँच-नीच का भेद नहीं करते, जिससे युवा समता और भाईचारे की भावना सीख सकते हैं। समर्पण एवं भक्तिः शिव की आराधना त्याग और समर्पण का प्रतीक है, जिससे युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा मिलती है। भगवद गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा हैः "योगः कर्मसु कौशलम्" (गीता 2.50)अर्थात्, कर्म को कुशलता से करने वाला ही सच्चा योगी है। भगवान शिव संपूर्ण कर्मयोग के प्रतीक हैं। वे स्वयं संहार और सृजन, दोनों में संतुलन रखते हैं। गीता का यह संदेश शिव के जीवन से मेल खाता है कि व्यक्ति को अपने कर्तव्यों को बिना किसी आसक्ति के करना चाहिए। "श्री कृष्ण कहते हैं कि आत्मसंयम, भक्ति और ध्यान के द्वारा व्यक्ति अपने अस्तित्व को समझ सकता है और ईश्वर से जुड़ सकता है।" शिवरात्रि पर किया गया रात्रि जागरण और ध्यान इसी विचार को सशक्त बनाता है। शिव पुराण में कहा गया है कि शिवरात्रि के दिन शिवलिंग की पूजा करने से व्यक्ति को समस्त पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। अथर्ववेद में शिव को "रुद्र" कहा गया है, जो ब्रह्मांड की ऊर्जा के नियंत्रक हैं। यजुर्वेद में शिव को "महादेव" कहा गया है, जो सर्वशक्तिमान हैं और सृष्टि के पालनकर्ता हैं। ऋग्वेद में शिव को "अग्नि" और "रुद्र" के रूप में वर्णित किया गया है, जो जीवन की ऊर्जा के स्रोत हैं। भगवान शिव केवल एक देवता नहीं बल्कि एक संपूर्ण दर्शन का स्वरूप हैं। उनके व्यक्तित्व के हर प्रतीक का गहरा आध्यात्मिक और दार्शनिक अर्थ है। उनके रूप में छिपे संदेश हमें जीवन के महत्वपूर्ण पाठ सिखाते हैं। शिव के गले में नागराज वासुकी लिपटे हुए हैं। इसका अर्थ है, मृत्यु पर विजय। सर्प मृत्यु और भय का प्रतीक है, लेकिन शिव ने इसे गले लगाया है, यानी वे मृत्यु से परे हैं। सांप कुंडलिनी शक्ति का प्रतीक है। यह शरीर में स्थित आध्यात्मिक ऊर्जा (कुंडलिनी) को दर्शाता है, जो ध्यान और योग से जागृत की जा सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

मर्यादाएं तोड़ता है जब कोई समाज।
भूलुण्ठित होते रहे, बड़े बड़े साम्राज्य।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
**संपादक**

# देश में सुरंगों व परियोजनाओं में बढ़ते हादसे कब रुकेंगे

एक बार फिर बेकसूर मजदूर सुरंग हादसे का शिकार हो गए। तेलंगाना के नागरकुरलून जिले में एक बड़ा दर्दनाक हादसा हो गया हो गया यहां श्रीशेलम सुरंग का एक हिस्सा ढहने से आठ लोग सुरंग के अंदर फंस गए है शनिवार सुबह यह हादसा हुआ मजदूरों को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है सुरगों में बार बार हादसे हो रहे हैं और मजदूर जिंदगी व मौत की जंग लड़ रहे हैं मजदूरों को निकालने का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। सेना व एनडीआरएफ भी की सहायता ली जा रही है ताकि मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। हादसा एंट्री पॉइंट से चोदह किलोमीटर अंदर हुआ है यह कोई पहला हादसा नहीं है देश में निर्माणाधीन सुरंगों व विद्युत परियोजनाओं में बढ़ते हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। हादसों में मजदूर बेमौत मर रहे हैं। देश में प्रतिदिन ऐसे मर्मातंक हादसे होते है मगर प्रकाश में नहीं आते। ।इन बीते हादसों में सैंकड़ों बच्चे अनाथ हो गए और कई मां-बनों का सिदूर मिट गया और बहनों के भाई मारे गए।केन्द्र सरकार को इन हादसों के संदर्भ में छानबीन करवानी चाहिए तथा दोषियों को सजा देनी होगी। मजदूरों क़े साथ हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। कहते हैं अगर बीते हादसों से सबक सिखा जाये तो आने वाले हादसों क़ो रोका जा सकता है लेकिन सबक न सीखना और फिर हादसा हो जाना एक बहुत ही त्रासदी है। जाको राखे साईयां मार सके ना कोई यह कहावत उत्तरकाशी में सुरंग में फंसे मजदूरों पर सार्थक हो गई। रैट माइनर्स की टीम की 21 घंटे कड़ी व कमरतोड़ मेहनत कामयाब हो गई और मजदूरों क़ो नवजीवन मिल गया और 418 घंटे का रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म हो गया। आखिरकार मजदूर जिंदगी की जंग जीत गए थे बेचारे 17 दिन से सुरंग में जिंदगी व मौत क़े बीच झूल रहे मजदूरों ने मौत क़ो मात दे दी थी। प्रशासन ने काफ़ी मशक्त करते हुए मजदूरों क़ो सुरक्षित बाहर निकाल दिया था। बेकसूर मजदूरों ने 17दिन और 16 रातें कैसे निकाली होगी यह मजदूर ही जानते होंगे। खौफनाक मंजर क़ो कभी नहीं भूल पाएंगे। 17 दिन बाद सूर्य क़े दर्शन करेंगे। मजदूरों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा की जिस सुरंग का निर्माण कर रहे हैं उसमें कैद हो जाएंगे। करोड़ों देश वासिओं की दुआएं रंग लाई और मजदूरों क़ो नया जीवन मिल गया और 12दिन सुरंग की कैद से मुक्त हो गए थे 12 तारीख क़ो एक तरफ रविवार क़ो दीपावली क़े दिन जहाँ पूरा भारतवर्ष दिवाली की खुशियाँ मना रहा था वहीं दूसरी तरफ उत्तराखंड क़े उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सुरंग में बहुत ही भयंकर दुःखद हादसा हुआ जब सुरंग ढहने से 41मजदूर सुरंग क़े अंदर फंस गए थे। उत्तरकाशी क़े सिल्कयारा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी सुरंग में फंसे 41 मजदूर जिंदगी व मौत क़े बीच झूल रहे थे सरकार द्वारा मजदूरों क़ो बाहर निकालने क़े लिए जारी रेस्क्यू अभियान का आज 17वें दिन था। 17 दिन ऑपरेशन जारी रहा और मजदूरों क़ो सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया। देश में प्रतिदिन ऐसे मर्मातंक हादसे होते है मगर प्रकाश में नहीं आते। ।इन बीते हादसों में सैंकड़ों बच्चे अनाथ हो गए और कई मां-बहनों का सिदूर मिट गया और बहनों के भाई मारे गए।केन्द्र सरकार को इन हादसों के संदर्भ में छानबीन करवानी चाहिए तथा दोषियों को सजा देनी होगी। समजदूरों क़े साथ हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। कहते हैं अगर बीते हादसों से सबक सिखा जाये तो आने वाले हादसों क़ो रोका जा सकता है लेकिन सबक न सीखना और फिर हादसा हो जाना एक बहुत ही त्रासदी है। मजदूरों क़े परिजन ईश्वर से दुआ कर रहे थे कि उनके अपने सुरक्षित बाहर निकल जाये। सबकी दुआ काम आई। यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले बहुत दुख़द व दर्दनाक हादसे हो चुके हैं। देश क़े कारखानों में जल कर मजदूर मर रहे हैं। आकडों क़े अनुसार कुछ साल पहले हिमाचल में भी फोरलेन सुरंग में भी तीन मजदूर दब गए थे काफ़ी दिन कि मशकत क़े बाद दो मजदूरों क़ो बचा लिया था लेकिन तीसरे मजदूर की लाश तक नहीं मिली थी,बीते वर्ष राजधानी दिल्ली के बाहरी जिले में स्थित बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक पटाखें की फैक्टरी के गोदाम में भीषण आग लगनें के कारण 17 लोगों की मौत हो गई और तीस लोग बुरी तरह झुलस गए थे। मरने वालों में 10 महिलाएं तथा 7 पुरुष थे। मजदूरों ने सपने में भी नही सोचा होगा कि यह पटाखा गोदाम शमशान बन जाएगा। पल भर में जिन्दा लोग राख में बदल गए यह बहुत ही त्रासदी थी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**नरेंद्र भारती**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ के बचे दिनों में 144 वर्षों के अद्भुत संयोग का साक्षी



**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महाकुंभ अपने चरम पर पहुंच चुका है। 144 साल बाद बने इस अद्भुत संयोग का साक्षी बनने के लिए करोड़ों श्रद्धालु संगम तट पर उमड़ पड़े हैं। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम में रोज सवा करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगाकर शांति और मोक्ष की कामना कर रहे हैं। यही नहीं, 10 दिनों से लगातार बढ़ रहे आस्था के इस महाज्वार को देखते हुए स्वास्थ्य और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

महाकुंभ में अब तक 64 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान के सहभागी बन चुके हैं। इसे देखते हुए महाशिवरात्रि पर यह आंकड़ा 66 करोड़ के पार हो जाने की संभावना है। सनातन धर्मावलंबी जितनी बड़ी संख्या में यहां पहुंचे हैं, उतने पूरी दुनिया में आज तक कहीं दूसरी जगह एक साथ एकत्र नहीं देखे गए। गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा सात बार दो करोड़ के पार जा चुका है। पिछले 10 दिनों से हर दिन सवा करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में पवित्र स्नान कर रहे हैं, जिससे महाकुंभ क्षेत्र के साथ-साथ पूरे देश में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। यहां लोगों के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि महाकुंभ में पवित्र स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सात बार दो करोड़ के पार जा चुकी है।

## अमृत स्नान पर महाकुंभ नगर में जनसैलाब उमड़ा

महाकुंभ में पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में देश के कोने-कोने से लोग पहुंचे। यही नहीं, विभिन्न देशों से प्रयागराज आने वाले विदेशी श्रद्धालुओं की भी इनमें अच्छी खासी तादाद रही है। बात सिर्फ प्रमुख स्नान की हो तो करीब 17 करोड़ से अधिक श्रद्धालु इस दौरान संगम तट पर पहुंचे और आस्था की डुबकी लगाई। हर अमृत स्नान पर महाकुंभ नगर में जनसैलाब उमड़ा। प्रत्येक अमृत स्नान के मौके पर ढाई करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगाकर अपने जीवन को धन्य किया। यही नहीं, महाकुंभ में ऐसा 12 बार हो चुका है जब गंगा स्नान करने वाले डेढ़ करोड़ लोगों की यहां संगम की रेत पर सहभागिता रही।

## महाशिवरात्रि को लेकर उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, उपमुख्यमंत्रियों ने दी जानकारी

**लखनऊ (आईएएनएस)।** पूरे देश में बुधवार को महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाया जाएगा। इस मौके पर उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, "महाशिवरात्रि पर पूरे प्रदेश में स्वच्छता के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था को भी चुस्त-दुरुस्त करने का पूरा इंतजाम किया गया है। जहां महाशिवरात्रि का पवित्र पर्व बाबा भोलेनाथ के सम्मान में धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रदेश के कई क्षेत्रों में शिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात भी निकाली जाएगी। सरकार ने सभी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं, ताकि हर स्थिति में बेहतर से बेहतर और सुंदर तरीके से महाशिवरात्रि का यह पर्व पूरे प्रदेश में जनता के साथ मिलकर धूमधाम से मनाया जा सके।



## महाशिवरात्रि स्नान पर्व के लिए मेला क्षेत्र और प्रयागराज शहर में नो-व्हीकल जोन प्लान लागू



प्रयागराज की पावन धरती पर चल रहे महाकुंभ 2025 का समापन अब बेहद करीब है। भक्ति, आस्था और श्रद्धा के इस महासंगम को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए मेला पुलिस प्रबंधन ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## संगम नगरी प्रयागराज में पहुंचे जापानी श्रद्धालु बोले- गंगा में डुबकी लगाकर मिली शांति

**महाकुंभ (आईएएनएस)।** संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ का अंतिम स्नान महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर होगा। उससे पहले ही संगम में स्नान करने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु लगातार प्रयागराज पहुंच रहे हैं। अब तक 60 करोड़ से ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं। इनमें जापान से आए वे श्रद्धालु भी हैं जिन्होंने मंगलवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत की। जापान से आईं महिला श्रद्धालु अकीको ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि यहां आ मैं रोमांचित महसूस कर रही हूं। मैं बहुत आश्चर्यचकित हूं कि इतने सारे लोग यहां आए हुए हैं। मुझे सबसे ज्यादा खुशी गंगा में डुबकी लगाकर मिली है। उन्होंने कहा, "मैं महाकुंभ में किए गए सरकार के कामों से काफी प्रभावित हुई हूं। मैं अब से 10 दिन पहले तक महाकुंभ के बारे में ज्यादा नहीं जानती थी।



## पुलिस मुठभेड़ में स्नैचर गिरफ्तार भारी मात्रा में लूटी गई संपत्ति बरामद

**गाजियाबाद (आईएएनएस)**



गाजियाबाद की साहिबाबाद पुलिस टीम ने शनिवार, 24 फरवरी की देर रात को एक बड़े ऑपरेशन के दौरान अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक स्नैचर को मुठभेड़ में घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस, लूट की गई एक मोटरसाइकिल और 10,520 रुपये बरामद किए। जानकारी के अनुसार, साहिबाबाद पुलिस टीम रेलवे स्टेशन कट के पास सघन वाहन चेकिंग कर रही थी, तभी एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार रेलवे अंडरपास की तरफ से तेजी से आता हुआ दिखा। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह नहीं रुका और रेलवे स्टेशन की तरफ मुड़ते हुए तेजी से भागने लगा। कुछ दूर जाने के बाद, बाइक सवार व्यक्ति ओवर ब्रिज के पास बाइक से गिर गया और फिर पुलिस टीम पर फायर किया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिससे स्नैचर के बाएं पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने इस मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह अपने साथी विकास के साथ मिलकर विभिन्न वाहन बदलकर चेन स्नेचिंग और मोबाइल स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देता था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुमित उर्फ भूरी उर्फ भूरा पुत्र राममेहर गोस्वामी, निवासी बंदफाटक थाना लोनी बॉर्डर, गाजियाबाद (आयु 25 वर्ष) के रूप में हुई है।

## चिकित्सा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का उपयोग काफी महत्वपूर्ण : द्रौपदी मुर्मू

**पटना (आईएएनएस)**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को यहां चिकित्सा के क्षेत्र में शोध को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज तकनीकी युग है। चिकित्सा के क्षेत्र में भी इसकी अहम भूमिका है। उन्होंने सभी ऐसे संस्थानों से आधुनिक तकनीक अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे न केवल रोगियों का इलाज सुगम होगा बल्कि कार्यक्षमता में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान के निरंतर विकास में उस संस्थान के शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे शोध महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि पीएमसीएच में अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जाता है। इस अस्पताल ने कालाजार जैसी बीमारी में महत्वपूर्ण शोध किया, जिसकी दुनिया भर में मान्यता मिली है। इस अस्पताल के नाम भारत ही नहीं, पूरी दुनिया को शानदार डॉक्टर देने का इतिहास है। उन्होंने कहा कि तकनीक के माध्यम से इलाज, शोध में किसी भी कोने से मदद मिल सकती है। इससे न केवल चिकित्सकों को बल्कि रोगियों को भी लाभ होगा। कैंसर को लेकर राष्ट्रपति ने चिंता जताते हुए कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करना और शोध को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है।दरअसल, पटना का पीएमसीएच शताब्दी समारोह मना रहा है। इस मौके पर पटना के बापू सभागार में पीएमसीएच के शताब्दी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति शामिल हुईं। कार्यक्रम में 3000 से ज्यादा डॉक्टरों को सम्मानित किया गया।

## ममता बनर्जी को मिलनी चाहिए 'इंडिया अलायंस' की कमान : सौगत रॉय

**कोलकाता (आईएएनएस)।** टीएमसी नेता और सांसद सौगत रॉय ने 'इंडिया अलायंस' के भविष्य, सीएजी रिपोर्ट और आरजी कर समेत कई मुद्दों को लेकर मंगलवार को आईएएनएस से खास बातचीत की। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि ममता बनर्जी 'अलायंस' की कमान संभालें। टीएमसी नेता और सांसद सौगत रॉय ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा, "हम चाहते हैं कि ममता बनर्जी 'इंडिया अलायंस' की कमान संभालें, लेकिन ऐसा होगा या नहीं, यह मैं नहीं कह सकता हूं।" दरअसल, ममता बनर्जी भी कह चुकी हैं कि वो इंडी अलायंस का नेतृत्व करने को तैयार हैं। हालांकि उनके इस बयान के बाद गठबंधन की ओर से कई पक्ष और विरोध में टिप्पणियां सामने आई थीं। वहीं, रॉय से जब दिल्ली विधानसभा में पेश हुई सीएजी रिपोर्ट को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, "सीएजी एक रिपोर्ट है और ऐसा सुनने में आया है कि केजरीवाल ने जो मुख्यमंत्री आवास बनाया है।



## आज का राशिफल

**मेष :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**वृष :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है।

**मिथुन :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है। अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**कर्क :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा।

**सिंह :** पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

**वृश्चिक :** पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**धनु :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**मकर :** रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ।

**कुंभ :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**मीन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम 17 महीने बाद जेल से रिहा

### सभी मुकदमों में जमानत मिलने के बाद रिहाई

**हरदोई।** सपा के कदावर नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम को 17 माह बाद जेल से रिहा कर दिया गया है। सभी मुकदमों में जमानत मिलने के बाद उनकी रिहाई हुई हैं। शत्रु सम्पत्ति समेत 42 मामलों में उनकी रिहाई हुई है। दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सात साल की सजा हुई थी। जेल से रिहा होने बाद अब्दुल्ला हरदोई से रामपुर के लिए रवाना हो गए हैं। इस दौरान मौके पर समर्थकों की भारी भीड़ है।

## सपा सरकार में हर काम को समाजवादी नाम दिया जाता था, जबकि पैसा सरकारी होता था : योगी

**लखनऊ (आईएएनएस)**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न का जवाब देते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के किसी भी गरीब के लिए उपचार कराना कठिन नहीं रहा है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जा रहा है। वहीं सरकारी कर्मचारियों का पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस स्वास्थ्य योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य की सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पिछले आठ वर्षों में हर जरूरतमंद को इलाज के लिए बिना किसी भेदभाव के धनराशि उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के समय में केवल पार्टी से जुड़े लोगों को ही इलाज के लिए पैसा दिया जाता था। उस दौरान हर कार्य को समाजवादी नाम दिया जाता था, जबकि पैसा सरकारी होता था। यही हाल मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के पैसे का भी हो गया था, लेकिन अब समाजवादी सरकार नहीं है। आज हमारी सरकार संवेदनशील तरीके से बिना किसी भेदभाव के प्रदेशवासियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। वहीं सरकार इलाज के दौरान अतिरिक्त धनराशि की मांग को भी पूरा कर रही है, क्योंकि कोई भी मानव क्षति परिवार के साथ समाज और प्रदेश की भी क्षति होती है। हम इस भाव के साथ काम कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में आजादी के बाद से वर्ष 2017 तक केवल 17 मेडिकल कॉलेज सरकारी क्षेत्र में थे, जबकि आज हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज के निर्माण की कार्रवाई तेजी से चल रही है। इन मेडिकल कॉलेजों में अच्छे प्रोफेसर लगातार तैनात किए जा रहे हैं।

## आरोप लगाना और भाग जाना, विपक्ष की आदत बन गई : चिराग पासवान

**पटना (आईएएनएस)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मंगलवार को विपक्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झूठ बोलने के आरोप लगाने पर पलटवार किया। चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने क्या झूठ बोला है, यह बताएं। आजकल विपक्ष की आदत बन गई है कि झूठ बोलना और भाग जाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और देश की जनता यह सब बातें देखती है और उसी के आधार पर अपना फैसला करती है। एक झूठ बोलने वाले मुख्यमंत्री दिल्ली में थे, जो बड़े-बड़े वादे कर के आए थे, उनके साथ देश की जनता ने क्या किया, 10 साल के बाद दिल्ली की सत्ता से उन्हें बाहर कर दिया। इसी तरीके से अगर देश में कोई झूठ बोलता है तो लोकतंत्र में इतनी ताकत है कि उस व्यक्ति को अगले चुनाव में जनता अपना फैसला सुना देगी।



## क्या मोबाइल के इस्तेमाल से होता है कैंसर?

### मोबाइल का आप कम से कम इस्तेमाल करें क्योंकि इससे एकाग्रता भंग होती है : डॉ. नितिन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



क्या मोबाइल चलाने से कैंसर होता है? इससे संबंधित कई सामग्रियां इंटरनेट पर हैं, लेकिन किसी में भी ठोस जानकारी नहीं दी गई है। वहीं, इसे लेकर कई बार शोध भी हो चुके हैं, लेकिन अब तक हुए शोध में यह बात सामने नहीं आई है कि मोबाइल से कैंसर हो सकता है और ना ही अब तक कोई ऐसा मामला सामने आया है। इसी को लेकर आईएएनएस ने फोर्टिस अस्पताल के मोहित अग्रवाल और सीके बिरला अस्पताल के डॉ. नितिन से बात की। दोनों डॉक्टरों ने इस बात को सिरे से खारिज कर दिया है कि मोबाइल चलाने से किसी भी प्रकार का कैंसर होता है। हां, ऐसा जरूर है कि मोबाइल चलाने से स्वास्थ्य संबंधित दूसरी समस्याएं हो सकती हैं, लेकिन कैंसर का इससे कोई लेना देना नहीं है। डॉ. नितिन बताते हैं कि इस बात को नकारा नहीं जा सकता है कि कई जगह इस तरह की बातें कही गई हैं। इस तरह के कई दावे किए गए हैं, जिसमें कहा गया है कि मोबाइल से कैंसर हो सकता है। इस संबंध में बाकायदा कई शोध भी हुए हैं, लेकिन अभी तक किसी भी शोध में इस तरह की कोई जानकारी सामने नहीं आई है, जिसमें यह दावे के साथ कहा जाए कि मोबाइल से किसी भी प्रकार का कैंसर हो सकता है। दरअसल, कई रिपोर्ट्स में यहां तक दावा किया गया कि मोबाइल और वाई फाई डिवाइस रेडियो फ्रीक्वेंसी विकिरण उत्सर्जित करते हैं।

डॉ. नितिन स्पष्ट करते हुए बताते हैं कि इस संबंध में कई शोध हो चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी भी शोध में इस बात के सबूत सामने नहीं आए हैं, जिससे यह कहा जा सके कि मोबाइल चलाने से कैंसर होता है। डॉ, बताते हैं कि मैंने अपने करियर में अब तक ऐसा नहीं देखा है, जिसमें मोबाइल चलाने से कैंसर के होने की बात सामने आई हो। इसे लेकर अभी भी शोध जारी है, लेकिन मुझे लगता है कि इसमें बहुत समय लगेगा। डॉ. नितिन के मुताबिक विश्व स्वास्थ्य संगठन भी इसे लेकर शोध कर चुका है, लेकिन इसमें कैंसर होने के कारण की बात अब तक सामने नहीं आई है। वो बताते हैं कि अब तक इस बात को लेकर किसी भी प्रकार की स्टडी नहीं हुई है, जिसमें यह कहा जाए कि कितने घंटे मोबाइल फोन चलाना उचित रहेगा, लेकिन हां बतौर डॉक्टर मैं यही कहूंगा कि मोबाइल का कम से कम इस्तेमाल करें, क्योंकि इससे एकाग्रता भंग होती है और कई मौकों पर देखा गया है कि दूसरे कामों में भी मन लगना बंद हो जाता है। ऐसी स्थिति में लोगों को यही सलाह ही दी जाती है कि वो मोबाइल का कम से कम इस्तेमाल करें। फोर्टिस अस्पताल के डॉ. मोहित अग्रवाल बताते हैं कि मोबाइल फोन और वाईफाई एक रेडियो फ्रीक्वेंसी छोड़ते हैं, जो नॉन-आयोनाइजिंग रेडिएशन का एक टाइप है। ये नॉन आईनेजरी एक्सरे और गामा की तरह पावरफुल नहीं होता है, इसलिए यह डीएनए को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं और सीधा कैंसर का कारण नहीं बनते हैं। डॉ. बताते हैं कि डब्ल्यूएचओ और इंटरनेशनल रिसर्च ऑन कैंसर ने रेडियो फ्रीक्वेंसी को संभावित रूप से कैंसर का कारण माना है। इसको हम ग्रुप टू बी कैटेगरी में रखते हैं। इसका मतलब है कि इस बात के पक्का सबूत नहीं हैं कि यह कैंसर का कारण बनते हैं। लेकिन, इसे लेकर कुछ स्टडी हुए हैं, जिसमें कनेक्शन दिखाया गया है, लेकिन अभी इसे लेकर और ज्यादा शोध की जरूरत है। वो बताते हैं कि इंटरनेशनल रिसर्च ऑन कैंसर और यूएस में इसे लेकर कई शोध हो चुके हैं, लेकिन अब तक ऐसा कोई भी सबूत नहीं मिला है, जिससे यह साफ हो सके कि मोबाइल से कैंसर होता है। लेकिन, कुछ स्टडी ऐसी हुई है, जिसमें हैवी मोबाइल यूजर में ग्लियोमा का खतरा दिखाया गया है।

- **डब्ल्यूएचओ और इंटरनेशनल रिसर्च ऑन कैंसर ने रेडियो फ्रीक्वेंसी को संभावित रूप से कैंसर का कारण माना है**

## कोलकाता में भूकंप के झटके, बंगाल की खाड़ी में 5.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज

**कोलकाता।** मंगलवार सुबह बंगाल की खाड़ी में भूकंप के झटकों से कोलकाता और आसपास के इलाकों में हलचल मच गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, यह भूकंप सुबह 6:10 बजे दर्ज किया गया, जिसकी तीव्रता 5.1 मापी गई। आईएमडी के एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप का केंद्र बंगाल की खाड़ी में स्थित था और इसकी गहराई 91 किलोमीटर थी। भूकंप के झटके मुख्य रूप से ओडिशा के पुरी तट के पास महसूस किए गए, जहां इसका अक्षांश 19.52 डिग्री उत्तर और देशांतर 88.55 डिग्री पूर्व दर्ज किया गया। हालांकि, भूकंप के कारण किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। कोलकाता और आसपास के इलाकों में सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोग कुछ देर के लिए दहशत में आ गए।

### पाकिस्तानी टीम अपने घर में होगी शर्मसार...

# चैम्पियंस ट्रॉफी में होगा सूपड़ा साफ?

1996 के बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट पाकिस्तान की मेजबानी में हो रहा है



**एजेंसी । रावलपिंडी**

पाकिस्तानी टीम को अब चैम्पियंस ट्रॉफी में अपना आखिरी मुकाबला ही खेलना है। यह मैच बांग्लादेश के खिलाफ 27 फरवरी को रावलपिंडी में ही होगा। इसके अलावा ग्रुप-ए में दूसरा यानी आखिरी मुकाबला भारतीय टीम और न्यूजीलैंड के बीच 2 मार्च को दुबई में खेला जाएगा। यह दोनों ही मैच औपचारिक होंगे। पाकिस्तान की मेजबानी में इस समय आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 खेली जा रही है। 1996 के बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट पाकिस्तान की मेजबानी में हो रहा है। मगर अपने ही घर में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में पाकिस्तानी टीम की हालत बदतर हो गई है। यह टीम ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई है। मगर पाकिस्तानी टीम अब और भी ज्यादा खराब हो सकती है। वो इस टूर्नामेंट में बगैर कोई मैच जीते बाहर हो सकती है। यानी मेजबान पाकिस्तानी टीम पर क्लीन स्वीप का खतरा मंडरा रहा है। यदि ऐसा होता है तो यह उसके लिए अपने ही घर में शर्मसार होने वाली बात होगी।

बता दें कि चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान टीम ने अब तक 2 मैच खेले और दोनों में उसे हार मिली है। पहले न्यूजीलैंड ने पटका. उसके बाद भारतीय टीम ने बुरी तरह रौंद दिया। हालांकि भारत के खिलाफ यह मैच दुबई में खेला गया था। इन दो हार के साथ पाकिस्तानी टीम चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो गई है। जबकि भारत और न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

### अपने घर में पाकिस्तानी टीम की महाबेइज्जती तय!

पाकिस्तानी टीम को अब चैम्पियंस ट्रॉफी में अपना आखिरी मुकाबला ही खेलना है. यह मैच बांग्लादेश के खिलाफ 27 फरवरी को रावलपिंडी में ही होगा. इसके अलावा ग्रुप-ए में दूसरा यानी आखिरी मुकाबला भारतीय टीम और न्यूजीलैंड के बीच 2 मार्च को दुबई में खेला जाएगा. यह दोनों ही मैच औपचारिक होंगे। यदि बांग्लादेशी टीम ने भी इस आखिरी मैच में पाकिस्तान को पीट दिया, तो फिर बुरी तरह फजीहत होना तय है. यानी अपनी ही मेजबानी में हो रहे इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान के सामने 3-0 से क्लीन स्वीप से हारने का खतरा मंडराने लगा है।

## सिमंस की दमदार पारी की बदौलत वेस्टइंडीज मास्टर्स ने ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से रौंदा



**नवी मुंबई (आईएएनएस)** । लेंडल सिमंस की 44 गेंदों पर खेली गई 94 रनों की आक्रामक पारी ने शेन वॉटसन के 48 गेंदों पर बनाए गए शतक को पीछे छोड़ दिया और वेस्टइंडीज मास्टर्स ने डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए पहले इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स को 7 विकेट से हरा दिया। आईएमएल में हाई-स्कोरिंग मैच बनाने के चलन को जारी रखते हुए, स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को वॉटसन के सिग्नेचर स्ट्रोक्स देखने को मिले, जिसमें वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा द्वारा टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला करने के बाद पुरानी यादें ताजा हो गईं। 43 वर्षीय वॉटसन ने कभी ऐसा अहसास नहीं कराया कि उन्होंने खेलना छोड़ दिया है, क्योंकि उन्होंने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए मात्र 27 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और अपना अगला अर्धशतक 21 गेंदों पर पूरा किया। इस प्रक्रिया में, वॉटसन ने कुछ बड़ी साझेदारियों में भी भाग लिया, जिसने विशाल लक्ष्य की नींव रखी। बेन डंक (11 गेंदों पर 15 रन) के साथ पारी की शुरुआत करने उतरे वॉटसन ने 34 रनों की साझेदारी की और फिर कैलम फर्ग्यूसन (15 गेंदों पर 13 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 83 रनों की साझेदारी की।

## पाकिस्तान के खिलाफ कोहली के 'मास्टरक्लास' के मुरीद हुए पोंटिंग

**दुबई (आईएएनएस)**



पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की महत्वपूर्ण क्षणों में आगे बढ़ने की क्षमता की प्रशंसा की है, जिन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक जमाकर भारत को छह विकेट से जीत दिलाई। इस मैच में कोहली ने सावधानीपूर्वक नाबाद शतक लगाया, जिसने न केवल भारत की जीत सुनिश्चित की, बल्कि उन्होंने उल्लेखनीय व्यक्तिगत उपलब्धियां भी हासिल कीं। कोहली ने लय बनाए रखने के लिए 111 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए, जो उनका 51वां वनडे शतक है, जो इस प्रारूप में किसी भी खिलाड़ी द्वारा बनाये गए सबसे अधिक शतक है। 36 वर्षीय कोहली ने 14,000 रन का आंकड़ा भी पार किया और सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा के बाद ऐसा करने वाले केवल तीसरे बल्लेबाज बन गए। पोंटिंग ने आईसीसी से कहा, ''मैंने हमेशा कहा है कि बड़े मैच बड़े नाम के बराबर होते हैं। आपको उन बड़े मौकों पर अपने बड़े नामों को खड़ा करने की जरूरत है, और भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बड़ा कोई मैच नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, "आपकी प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय मंच पर सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में आपके प्रदर्शन से बनती है। इसलिए मेरे लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि ऐसा हुआ है।" उन्होंने कोहली की 111 गेंदों पर नाबाद 100 रन की पारी को उनके स्वभाव और महत्वपूर्ण परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता का प्रमाण बताया। यह पहली बार नहीं था जब कोहली की प्रतिभा ने भारत को पाकिस्तान पर जीत दिलाई; 2022 टी20 विश्व कप में एमसीजी में 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करते समय कोहली ने ही आगे बढ़कर अपने देश को जीत दिलाई, मेलबर्न में 53 गेंदों पर 82 रन बनाए। पोंटिंग ने मेलबर्न में उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ बल्लेबाजी के दिग्गज की शानदार पारी और दुबई में उनकी शानदार पारी के बीच समानताएं बताईं, जिसने भारत को जीत दिलाई। आईसीसी हॉल ऑफ फेमर ने कहा, "हां, जैसा कि आप कहते हैं, 2022 और अब, वह उस टीम के खिलाफ खड़ा हुआ जिसके खिलाफ खेलने के लिए वह शायद खुद को सबसे ज्यादा तैयार करता। और कल रात से बड़ा कोई पल नहीं जब पाकिस्तान ने मुश्किल विकेट पर पहले बल्लेबाजी की।



### वूमेन प्रीमियर लीग

## यूपी वॉरियर्स ने बनाया रिकॉर्ड, सुपर ओवर में आरसीबी को हराया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



वूमेन प्रीमियर लीग 2025 में 9वां मैच बेहद रोमांचक अंदाज में यूपी वारियर्स वूमेन टीम की जीत के रूप में समाप्त हुआ। यूपी वॉरियर्स को यह जीत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ सुपर ओवर में मिली क्योंकि दोनों ही टीमों ने 20 ओवरों में 180 रनों का स्कोर बनाया था, जिसके बाद मुकाबला टाई होकर सुपर ओवर में गया। बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में सोफी एक्लेस्टोन ने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी दिया गया। वूमने प्रीमियर लीग में लगातार तीन मैच हारने के बाद यह आरसीबी के खिलाफ यूपी वारियर्स की पहली जीत थी। इस मैच में यूपी वॉरियर्स ने 20वें ओवर में तूफानी बैटिंग करते हुए 17 रन बनाए। यह भी अपने आप में एक बड़ा रिकॉर्ड है क्योंकि यह महिला प्रीमियर लीग में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है जो जीत या टाई रिजल्ट में बना है। इससे पहले, 2023 में डीवाई पाटिल स्टेडियम में यूपी वारियर्स ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ 19 रन बनाकर जीत हासिल की थी। सोफी एक्लेस्टोन इस मैच में यूपी वॉरियर्स टीम की जीत की सूत्रधार साबित हुईं। उन्होंने केवल 19 गेंदों पर 1 चौके और चार छक्के के साथ 33 रनों की पारी खेली। महिला प्रीमियर लीग में नंबर 9 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे ज्यादा स्कोर है। सोफी एक्लेस्टोन के अलावा एक और दिग्गज ऑलराउंडर एलिस पैरी भी इस मुकाबले का हिस्सा थीं।

## पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन ने भारत पाक मुकाबले को 'एकतरफा' बताया



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन ने चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए मैच में भारत की जीत के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तीव्र प्रतिद्वंद्विता को "एकतरफा" बताया है। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत-पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला एक और एकतरफा साबित हुआ, जिसमें रोहित शर्मा की टीम ने दुबई में छह विकेट से शानदार जीत हासिल कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। स्काई स्पोर्ट्स पॉडकास्ट पर बोलते हुए, आथर्टन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस मैच को लेकर इतनी चर्चा के बावजूद, यह मैच उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। आथर्टन ने कहा, "खैर, यह पूरी तरह से एकतरफा था। बहुत दूर से देखने पर यह बहुत ही अनुमानित लग रहा था। पाकिस्तान की बल्लेबाजी लाइन-अप कमजोर थी, जैसा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में था। बल्लेबाजी में थोड़ी ऊर्जा और गतिशीलता की कमी दिखी। "उस मुकाबले में थोड़ी समस्या है, है न? क्योंकि यह सभी तरह के कारणों से एक बहुप्रतीक्षित मुकाबला है। आंशिक रूप से, आप जानते हैं, सिर्फ कमी के कारण। वे स्पष्ट कारणों से केवल तटस्थ क्षेत्र में आईसीसी आयोजनों में एक-दूसरे से खेलते हैं। उन्होंने कहा, "लेकिन उस मैच को लेकर बहुत प्रचार है। आप चाहते हैं कि क्रिकेट भी उस प्रचार के अनुरूप हो। यदि आप पिछले 10 वर्षों के परिणामों को देखें, तो मुझे लगता है कि वे पिछले 10 वर्षों में एक-दूसरे के साथ नौ बार वनडे में खेले हैं। पाकिस्तान के संघर्षों से परे, आथर्टन और नासिर हुसैन दोनों ने दुबई में अपने सभी मैच खेलने के कारण टूर्नामेंट में भारत के निर्विवाद लाभ की ओर इशारा किया।


## छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ के उद्घाटन संस्करण में हिस्सा लेंगे माने, गंडास, सातो जैसे सितारे

**रायपुर (आईएएनएस)**

ओलंपियन उदयन माने सहित प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के कुछ शीर्ष खिलाड़ी छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप में भाग लेंगे। यह राज्य में पहला पीजीटीआई इवेंट है, जिसमें 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि है। यह 25 से 28 फरवरी तक नया रायपुर के फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिसॉर्ट में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 123 प्रोफेशनल और तीन एमेच्योर सहित 126 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह इवेंट स्ट्रोक-प्ले फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें 18 होल के चार राउंड होंगे। दो राउंड के बाद शीर्ष 50 खिलाड़ी और टाई कट में जगह बनाएंगे। पीजीटीआई ने सोमवार को यहां घोषणा की कि कोर्स का पार 69 है। टूर्नामेंट में दिग्गजों से सजे खिलाड़ियों में प्रमुख भारतीय पेशेवर खिलाड़ी ओम प्रकाश चौहान, राशिद खान, मनु गंडास, अमन राज और चिक्कारंगप्पा एस शामिल हैं। टूर्नामेंट में सात अलग-अलग देशों के 13 विदेशी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## मैं केकेआर की कप्तानी के लिए निश्चित रूप से तैयार हूं : वेंकटेश अय्यर

**कोलकाता (आईएएनएस)**



वेंकटेश अय्यर को अगर मौका मिलता है, तो वह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कप्तानी करने के लिए 'निश्चित रूप से तैयार' हैं। हालांकि अय्यर (30) ने कभी भी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में कप्तानी नहीं की है। रिटेन ना करने के बाद केकेआर ने बड़ी नीलामी में अय्यर को 23.75 करोड़ रूपये के बड़े मूल्य पर खरीदा था। वह अजिंक्य रहाणे के साथ केकेआर की कप्तानी के प्रबल दावेदार हैं। पिछले साल केकेआर को खिताब जिताने के बाद श्रेयस अय्यर अब पंजाब किंग्स की तरफ जा चुके हैं। तब से केकेआर के कप्तान की जगह खाली है।

### व्यापार/लाइफ व साइंस

## मारुति सुजुकी इंडिया ने हरियाणा के खरखौदा प्लांट में कमर्शियल प्रोडक्शन किया शुरू



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देते हुए मारुति सुजुकी इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने हरियाणा के खरखौदा प्लांट में कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। इस प्लांट की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगस्त 2022 में वर्चुअल मोड के जरिए रखी थी। ऑटोमेकर ने एक बयान में कहा कि शुरुआत में खरखौदा प्लांट की सालाना उत्पादन क्षमता 250,000 यूनिट होगी और यहां कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा का उत्पादन किया जाएगा। कंपनी ने बताया, "इसके साथ ही मारुति सुजुकी, जिसमें मारुति सुजुकी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है, की कुल सालाना उत्पादन क्षमता 2.6 मिलियन यूनिट हो जाएगी। पिछले हफ्ते मारुति सुजुकी इंडिया की मूल कंपनी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन ऑफ जापान ने अपनी रणनीति में 'रिथिंक' के साथ एक नए मिड-टर्म प्लान की घोषणा की, क्योंकि "भारत में बाजार हिस्सेदारी में गिरावट" और बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट के कारण कंपनी के कारोबारी माहौल में बदलाव आया है। मारुति सुजुकी का लक्ष्य भारत में 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने और देश को वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में इस्तेमाल करने के लिए सालाना 4 मिलियन कारों का उत्पादन करने की विनिर्माण क्षमता बनाना है।

## सपाट बंद हुआ भारतीय शेयर बाजार सेंसेक्स 147 अंक चढ़ा, निफ्टी पांच अंक फिसला...

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को मिश्रित मार्केट सेंटिमेंट के बीच सपाट बंद हुआ। कारोबार के अंत में मेटल, पीएसयू बैंक और रियलिटी सेक्टर में बिकवाली देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 147.71 अंक या 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 74,602.12 पर बंद हुआ। इंडेक्स ने 74,785.08 के इंट्रा-डे हाई को छुआ था, लेकिन बंद होने से पहले 74,400.37 का निचला स्तर भी देखा। निफ्टी इंडेक्स 5.80 अंक या 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,547.55 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान इंडेक्स 22,625.30 और 22,513.90 के बीच कारोबार करता रहा।

एलकेपी सिक्योरिटीज के रूपक दे ने कहा, "निफ्टी इंडेक्स में बंद होने के समय एक छोटे से सुधार को छोड़कर, अधिकांश समय मंदी बनी रही। धारणा मंदी के पक्ष में बनी रही। निचले सिरे पर, सपोर्ट 22,500 पर है, जिसके नीचे धारणा और भी खराब हो सकती है। उच्च सिरे पर, प्रतिरोध 22,650 और 22,750-22,800 पर देखा जा रहा है। निफ्टी बैंक 43.60 अंक या 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 48,608.35 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 310.95 अंक या 0.62 प्रतिशत गिरकर 49,702.15 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 68.70 अंक या 0.44 प्रतिशत गिरकर 15,408.60 पर बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल फ्रंट पर ऑटो और एफएमसीजी ने पॉजिटिव मूवमेंट दिखाई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,678 शेयर हरे और 2,253 शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि 131 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, जोमैटो, नेस्ले इंडिया, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, टाइटन और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और अदाणी पोर्ट्स टॉप गेनर्स थे। वहीं, सनफार्मा, पावरग्रिड, टीसीएस, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, एलएंडटी और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप लूजर्स थे। असित सी. मेहता इन्वेस्टमेंट लिमिटेड से ऋषिकेश येदवे ने कहा, "तकनीकी रूप से, डेली चार्ट पर, निफ्टी ने एक इनवर्टेड हैमर कैंडलस्टिक पैटर्न बनाया है, जो 23,500 के स्तर के आसपास खरीदारी की रुचि दर्शाता है। जब तक इंडेक्स 23,500 के स्तर पर नहीं आता, तब तक 22,700-22,800 की ओर वापसी संभव हो सकती है। उन्होंने आगे कहा, "हाईर साइड पर, 22,700-22,800 एक सॉलिड प्रतिरोध जोन के रूप में काम करेगा।



## सेबी ने डेरिवेटिव्स मार्केट में स्टॉक्स में हेराफेरी को रोकने के लिए दिया नया प्रस्ताव



**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इक्विटी डेरिवेटिव्स मार्केट के ओपन इंटरेस्ट (ओआई) के कैलकुलेशन के तरीके में बड़े बदलाव का प्रस्ताव दिया है। सेबी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि इक्विटी डेरिवेटिव्स मार्केट के ओआई के कैलकुलेशन के लिए मौजूदा 'नोशनल वैल्यू' की जगह 'फ्यूचर इक्विलेंट' पद्धति पर जाने का सुझाव दिया गया है। इस बदलाव के पीछे सेबी का उद्देश्य उस प्रथा को रोकना है, जिसके तहत डेरिवेटिव्स शेयरों को हेराफेरी के जरिए बैन में धकेल दिया जाता है। सेबी ने बताया कि मौजूदा नोशनल वैल्यू मेथड में सभी फ्यूचर्स और ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट्स की कुल वैल्यू को बिना वास्तविक मार्केट रिस्क को देखे जोड़ा जाता है और इससे लगता है कि स्टॉक में काफी ज्यादा कारोबार हुआ है। इस स्थिति में स्टॉक बैन में चला जाता है, जब रिस्क ज्यादा भी नहीं होता।

## जनवरी में बढ़ा क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल, खर्च में दोहरे अंकों की वृद्धि



**मुंबई (आईएएनएस)।** आरबीआई द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार क्रेडिट कार्ड के जरिए उपभोक्ता व्यय जनवरी 2025 में सालाना आधार पर 10.8 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक ने सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। देश के लीडिंग क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता एचडीएफसी बैंक ने जनवरी में सालाना आधार पर 15.91 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 50,664 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड खर्च 20.25 प्रतिशत बढ़कर 35,682 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, एसबीआई ने 6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज करते हुए 28,976 करोड़ रुपये दर्ज किए। इसी तरह, एक्सिस बैंक के ग्राहकों का खर्च जनवरी में 0.45 प्रतिशत घटकर 20,212 करोड़ रुपये रह गया। महीने के दौरान प्रति कार्ड व्यय 16,910 रुपये रहा, जो पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 1.09 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। एचडीएफसी बैंक ने जनवरी में 2,99,761 नए क्रेडिट कार्ड जारी किए, जबकि एसबीआई कार्ड्स ने 2,34,537 नए कार्ड जोड़े और आईसीआईसीआई बैंक ने 1,83,157 क्रेडिट कार्ड जारी किए। हालांकि, महीने के दौरान एक्सिस बैंक के नेट क्रेडिट कार्ड में 14,862 की गिरावट आई। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में क्रेडिट कार्ड की संख्या दोगुनी से अधिक बढ़कर लगभग 10.8 करोड़ हो गई है।

# महाशिवरात्रि को लेकर कलश यात्रा का आयोजन, श्रद्धालुओं ने लिया भाग



नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के करमा कला बैरियाडीह गांव में महाशिवरात्रि को लेकर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर उत्साह दिखाया। महाशिवरात्रि को लेकर बैरियाडीह गांव में शिव मंदिर में भव्य पूजा पाठ के बाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी समाज सेवी कमलेश गुप्ता ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी पूजा पाठ के साथ भंडारा का आयोजन किया गया है। इस पूजा पाठ में सैकड़ों लोग पूजा करेंगे और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। मौके पर कुंदन जायसवाल, बेचू प्रसाद, विश्वनाथ शाह, ललन शाह, जगदीश शाह, मिथिलेश प्रसाद, बबन, नंदू साव समेत सैकड़ों भक्त शामिल थे।

# विवाहिता ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

## पुलिस छानबीन में जुटी, मृतका का पति विदेश में काम करता है

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के भाई बिगहा के पठान टोली निवासी इरफान खान की 28 वर्षीय पत्नी खुशबू का शव कमरे में फंदे से झूलता पाया गया है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेजा है। सूचना मिलते ही इस घटना की



गहनता से छानबीन शुरू कर दी गई है। प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ल ने बताया कि उक्त घटना प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। वैसे मृतका नैहर वाले ससुराल के परिजना पर हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। मृतका के पति इरफान खान परिजनों के परवरिश के लिये विदेश में कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदन के बाद पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि मृतका को हर हाल मे इंसाफ दिलाने का कार्य पुलिस करेगी। मृतका के तीन बच्चे भी हैं। मृतका के पिता इसी थाना के कबरा खुर्द गांव निवासी एकबाल खान को आने व उनसे भी बयान लेने की प्रतीक्षा पुलिस कर रही है।

# बीडीओ ने लंबित योजनाओं को समय पर पूरा करने का दिया निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** बीडीओ देवलाल करमाली ने मंगलवार प्रखंड कार्यालय स्थित अपने सभागार में विकास की आयोंजित बैठक में लंबित सभी योजनाओं को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड के दोनों मनरेगा कनीय अभियंता, आवास समन्वयक, मनरेगा रोकड़ पाल, करके, झोतर ,लवाही, डंडई पंचायत के रोजगार सेवकों ने भाग नहीं लिए। आवास समन्वय के जगह पर उनके प्रतिनिधि मनरेगा ऑपरेटर रमाशंकर ठाकुर ने भाग लिया। मनरेगा कनीय अभियंता विशाल कुमार को बीडीओ की जानकारी में बैठक से अनुपस्थित होने की बात सामने आई। मनरेगा की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने अपने प्रखंड को जिले में 16 वां स्थान पर पहुंचने पर बीपीओ रंजन कुमार से जवाब मांगा। प्रखंड में अब तक 76 मजदूरों को ही वर्ष भर में 100 दिन का रोजगार मिलने पर बीपीओ से लेकर रोजगार सेवकों को बीडियो ने फटकार लगाया। प्रखंड स्तर पर सोशल ऑडिट द्वारा लाए गए मुकदमों को अविलंब अर्थ दंड की राशि भरपाई करते हुए निपटारा करने का निर्देश कर्मियों को दिया गया। बैठक में एई राहुल कुमार, बीपीओ रंजन कुमार, प्रधान लिपि वीरेंद्र मांझी, पंचायत सचिव सुनील कुमार, राजकुमार राम, नरेश ठाकुर, रोजगार सेवक प्रेमचंद वर्मा, अनिल केरकेट्टा, सुनील धर दुबे, बृजमोहन कुमार अन्य उपस्थित थे।

# श्री सूर्य मंदिर निर्माण के लिए बैठक संपन्न

**6 मार्च को होगा भूमि पूजन**



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड बिहार सीमा पर स्थित श्री मां गजना माता धाम परिसर में श्रद्धालुओं की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता गजना धाम न्यास समिति के अध्यक्ष महंत अवध बिहारी दास ने की। संचालन समिति के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर गजना धाम मंदिर परिसर में एक भव्य सूर्य मंदिर निर्माण की रूप रेखा तय किया गया। इसके बाद सूर्य मंदिर निर्माण के लिए एक निर्माण समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष महंत अवध बिहारी दास को बनाया गया। कमेटी का विस्तार करते हुए जय प्रकाश सिंह मुखिया, भृगुनाथ सिंह, डॉ. रामरेश यादव, दूधेश्वर प्रसाद मेहता को उपाध्यक्ष, सिद्धेश्वर विद्यार्थी को सचिव, पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह उर्फ. टूना सिंह सह सचिव, बलबीर कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष, जितेंद्र वर्मा को सह कोषाध्यक्ष, बरुण कुमार सिंह, अरविंद पासवान को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया हैं। निर्माण समिति के अध्यक्ष अवध बिहारी दास ने बताया कि आगामी 6 मार्च 2025 को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया जाएगा। इसमें अधिक श्रद्धालुओं को पहुंचने का आग्रह किया है। बैठक में मुख्य रूप से रंग बहादुर सिंह, गुप्तेश्वर सिंह, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, अरुण कुमार सिंह, अरुण मेहता, मिथिलेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, विक्रमा सिंह, शिवलोक सिंह, विजय सिंह, विंध्याचल सिंह, अरविंद सिंह, अजय कुमार सिंह, कंचन मिश्रा सहित काफी संख्या में धर्मावलंबी मौजूद थे।

## मैट्रिक की परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी पकड़ाया

**सतबरवा।** प्रखंड के बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल कॉलेज में मैट्रिक की परीक्षा में छात्र की जगह पर दूसरे व्यक्ति को फर्जी रूप से परीक्षा देते पकड़ा गया है। सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने निरीक्षण के दौरान छात्र के बदले दूसरे फर्जी तरीके से दे रहे परीक्षा में छात्र को पकड़ा कर पूछताछ की। कॉलेज के प्राचार्य अजय प्रसाद ने बताया कि नवलेज यादव पिता प्रेमचंद यादव रौल नंबर 59 की जगह पर पिंडरा निवासी ललेंद्र यादव पिता प्रेमचंद यादव सामाजिक विज्ञान का परीक्षा प्रथम पाली में देते हुए पकड़ा है। उन्होंने कहा कि दोनों छात्र का चेहरा एक जैसा था। हस्ताक्षर से मैच कराने पर फर्जी परीक्षार्थी पकड़ में आया। इस घटना से छात्रों में हड़कंप है।

# महाशिवरात्रि पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** थाना परिसर में मंगलवार को महाशिवरात्रि पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी अंचित कुमार ने की। बैठक में सतबरवा ताबर, झाबर, लहलहे, पोलपोल, बारी, खामडीह के लोग उपस्थित थे। पूजा को सफल व शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर लोगों ने अपनी बातों को बारी-बारी से रखा और आयोजन को सफल बनाने का निर्णय लिया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। कोई बात होने पर तत्काल उन्हें सूचना दें। पुलिस आपको सहयोग करेगी। अफवाहों पर ध्यान न देकर विधि व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग करें। पूजा के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर सुरक्षा मुहैया कराया जाएगा। बैठक में विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, वैद राजेश मिश्रा, समाजिक कार्यकर्ता निर्दोष प्रसाद समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# पदाधिकारयों ने जनता दरबार में सुनी फरियादियों की समस्याएं

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर मंगलवार को जिला भू अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार व समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडो से आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई। जनता दरबार में लगभग 20 आवेदन प्राप्त हुए। जिला भू अर्जन पदाधिकारी व समाज कल्याण पदाधिकारी ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्याएं को सुना और उनके आवेदन को संबंधित पदाधिकारी के पास अग्रसारित कर प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। धुरकी के ग्राम बिशुनिया के संतोष कुमार ने बताया कि उनके ग्राम के स्वयं सेवक द्वारा आवास के नाम पर पैसे कि मांग कि जा रही है। नहीं देने पर आवास से नाम काट देने की धमकी देते है। मेराल प्रखंड के ग्राम अकलवानी के एक व्यक्ति ने बताया की रैयति, गैरमजरूआ को रैयति मान्यता देकर अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। ग्राम करुआकला के प्रमोद कुमार तिवारी ने बताया कि उन्होंने छतरपुर पैक्स गढ़वा में धान विक्रय किया, किंतु उसमें उनका अंगूठा नहीं लग पाया, इसकी वजह से उनका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है।

## एक नजर

### तेली साहू महासंगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष बने अजय गुप्ता

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश ने हुसैनाबाद अनुमंडल के नहर मोड़ निवासी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय प्रसाद गुप्ता को झारखंड प्रदेश तेली महासंगठन का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि संगठन से जोड़कर समाज का विकास मेरी पहली प्रथमिकता होगी। किसी भी समाज को विकसित करने व समाज के सभी लोगों को एक मंच पर लाने की जरूरत है, तभी समाज विकसित हो सकता है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा मुझे जो भी जिम्मेवारी दी जाएगी, उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए प्रदेश में संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि झारखंड में तेली महासंगठन को ऊंचाई पर ले जाना मेरी पहली प्रथमिकता होगी। अजय प्रसाद गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर वैश्य समाज के लोगों ने राष्टीय अध्यक्ष मुरारी गुप्ता और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश के प्रति आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में रामदास साहू, रवि कुमार गुप्ता, भोला साव, सीताराम साहू, संजय गुप्ता, महेंद्र साव, विजय गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, शिवपूजन गुप्ता समेत कई लोगों का नाम शामिल हैं।

# झारखंड बोर्ड परीक्षा में कदाचार के आरोप में एक छात्र निष्कासित

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं सोमवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुईं। परीक्षा के दौरान सतबरवा स्थित बीएसएनएम कॉलेज केंद्र में एक छात्र को नकल करते पकड़ा गया, जिसके बाद उसे परीक्षा से निष्कासित कर दिया गया।

कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए प्रशासन सतर्क बोर्ड परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग है। विभिन्न केंद्रों पर उड़नदस्ता टीम, गश्ती दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और स्टैटिक दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं, जो परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी कर रहे हैं। सतबरवा सीओ सह दंडाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी के तहत नकल करते पकड़े गए छात्र को निष्कासित कर दिया गया। मैट्रिक परीक्षा के लिए 76 परीक्षा केंद्र बनाए गए। इंटर परीक्षा के लिए 40 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए। मैट्रिक परीक्षा में 34,665 में से 34,430 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 235 छात्र अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट परीक्षा में 3,979 में से 3,925 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 54 छात्र अनुपस्थित रहे।

## मैट्रिक परीक्षा केंद्रों का सीओ ने किया निरीक्षण

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में मंगलवार को जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा सामाजिक विज्ञान की परीक्षा कदाचार मुक्त हुई। 286 छात्र-छात्राओं में तीन छात्र अनुपस्थित रहें। उड़न दस्ता टीम के चिनियां सीओ उमेश्वर यादव ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। परीक्षा से पूर्व मुख्य गेट पर सीओ पर्यवेक्षिका, पुलिस और शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों का बारीकी से जांच किया। सीओ ने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं में सीसीटीवी कैमरे का भी जायजा लिया। साथ ही केंद्राधीक्षक सहित परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों व शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। बता दें कि चिनियां मुख्यालय के प्लस टू उच्च विद्यालय में मैट्रिक का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रखंड के पांच विद्यालयों के कुल 283 छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। उड़ा दस्ता टीम के मजिस्ट्रेट के रूप में सीओ उमेश्वर यादव, दंडाधिकारी संजय कुमार मेहता, केंद्राधीक्षक मंसूर अंसारी को कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए पदस्थापित किया गया है।

# संत मरियम स्कूल के दो खिलाड़ी नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप के लिए चयनित

## गुंटूर में होगा मुकाबला, जिले के लिए गर्व की बात : चेयरमैन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड तीरंदाजी संघ द्वारा जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित स्टेट ट्रायल में पलामू जिला तीरंदाजी संघ के पांच खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इनमें से संत मरियम स्कूल के दो छात्र झ प्रीतम राज और विशाल कुमार ने मिनी नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप के लिए चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया। यह नेशनल चैंपियनशिप 20 से 25 मार्च तक गुंटूर, आंध्र प्रदेश में आयोजित होगी। इस उपलब्धि पर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पलामू जैसे दूरस्थ जिले के लिए यह गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और अन्य क्षेत्रों में भी निपुण बनाना आज की जरूरत है, और विद्यालय इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। विद्यालय प्रबंधन ने चयनित खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

## जिला कौशल विकास व अनुश्रवण समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

# कौशल विकास अभियान तेज करने के निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला कौशल विकास एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों को अपने स्तर पर कौशल विकास की कार्य योजना तैयार करने और इसे अभियान के रूप में संचालित करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि पलामू जिले में उद्योग, होटल, व्यवसाय, मॉल सहित रोजगार के अन्य साधन मौजूद हैं, जिन्हें ध्यान में रखते हुए कौशल विकास केंद्रों में लोगों को प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर जिले के अंतिम व्यक्ति तक इस योजना की जानकारी पहुंचाई जाए, जिससे ज्यादा से ज्यादा युवाओं को इसका लाभ मिल सके। श्रम अधीक्षक-सह-जिला कौशल पदाधिकारी एतवारी महतो ने बताया कि पलामू जिले में वर्तमान में 2 दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र (आवासीय), 10 सक्षम कौशल केंद्र (आवासीय) और 2 बिरसा कौशल केंद्र (गैर-आवासीय) संचालित हैं। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के माध्यम से झारखंड के युवाओं को स्वरोजगार, उद्यमशीलता और कुशलता विकसित कर रोजगार क्षमता बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। यूएनडीपी के परियोजना सहायक ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र और सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रखंड स्तर पर 14 केंद्र संचालित हैं, जहां डाटा एंट्री ऑपरेटर, वेयरहाउस एसोसिएट, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और जनरल ड्यूटी असिस्टेंट सहित अन्य ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाता है। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी और कौशल विकास केंद्रों के संचालक उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

### बालू घाटों का...

मंत्री ने विपक्ष से पूछा कि बालू की किल्लत से किसका घर नहीं बन रहा है बताया जाए। सरकार उसके घर बालू पहुंचाने का काम करेगी. उन्होंने बीजेपी विधायक सी पी सिंह से कहा कि राज्य में 21 लाख सीएफटी बालू जेएसएमडीसी के पास उपलब्ध है कोई भी ऑनलाइन अपलाई कर बालू का उठाव कर सकता है. मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सदन में कहा कि राज्य के 573 लोगों को 1 लाख 63 हजार सीएफटी बालू फ्री में दिया गया है। । प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गाइड किया।

### जैक पेपर लीक...

तीन छात्रों ने की थी स्ट्रांग रूम से प्रश्न पत्र की चोरी : कोडरमा पुलिस ने अपने अनुसंधान में पाया है कि हिरासत में लिए गए सभी छात्र पढ़ाई के साथ-साथ मजदूरी भी किया करते थे। इन्हीं लोगों ने स्ट्रांग रूम से प्रश्न पत्र की चोरी की थी। गिरिडीह के न्यू बरगंडा से मंगलवार सुबह ही छह छात्रों को कस्टडी में लिया गया।

### दिल्ली की अदालत...

एसआईटी ने आरोप लगाया कि सज्जन कुमार ने भीड़ को हमला करने के लिए उकसाया, जिसके बाद भीड़ ने सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुणदीप सिंह को जिंदा जला दिया और उनके घर के सामान लूट लिए। इस दौरान उनका घर भी जला दिया गया था। इस हमले में घर के कई लोग घायल भी हुए थे। पीड़ित परिवार की मदद करने वाले समाजसेवी सोनू जंडियाला ने आईएएनएस से बातचीत में आरोपी के लिए फांसी की सजा की मांग की थी। उन्होंने बताया था कि टायरों में आग लगाकर जसवंत सिंह और तरुणदीप सिंह के गले में टांग दिया गया था। उन्होंने कहा था, आज बहुत से लोग इस दुनिया में नहीं रहे। उनकी आत्मा को शांति मिले, इसलिए जरूरी है कि इन लोगों को फांसी की सजा सुनाई जाए। इन पापियों के पाप का घड़ा भर चुका है। पहले तो आस ही मर चुकी थी, लेकिन अब आस जगी है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1 नवंबर 2023 को सज्जन कुमार का बयान दर्ज किया था। उन्होंने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया था। इन दंगों में सिख समुदाय के हजारों लोगों को निशाना बनाया गया था।

### आप की शराब...

थोक का लाइसेंस शराब वितरक और शराब निमार्ता कंपनियों को भी दे दिया गया। नीति में कोई भी निजी कंपनी रिटेल लाइसेंस ले सकती है। कैग रिपोर्ट में लाइसेंस उल्लंघन की भी बात सामने आई। नई शराब नीति दिल्ली आबकारी नियम, 2010 के नियम 35 को लागू करने में असफल रही, जिसके कारण ऐसे थोक विक्रेताओं को लाइसेंस दिए गए जो मैन्युफैक्चरिंग में इंटरेस्टेड थे या रिटेलर्स से संबंध रखते थे। इससे पूरी लिकर सप्लाई चैन प्रभावित हुई, जिसमें मैन्युफैक्चरिंग, होलसेलर और रिटेल के लाइसेंस के बीच कॉमन बेनिफिशियल ओनरशिप हो गई। शराब नीति ने एक आवेदक को 54 शराब की दुकानों तक संचालित करने की अनुमति दी, पहले सीमा 2 थी। इससे एकाधिकार और कार्टेलाइजेशन के रास्ते खुल गए। पहले, सरकारी निगम 377 रिटेल वेंड का संचालन करते थे, जबकि 262 निजी व्यक्तियों द्वारा चलाए जा रहे थे। नई पॉलिसी के तहत 32 रिटेल जोन बनाए गए, जिसमें 849 वेंड शामिल थे। लेकिन केवल 22 निजी संस्थाओं को लाइसेंस दिए गए, जिससे ट्रांसपेरेंसी और फेयरनेस कम हो गई। कैग की रिपोर्ट में बताया गया कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने लाइसेंस देने से पहले किसी की आर्थिक या आपराधिक जांच नहीं की। लिकर जोन के लिए 100 करोड़ के निवेश की जरूरत होती थी, लेकिन नई पॉलिसी में इसका कोई ध्यान नहीं रखा गया। कैग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि शराब लाइसेंस देने में राजनीतिक दखल और भाई-भतीजावाद भी किया गया।

### भारी मात्रा में...

अभियान में नक्सलियों के खिलाफ कारतूस समेत कई हथियार बरामद किए गए हैं। बता दें कि इससे पूर्व के दिनों में अभियान के क्रम में गोईलकेरा थाना अंतर्गत बोंगासिउ के आस-पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में एक पुराने नक्सली डंप को सुरक्षाबलों के द्वारा ध्वस्त किया गया था। इस डंप से कई हथियार, कारतूस व अन्य सामग्री बरामद की गई थी। इसे देखते हुए लगातार नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ में रामलीला मंचन से गूंजा क्षेत्र

# महाशिवरात्रि पर दो दिवसीय मेले की तैयारियां पूरी, श्रद्धालुओं में उत्साह



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के जोड़ ग्राम स्थित शिव मंदिर प्रांगण में रामचरित मानस नवाह पारायण पाठ महायज्ञ का 38वां अधिवेशन जारी है। महायज्ञ के नवें दिवस पर आयोजित रामलीला मंचन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्री बाबा बैजनाथ आदर्श रामलीला मंडली (जनकपुर, मिथिला धाम, दरभंगा) के कलाकारों ने श्रीराम के वनवास की कथा का प्रभावशाली मंचन किया। रामलीला के दौरान राक्षस ●खर-दूषण वध, सुपर्णखा की नाक काटने और माता सीता के हरण जैसी प्रमुख घटनाओं का जीवंत प्रदर्शन किया गया। रामलीला की प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

**महाशिवरात्रि पर पारंपरिक मेले की तैयारियां पूर्ण**

महाशिवरात्रि के अवसर पर जोड़ ग्राम में हर वर्ष पारंपरिक मेले का आयोजन किया जाता है, जो पिछले पांच दशकों से जारी है। इस वर्ष भी यज्ञ कमेटी ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मनोरंजन के लिए चरखा झूला, ब्रेक डांस, नाव और ट्रेन गाड़ी जैसी विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूजा स्थल पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। मेले में सजावटी और खाद्य पदार्थों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष अनुज मिश्रा ने बताया कि मेला क्षेत्र में दुकानों की लाइनिंग पूरी कर ली गई है और आने-जाने के रास्तों को सुव्यवस्थित किया गया है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे परिसर में यज्ञ कमेटी के वालंटियर तैनात रहेंगे।

## अवैध मवेशी तस्करी में एक गिरफ्तार, 11 मवेशी जब्त



**रामगढ़ (पलामू)।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के हुटार पंचायत अंतर्गत मायापुर गांव के पास पुलिस ने अवैध रूप से मवेशी ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रामगढ़ थाना प्रभारी ओम प्रकाश शाह ने बताया कि सोमवार दोपहर 2 से 3 बजे के बीच स्थानीय लोगों ने हुटार पीकेट प्रभारी मोहम्मद सलीम को सूचना दी थी कि कुछ लोग क्रूरता पूर्वक मवेशियों को हांककर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मवेशी तस्करों का पीछा किया और एक व्यक्ति को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लातेहार जिले के मारवाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पोखरी कला गांव निवासी, स्वर्गीय मलकान मियां के 66 वर्षीय पुत्र रजाक अंसारी के रूप में हुई। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि रामगढ़, हुटार, चांदों के रास्ते मवेशियों को सतबरवा बेचने के लिए ले जाया जा रहा था।

# महाशिवरात्रि पर डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरिया।** थाना परिसर में महाशिवरात्रि पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह ने की। बैठक में जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में होने वाले पूजा व कार्यक्रम पर चर्चा की गई। शांतिपूर्ण तरीके से महाशिवरात्रि पूजा क्षेत्र में मनाने का निर्णय लिया गया। एसडीपीओ साइबर फ्रॉड, साइबर अरेस्ट व विभिन्न प्रकार की साइबर अपराधों के विषय में जागरूक किया। साथ ही सभी जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में जाकर इस संबंध में लोगों को जागरुक करने की बात कही। शिवरात्रि पूजा में डीजे साउंड संचालक को सख्त निर्देश दिया कि उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देश का सख्ती से पालन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीजे साउंड पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। पूजा के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर सीओ राकेश भूषण सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार, जिप सदस्य हिरवन्ती देवी, प्रखंड प्रमुख रुक्मणी कुमारी, उप प्रमुख श्रद्धा देवी, मुखिया विनय सिंह, मोनिका खाखा, समाज सेवी सुशील सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे।

## ईरान में अफगान शरणार्थियों का बुरा हाल, पुलिस एक्शन और प्रतिबंधों ने बढ़ाई मुश्किलें



**तेहरान (आईएएनएस)।** ईरान ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में अफगान प्रवासियों को हिरासत में लेने के लिए एक और कार्रवाई शुरू की। ईरानी सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईएसएनए के अनुसार, चाबहार के पुलिस कमांडर मोहम्मद शबिक ने घोषणा की कि ईरानी बंदरगाह शहर में 123 अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले, अफगान सीमा के पास उत्तरी सिस्तान और बलूचिस्तान के एक जिले हिरमंद में अधिकारियों ने 152 अफगान प्रवासियों को गिरफ्तार किया था। प्रमुख अफगान मीडिया आउटलेट अमू टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में अफगान शरणार्थियों ने बार-बार ईरानी सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण दुर्व्यवहार और चुनौतियों का सामना करने की घटनाओं की सूचना दी है।

**कनाडा के नए वीजा नियम**

## अधिकारियों को मिले ज्यादा अधिकार, भारतीय छात्रों और कामगारों पर पड़ेगा असर

**ओटोवा (आईएएनएस)।** प्रवासन को रोकने के लिए कनाडा के नवीनतम कदम भारत सहित हजारों विदेशी छात्रों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। इसका उन लोगों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा जो वर्क और रेजिडेंट परमिट के लिए आवेदन करते हैं। यह नए नियम फरवरी की शुरुआत से प्रभावी हो गए हैं और इनके तहत कनाडाई बॉर्डर अधिकारियों को [यदि वे ऐसा करना जरूरी समझें] - छात्रों, कामगारों और प्रवासियों के वीजा स्टेट्स में किसी भी समय बदलाव करने की शक्तियां मिल गई हैं। नए इमिग्रेशन और शरणार्थी संरक्षण विनियमों के तहत, कनाडाई बॉर्डर कर्मियों को अब अस्थायी निवासी दस्तावेजों जैसे इलेक्ट्रॉनिक यात्रा प्राधिकरण या ईटीए और अस्थायी रेजिडेंट वीजा या टीआरवी को अस्वीकार करने की शक्तियां प्रदान की गई हैं। इसका मतलब यह है कि सीमा अधिकारी अब ऐसे डॉक्यूमेंट्स को रद्द कर सकते हैं, जिनमें वर्क परमिट और स्टूडेंट वीज़ा शामिल हैं।

## कांगो संकट को लेकर सवालों के घेरे में रवांडा, ब्रिटेन का किगाली के खिलाफ बढ़ा कदम

**लंदन (आईएएनएस)।** ब्रिटेन ने मंगलवार को कहा कि वह रवांडा को दी जाने वाली कुछ द्विपक्षीय सहायता रोक देगा और पड़ोसी कांगो के संकट में किगाली की भूमिका के कारण उस पर अन्य राजनयिक प्रतिबंध लगाएगा। रवांडा पर इस समय वैश्विक दबाव है। उस पर आरोप है कि वह एम23 समूह का समर्थन करता है, जिसने जनवरी से ही गोमा और बुकावु शहरों सहित पूर्वी कांगो के बड़े हिस्से और बहुमूल्य खनिज भंडारों पर कब्जा कर लिया है। किगाली ने इस एम23 समूह को समर्थन देने से इनकार किया है, लेकिन कहा कि उसके अपने सैनिक कांगो स्थित शत्रुतापूर्ण समूहों के खिलाफ आत्मरक्षा में कार्रवाई कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटिश सरकार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि जब तक शत्रुता समाप्त करने में महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हो जाती और कांगो क्षेत्र से सभी रवांडा रक्षा बलों की वापसी नहीं हो जाती, तब तक ब्रिटेन कार्रवाई करता रहेगा।

### एडवांटेज असम 2.0 समिट का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

# भारत के 140 करोड़ लोगों पर दुनिया को भरोसा : प्रधानमंत्री

- **मैं असम सरकार को हिमंत बिस्वा सरमा की पूरी टीम को इस भव्य आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई**

**गुवाहाटी (आईएएनएस)**



**पीएम मोदी ने इस समिट का शुभारंभ किया**

बता दें कि इस दो दिवसीय समिट निवेश और बुनियादी ढांचे पर केंद्रित है, जिसमें 60 से अधिक देशों के राजदूत और मिशन प्रमुख हिस्सा ले रहे हैं। यह आयोजन केंद्र सरकार की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' से जुड़ा हुआ है। मंगलवार को पीएम मोदी ने इस समिट का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा शामिल हुए। इनके अलावा अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी, रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी और टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखर जैसी उद्योग जगत की जानी-मानी हस्तियों ने भी शिरकत की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी में एडवांटेज असम 2.0 समिट का उद्घाटन किया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को बधाई देते हुए भारत के विकास में पूर्वोत्तर के विकास को भी रेखांकित किया। पीएम मोदी ने कहा, आज जब भारत विकसित होने की तरफ बढ़ रहा है, तो एक बार फिर हमारा ये नॉर्थईस्ट अपना सामर्थ्य दिखाने जा रहा है। मैं असम सरकार को हिमंत बिस्वा सरमा की पूरी टीम को इस भव्य आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा, मुझे याद है, 2013 में इलेक्शन कैंपेन के लिए असम का दौरा कर रहा था, तो एक सभा में मेरे मन से सहज ही एक शब्द निकला था। मैंने कहा था, 'वह दिन दूर नहीं जब लोग अल्फाबेट पढ़ाना शुरू करेंगे और कहेंगे 'ए से असम होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, आज हम सभी वैश्विक परिस्थितियों को बहुत बारीकी से देख और समझ रहे हैं। ग्लोबल अनसर्टेनिटी (वैश्विक अस्थिरता) के बीच भी दुनिया के तमाम एक्सपर्ट्स के भीतर एक बात को लेकर सर्टेनिटी (स्थिरता) है, और वह सर्टेनिटी है भारत की तेज ग्रोथ को लेकर। भारत पर इस भरोसे का बहुत ठोस रीजन है। आज का भारत आने वाले 25 साल और 21वीं सदी के लांग टर्म विजन को ध्यान में रखकर एक के बाद एक कदम उठा रहा है। पीएम ने आगे कहा, दुनिया का भरोसा आज भारत की युवा आबादी पर है, जो बहुत तेजी से ट्रेंड हो रही है और इनोवेशन कर रही है।

दुनिया का भरोसा भारत के उस मध्यम वर्ग पर है, जो गरीबी से निकलकर नई एनर्जी के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया का भरोसा भारत के उन 140 करोड़ लोगों पर है, जो राजनीतिक स्थिरता और निरंतरता को सपोर्ट कर रहे हैं। दुनिया का भरोसा भारत की उस गवर्नेंस पर है, जो लगातार स्ट्रांग हो रही है। उन्होंने कहा, आज भारत लोकल सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा है। आज भारत दुनिया के डिफरेंट रीजन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट कर रहा है। ईस्ट एशिया के साथ हमारी कनेक्टिविटी लगातार सशक्त हो रही है।

## आतिशी समेत 14 विधायक पूरे दिन के लिए सदन से निलंबित

**अंबेडकर मामले पर कर रहे थे हंगामा**



- **अंबेडकर मामले पर कर रहे थे हंगामा**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

नई दिल्ली में राजनीतिक उठा-पटक लगातार जारी है। दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को सदन के दूसरे दिन दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण के दौरान आम आदमी पार्टी के विधायकों ने जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया और बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह की फोटो को कई दफ्तरों से हटाए जाने का विरोध किया। इसके बाद आतिशी समेत करीब 14 विधायकों को पूरे दिन के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया है और सभी निलंबित विधायक दिल्ली विधानसभा के बाहर आकर धरने पर बैठ गए हैं। आम आदमी पार्टी के विधायक हाथों में बाबासाहेब की फोटो लेकर बैठे हुए हैं और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ल्ली विधानसभा के सदन का आज दूसरा दिन है। आज एलजी के अभिभाषण के बाद यहां पर सीएजी रिपोर्ट को सदन में सभी के समक्ष रखा जाएगा और उस पर चर्चा होगी। बताया जा रहा है कि उसमें मुख्य 14 पॉइंट ऐसे हैं जिन पर आम आदमी पार्टी पर भाजपा हमलावर हो सकती है।

इसमें नई शराब नीति, अरविंद केजरीवाल के 'शीश महल', परिवहन विभाग में हुई गड़बड़ियों और मोहल्ला क्लीनिक के अहम पॉइंट शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक आतिशी, विशेष रवि, सुरेंद्र सिंह, मुकेश अहलावत, अनिल झा, चौधरी जुबेर अहमद, वीर सिंह, कुलदीप कुमार समेत करीब 14 विधायक हैं जिनको सदन से पूरे दिन के लिए निलंबित किया गया है।

## बांग्लादेश में बढ़ रहे अपराध सवालों के घेरे में यूनुस सरकार

- **इस साल जनवरी में अलग-अलग पुलिस थानों में कम से कम 294 हत्या के मामले दर्ज किए गए**

**ढाका (आईएएनएस)**



बांग्लादेश में अपराध दर खतरनाक दर से बढ़ रही है। पुलिस के आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी में हत्या, अपहरण, डकैती, सेंधमारी और चोरी के मामलों में देश भर में वृद्धि देखी गई और आंकड़े पिछले छह वर्षों की तुलना में सबसे खराब है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह आंकड़े अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के इस दावे के बिल्कुल विपरीत है कि बांग्लादेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति 'संतोषजनक' है। पुलिस मुख्यालय के आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल जनवरी में अलग-अलग पुलिस थानों में कम से कम 294 हत्या के मामले दर्ज किए गए।

देश के प्रमुख अखबार 'द डेली स्टार' की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले छह वर्षों के मासिक अपराध आकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि जनवरी 2025 में एक महीने में सबसे ज्यादा लूटपाट और डकैती की घटनाएं हुईं, जिसमें 242 घटनाएं दर्ज की गईं। पुलिस के आंकड़े यह भी बताते हैं कि पिछले साल दिसंबर और नवंबर में लूटपाट, डकैती, अपहरण की घटनाओं में भी पिछले पांच सालों में इन्हीं महीनों की तुलना में वृद्धि देखी गई। सरकार के इस दावे की आलोचना करते हुए कि कानून और व्यवस्था सामान्य है, बांग्लादेश में अपराध विज्ञान के एक प्रोफेसर ने सवाल किया, क्या ये अपराध, जो जनता में डर पैदा कर रहे हैं, वास्तव में संतुष्टि का संकेत हैं? डेली स्टार ने प्रोफेसर के हवाले से कहा कि बांग्लादेश में लोग हत्या, चोरी, लूटपाट या डकैती का शिकार बनने के डर में जी रहे हैं। सरकार उदासीन है और उसे नहीं पता कि मौजूदा स्थिति से कैसे निपटा जाए। एक अलग घटनाक्रम में, रविवार रात को ढाका के विभिन्न हिस्सों में कुछ ही घंटों के भीतर कई हिंसक अपराध की खबरें आईं।

बदमाशों द्वारा बंदूकों और चाकूओं से निवासियों पर हमला करने के वीडियो वायरल हुए जिसके बाद कई लोगों ने कानून प्रवर्तन की नाकामी पर अपना आक्रोश व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। ढाका के बाहर भी स्थिति उतनी ही अस्थिर बताई जा रही है, जहां कानून और व्यवस्था की स्थिति खराब है। इससे नागरिकों में भय और असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है, लोग बाहर निकलने से भी बच रहे हैं।

**गाजा में पोलियो वैक्सीन अभियान**

## दो दिनों में 4,54,000 से अधिक बच्चों को पिलाई गई दवा

- **इजरायल द्वारा फिलिस्तीनी क्षेत्रों में हाल ही में यूएनआरडब्ल्यूए की गतिविधियों पर लगाए गए**

**गाजा (आईएएनएस)**



फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने बताया कि उसने पिछले दो दिनों में गाजा पट्टी में 454,000 से ज्यादा बच्चों को पोलियो वैक्सीन की ख़ुराकें पिलाई हैं। नियर ईस्ट में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा, "इस बड़े पैमाने के अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में चल रही मानवीय चुनौतियों के बीच बच्चों को बीमारी के खतरों से बचाना है। यूएनआरडब्ल्यूए ने बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा और उनकी इम्युनिटी को मजबूत करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया। यूएन एजेंसी ने बताया कि उनकी मेडिकल टीमों ने स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर 24 घंटे काम किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वैक्सीन की खुराक सभी बच्चों तक पहुंचे सकें।

महामारी को रोकने में टीकाकरण के महत्व को बताते हुए यूएनआरडब्ल्यूए ने परिवारों से स्वास्थ्य टीमों के साथ सहयोग जारी रखने की अपील की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर बच्चे को वैक्सीन की खुराक मिले। यह अभियान एजेंसी के बड़े स्वास्थ्य कार्यक्रम का हिस्सा है, जो गाजा और अन्य क्षेत्रों में फिलिस्तीनी शरणार्थियों को प्राथमिक और रोकथाम वाली चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है। इजरायल द्वारा फिलिस्तीनी क्षेत्रों में हाल ही में यूएनआरडब्ल्यूए की गतिविधियों पर लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद एजेंसी गाजा के लोगों को मानवीय सेवाएं देना जारी रखे हुए हैं। यूएनआरडब्ल्यूए के मीडिया सलाहकार अदनान अबू हस्ना ने कहा कि एजेंसी ने सभी चुनौतियों के बावजूद अपने मिशन को पूरा करने का ठान लिया है। उन्होंने यूएनआरडब्ल्यूए को फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए एक जीवन रेखा बताया, जो उन्हें जरूरी सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अक्टूबर 2024 में इजरायली संसद ने दो कानून बनाए। इनमें से एक कानून यूएनआरडब्लूए के गाजा और देश में काम करने पर प्रतिबंध लगाता है।

## बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था के लिए अभूतपूर्व चुनौतियां पेश करेगा "पारस्परिक टैरिफ"

**बीजिंग (आईएएनएस)**

अमेरिका ने अपने व्यापारिक साझेदारों पर "पारस्परिक शुल्क" लगाने का प्रस्ताव दिया है, जिससे वैश्विक व्यापार युद्ध हो सकता है। यदि ऐसा हुआ तो बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था को अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के वरिष्ठ अर्थशास्त्री लियांग क्वोयोंग ने हाल ही में चीनी समाचार एजेंसी सिन्हुआ के संवाददाता के साथ एक लिखित साक्षात्कार यह बात कही।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 13 फरवरी को एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसमें संबंधित विभागों को प्रत्येक विदेशी व्यापार साझेदार के साथ "पारस्परिक टैरिफ" निर्धारित करने की आवश्यकता बताई गई।

## विस्थापित अफगानों की मदद के लिए जापान व यूएनएचसीआर ने मिलाया हाथ

**काबुल (आईएएनएस)**

जापान और संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने जबरन विस्थापित और वापस लौटे अफगानों की मदद के काबुल में एक नए समझौते पर हस्ताक्षर किए। जापान सरकार और यूएनएचसीआर ने सोमवार को एक परियोजना के लिए 6 मिलियन डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत जबरन विस्थापित अफगानों, वापस लौट आए शरणार्थियों के साथ साथ-साथ उनका समर्थन करने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण आजीविका के अवसरों उपलब्ध कराया जाएगा।

नई परियोजना की फंडिंग जापान सरकार ने जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) के जरिए की है।

## सीरियाई सेना के ठिकानों पर इजरायल की छापेमारी, हथियार किए जब्त

**यरूशलेम (आईएएनएस)**



इजरायली सेना ने सीरियाई सेना के ठिकानों पर छापेमारी कर वहां से हथियार जब्त या नष्ट कर दिए। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा, छापेमारी के दौरान पैराट्रूपर्स ब्रिगेड के सैनिकों को सीरियाई सेना द्वारा छोड़ी गई राइफलें, गोला-बारूद और अन्य सैन्य उपकरण मिले, जिन्हें जब्त या नष्ट कर दिया गया। सेना ने बताया कि दिसंबर से अब तक ऐसे 'दर्जनों' छापे मारे गए हैं, जिनमें कई हथियार बरामद किए गए। 474वीं ब्रिगेड में एक बटालियन कमांडर, जिसका नाम उजागर नहीं किया गया, ने कहा, छापेमारी का मकसद सीरियाई सेना के सभी हथियारों और क्षमताओं को खत्म करना है। उन्होंने बताया कि इन अभियानों के दौरान रॉकेट, विस्फोटक, टैंक और बख्तरबंद वाहन भी पाए गए, जिन्हें नष्ट कर दिया गया। यह बयान इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की उस घोषणा के एक दिन बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायली सेना माउंट हरमोन की चोटी और सीरियाई सीमा के पास बफर जोन में 'अनिश्चित' उपस्थिति बनाए रखेगी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, नेतन्याहू ने दमिश्क के दक्षिणी इलाके को विसैन्यीकृत करने की मांग भी की। पिछले साल दिसंबर में बशर अल-असद की सरकार गिरने के बाद इजरायल ने बफर जोन में जमीनी सेना तैनात कर दी थी।

## मेलबर्न में चाकू से हमला करने के आरोप में चार युवक गिरफ्तार

**सिडनी (आईएएनएस)।** मेलबर्न के उत्तरी इलाके में तीन युवक पर चाकू से हमला किया गया। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस इस मामले में चार किशोरों को गिरफ्तार कर चुकी है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को शाम करीब 7:30 बजे ब्रॉडमेडोज़ (जो मध्य मेलबर्न से 15 किमी उत्तर है) के एक इलाके में एक रिटेल स्टोर की पार्किंग में झगड़ा हुआ और चाकू से हमला किया गया। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस ने 40 और 18 साल के दो लोगों घायल अवस्था में पाया। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी हालत गंभीर थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने घटनास्थल से कुछ किशोरों को भागते हुए देखा। पुलिस की एयर ब्रांच को उस इलाके में भेजा गया, और उन्होंने समूह को एक घर में प्रवेश करते हुए देखा। जासूसों और महत्वपूर्ण घटना प्रतिक्रिया टीम के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर तीन 19 साल के और एक 18 साल के युवक को गिरफ्तार कर लिया, सभी युवक थे।

## ओपिऑइड यूज डिसऑर्डर के इलाज की नई संभावनाएं

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

**नई दवाओं से न्यूरोलॉजी के क्षेत्र में बड़ी प्रगति हो सकती है**



ओयूडी के अलावा, जीएलपी-1 रिसेप्टर आधारित दवाओं पर अन्य बीमारियों के इलाज के लिए भी शोध हो रहा है, जैसे- अल्जाइमर और स्मरण शक्ति से जुड़ी समस्याएं, पार्किंसंस रोग, शराब की लत, तंत्रिका तंत्र संबंधी समस्याएं और इंट्राक्रेनियल हाइपरटेंशन। वैज्ञानिकों को विश्वास है कि जीएलपी-1 रिसेप्टर आधारित नई दवाओं से न्यूरोलॉजी के क्षेत्र में बड़ी प्रगति हो सकती है।

नवीन शोध से पता चला है कि जीएलपी-1 रिसेप्टर का उपयोग अब ओपिऑइड यूज डिसऑर्डर (ओयूडी) के इलाज में किया जा सकता है। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया स्थित कैरन ट्रीटमेंट सेंटर में तीन सप्ताह का एक अध्ययन किया गया, जिसमें 20 मरीजों को शामिल किया गया। अध्ययन में नोवो नॉर्डिस्क की सैक्सेंडा (लिराग्लूटाइड) नाम की दवा का परीक्षण किया गया। ये देखा गया कि यह दवा ओयूडी के इलाज में कितनी असरदार है। यह दवा एक जीएलपी-1 रिसेप्टर एगोनिस्ट है। अध्ययन में यह पाया गया कि सैक्सेंडा न केवल मौजूदा उपचारों के बराबर प्रभावी है, बल्कि इससे ओपिऑइड्स लेने की इच्छा में 40% की कमी भी देखी गई। यह जानकारी ग्लोबलडाटा नामक डेटा और विश्लेषण कंपनी ने दी। जीएलपी-1 रिसेप्टर पर आधारित दवाएं पहले मधुमेह के इलाज के लिए बनाई गई थीं।

ये शरीर में इंसुलिन को बढ़ाती हैं और ग्लूकागोन को नियंत्रित करती हैं, जिससे रक्त शर्करा संतुलित रहता है। ग्लोबलडेटा में फार्मा विश्लेषक जोस ओपडेनकर ने बताया कि जीएलपी-1 रिसेप्टर मस्तिष्क के उस हिस्से में भी होते हैं, जो इच्छा और इनाम (रिवॉर्ड) से जुड़ा होता है। दवा बनाने वाली कंपनियों को इसमें दिलचस्पी है क्योंकि वे अपनी दवाओं का इस्तेमाल करके नशे की लत से छुटकारा दिलाना चाहती हैं। शुरुआती जांचों में दिखा है कि जीएलपी-1आरए, ओयूडी के इलाज के लिए एक नया और आशाजनक तरीका है। अभी, इलाज के तरीके ज़्यादा बदले नहीं हैं और ओयूडी का इलाज फिलहाल पुरानी तौर-तरीको पर ही निर्भर है। ग्लोबलडाटा की रिपोर्ट के अनुसार, ओयूडी के लिए विकसित की जा रही 7 नई दवाओं में से 6 नॉन-ओपिऑइड आधारित हैं। हालांकि, इनमें से कई दवाओं की प्रभावशीलता से जुड़े ठोस आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए, भले ही कुछ नॉन ओपियोइड पाइपलाइन में है, लेकिन बहुत असरदार नॉन ओपियोइड दवाओं की अभी भी कमी है, और यह एक बड़ा मौका है।

